वार्षिक प्रतिवेदन
ANNUAL REPORT
2022



ICAR
NATIONAL INSTITUTE OF BIOTIC STRESS MANAGEMENT
Rendering solution to biotic stresses

भाकृअनुप - राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान
बरोंडा, रायपुर - 493 225, छत्तीसगढ़

ICAR-NATIONAL INSTITUTE OF BIOTIC STRESS MANAGEMENT
Baronda, Raipur - 493 225, Chhattisgarh

ICAR-National Institute of Biotic Stress Management
Baronda, Raipur - 493 225, Chhattisgarh, India
Tel. No. : +91-771-2277333
E-mail : director.nibsm@icar.gov.in
Website : http://nibsm.icar.gov.in

Citation
Annual Report 2022. ICAR-National Institute of Biotic Stress Management
Raipur-493 225, Chhattisgarh, India, pp. 1-121

Published by
Director
ICAR-NIBSM, Raipur - 493 225
Chhattisgarh, India

Compiled and edited
R. K. Murali Baskaran
P. Mooventhan
Mallikarjuna, J.
Mamta Choudhary
K.C. Sharma (Hindi Translation)

Cover page pictures
Front cover
Centre : Tricho card
From Top :
Fall armyworm
Pigeonpea spotted pod borer
Wheat white ear
Tobacco cutworm
Rice yellow stem borer
Rice leaf folder

Printed by
Shri Creation
Raipur, Chhattisgarh
Phone: +91 92291-81444, 94252-45035

ANNUAL REPORT 2022

Contents

From The Director's Desk i

निर्देशक की कलम से iii

Executive Summary v

विशिष्ट सारांश ix

परिचय 1

अनुसंधान उपलब्धियाँ 3

राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान शिक्षा प्रकोष्ठ 20

संस्थान द्वारा आयोजित गतिविधियां 23

Introduction 33

Vision, Mission, Mandates, Objectives 35

Organizational Structure 36

Weather Report 37

Research Highlights 38

Education 78

Institute Activities 82

Outreach activities under SCSP, TSP & NEH 94

Workshops/symposia/seminars/trainings 104

Publications 107

Awards and Recognition 112

Joining/Relieving of staff 113

Budget 114

Institute Governing Committees 115

Personalia 117

List of Research Projects 118

FROM THE DIRECTOR'S DESK



The vision of the ICAR-National Institute of Biotic Stress Management, which was founded in Raipur, Chhattisgarh state during the 12th Five Year Plan, is to successfully reduce biotic pressures for improving farm prosperity. The ICAR-updated NIBSM's mission is to do 1) Basic, strategic, and adaptive research on biotic stressors in crops, and 2) Quality human resource development for academic excellence, linkage with various stakeholders for technology management, and policy support research.

Six externally sponsored research projects and 25 institute-supported projects were conducted during the reporting year. Gene-pool profiling and alien introgressions, non-host resistance, whitefly genetic groups, kairomones, stress-induced promoters and super-donors, epigenetic regulation, bacteriophages and Chromobacterium as biocontrol agents, and endophytes are just a few of the research leads discovered through various projects. In addition, a few technologies are undergoing evaluation at different stages which include the use of kairomons to increase the effectiveness of biocontrol, Silicon-mediated tolerance to the wheat pink stem borer, Endophytes to increase tolerance to biotic stress and drought, and Native *Bacillus thuringiensis* for the control of Lepidoptera insects.

To conduct various fundamental and strategic research related to biotic stress management, work is being done at NIBSM to create four cutting-edge facilities, including i) Molecular biology and genome editing laboratory, ii) Chemical ecology laboratory, iii) Pest and pathogen genetic resources, and iv) Pest and pathogen monitoring unit. The increase in the average NAAS rating from 5.94 to 8.44 between 2017 and 2022 is evidence of the contributions made by NIBSM scientists to the publication of research in peer-reviewed journals. With a budget of Rs. 26.31 lakhs, the NIBSM has been awarded a NASF-sponsored research project to study agripreneurship for sustainable agricultural development: technological and institutional innovations and strategies.

With ICAR-IARI, New Delhi, the NIBSM, a Deemed to be University, has started an academic programme for the academic year 2020–21 during which eight students from six different disciplines have finished their theses. The second group of 16 students admitted to NIBSM in 2021–22 has been working on their theses. In order to advance student training and high-caliber postgraduate research in cutting-edge fields, the NIBSM has inked MOUs with two institutions, namely *Rajmata Vijayaraje Scindia Krishi Vishwavidyalaya* (RVSKW), Gwalior (MP), and Ravishankar University, Raipur.

Nine webinars/seminars in total were held at the national and international levels to reorient the understanding of scientists of NIBSM on new fields in biotic stress research. These webinars/seminars may have helped the scientists create joint research projects on biotic stress mitigation. On the eve of *Azadi Ka Amruth Mahotsav*, a series of five lectures focused on managing biotic stress were held.

Farm will be divided into experimental plots, sick plots, horticultural blocks, gene gardens, sensor-based irrigation, micro-irrigation system, natural farming, and organic formation as part of the NIBSM farm modernization project. Recent improvements include the addition of 20 lakhs worth of text books, e-books, and e-journals to the NIBSM library, the installation of a 535 KW solar panel, the opening of a residential dispensary, wi-fi connections to the main buildings, school buildings, and hostels, and a farmers' residential training hostel. A few student-related facilities, such as a gymnasium, a football field, a volleyball court, a basketball court, and indoor activities, are now being built.

Through the management of FFP and DBT Biotech KISAN, NIBSM has contributed to improving the standard of living for SC and ST farmers in Chhattisgarh. For the benefit of 457 women farmers and 818 village youths, a total of 38 trainings, 46 demonstrations, three front line demonstrations, and one field day were held. Two success stories were published and 14 innovations were made popular.

The NIBSM scientists are applauded for their accomplishments in the TSP and SCSP plan projects, where a farmers residential training hostel was dedicated. The introduction of premium rice varieties and exposure trips to FFP-adapted communities to learn about cutting-edge agricultural methods and success stories benefited many hundreds of SC and ST farmers. For the benefit of 285 farmers, NEH organised a five-day training course on the production of wild honey, scientific fish farming, vegetable cultivation, poultry farming, organic farming, and plant protection for potatoes.

(P. K. Ghosh)
Founder Director & Vice-chancellor
ICAR-NIBSM, Raipur

निर्देशक की कलम से

भाकृअनुप-राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान (रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं./एन आई बी एस एम) की स्थापना 12वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर में की गई थी जिसका उद्देश्य व विज़न फार्म समृद्धता को बढ़ाने के लिए जैविक दबावों को सफलतापूर्वक कम करना है। भाकृअनुप द्वारा रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. के अधिदेश को संशोधित किया गया है तथा संस्थान को (1) फसलों में जैविक दबावों पर मौलिक, कार्यनीतिक एवं जलवायु-अनुकूल अनुसंधान करने और (2) शैक्षिक उत्कृष्टता के लिए गुणत्तात्मक मानव संसाधन विकसित करने तथा प्रौद्योगिकी प्रबंधन एवं नीति सहायता अनुसंधान हेतु विभिन्न हितधारकों से संपर्क-सूत्र स्थापित करने का दायित्व सौंपा गया है।

प्रतिवेदित वर्ष के दौरान छः बाह्य सहायता प्रायोजित अनुसंधान परियोजनाएं और 25 संस्थान द्वारा वित्तपोषित परियोजनाएं चलाई गईं। इन विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से कई अनुसंधान उपलब्धियां (लीड्स) प्राप्त की गईं जिनमें मुख्य रूप से जीन-पूल प्रोफाइलिंग एवं एलियन इंट्रोग्रेसन, गैर-परपोषी प्रतिरोध, सफेद मक्खी आनुवंशिक समूह, केयरोमोन्स, दबाव-प्रेरित प्रोमोटर एवं सुपर डोनर, एपिजेनेटिक रेग्यूलेशन, जीवणुभोजियों (बैक्टीरियोफेजिज) तथा जैवनियंत्रण अभिकारकों के रूप में क्रोमोबैक्टीरियम, और अंतःपादप शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, कुछ प्रौद्योगिकियों का विभिन्न स्तरों पर मूल्यांकन किया जा रहा है जिनमें जैवनियंत्रण अर्थात बायोकंट्रोल की प्रभावकारिता को बढ़ाने हेतु केयरोमोन्स का उपयोग करना, गुलाबी तना बेधक नाशीजीव (पिंक स्टेम बोरर) की सिलिकॉन-समर्थित सहिष्णुता को बढ़ाना, जैविक दबाव एवं सूखापन से सहिष्णुता को बढ़ाने हेतु अंतःपादपों यानी एंडोफाइट्स की प्रभावकारिता को बढ़ाना, और लेपिडोप्टेरा नाशीकीटों के नियंत्रण के लिए देशज बेसिलस थुरिंजिंसिस का उपयोग करना शामिल है।

जैविक दबाव प्रबंधन के संबंध में, विभिन्न मूलभूत एवं कार्यनीतिक अनुसंधान करने हेतु रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. में कार्य जारी है ताकि चार प्रकार की कटिंग एज अर्थात आला सुविधाएं सृजित की जा सकें, यानी कि i) आणविक जीवविज्ञान एवं जीनोम एडिटिंग प्रयोगशाला, ii) रासायनिक पारिस्थितिकी प्रयोगशाला, iii) नाशीजीव एवं रोगजनक आनुवंशिक संसाधन, और iv) नाशीजीव एवं रोगजनक निगरानी इकाई। रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. के वैज्ञानिकों द्वारा पीयर-रिव्यूड जर्नलों में प्रकाशित शोध पत्रों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसका प्रमाण एन ए ए एस (नास) की औसत रेटिंग से देखा जा सकता है, जो 2017 में 5.94 थी जबकि 2022 में यह बढ़कर 8.44 है। रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. को स्थायी कृषि विकास के लिए कृषि उद्यमशीलता का अध्ययन करने हेतु 26.31 लाख रुपये के बजट के साथ एक एन ए एस एफ-प्रायोजित अनुसंधान परियोजना 'प्रौद्योगिकी एवं संस्थानिक नवोन्मेष एवं रणनीतियां' सौंपी गई है।

एक मानद विश्वविद्यालय के रूप में, रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. ने वर्ष 2020-21 शैक्षणिक वर्ष के लिए एक शिक्षा कार्यक्रम को भाकृअनुप-भाकृअसं, नई दिल्ली के साथ शुरु किया है। इस शिक्षा कार्यक्रम के तहत विभिन्न विषयों के आठ छात्रों ने वर्ष के दौरान अपने शोधप्रबंध पूर्ण किए हैं। वर्ष 2021-22 में रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. में दाखिला दिए गए 16 छात्रों का दूसरा समूह अपने शोधप्रबंध पर कार्य कर रहा हैं। छात्रों को उच्चत्तर प्रशिक्षण देने तथा आला क्षेत्रों में तथा उच्च क्षमता वाले स्नातकोत्तर अनुसंधान हेतु, रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. ने दो संस्थानों, अर्थात राजमाता विजयराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय (आर वी एस के डब्ल्यू), ग्वालियर (मध्य प्रदेश) और रविशंकर विश्वविद्यालय, रायपुर के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं।

जैविक स्ट्रेस अनुसंधान के नए क्षेत्रों में अपनी समझ व ज्ञान को बढ़ाने हेतु, रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. के वैज्ञानिकों के लिए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तरों पर कुल मिलाकर नौ वेबिनार/सेमिनार आयोजित किए गए। इन वेबिनारों/सेमिनारों से वैज्ञानिकों को जैविक स्ट्रेस के न्यूनीकरण पर संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं सृजित करने में सहायता मिली होगी। आज़ादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर, जैविक दबाव के प्रबंधन पर केंद्रित रहते हुए पांच व्याख्यानों की एक नई श्रृंखला का आयोजन किया गया।

रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. की फार्म आधुनिकीकरण परियोजना के भाग के रूप में, फार्म को दो परीक्षण भूखंडों, विकृति वाले भूखंडों, बागवानी खंडों, जीन बगीचों, सेंसर-आधारित सिंचाई, सूक्ष्म-सिंचाई प्रणाली, प्राकृतिक खेती, और जैविक खेती में विभाजित किया जाएगा। संस्थान द्वारा वर्ष के दौरान कई उपलब्धियां प्राप्त की गईं जिनमें 20 लाख रूपये की बिक्री की गई पाठ्य पुस्तकें, ई-पुस्तकें, और रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. के पुस्तकालय हेतु ई-जर्नल; एक 535 किलोवाट सोलर पैनल की स्थापना, एक आवासीय औषधालय खोलना, मुख्य भवनों, विद्यापीठ से संबंधित भवनों एवं छात्रावासों में वाई-फाई कनेक्शन की स्थापना, और एक किसान आवासीय प्रशिक्षण गृह की स्थापना शामिल है। कुछ छात्र-संबंधी सुविधाओं, यानी एक व्यायामशाला व जिमनेजियम, एक फुटबॉल मैदान, एक वॉलीवाल कोर्ट, एक बॉस्केट बॉल कोर्ट, और अंतरंग सुविधाओं (इनडोर फैसिलिटीज) का निर्माण कराया जा रहा है।

एफ एफ पी एवं डीबीटी बायोटेक किसान के प्रबंधन के माध्यम से, रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. ने छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों के किसानों के जीवन-यापन की स्थिति में सुधार लाने में योगदान दिया है। 457 महिला किसानों और 818 ग्रामीण युवाओं के हित में, कुल 38 प्रशिक्षण, 46 प्रदर्शन, तीन अग्रपंक्ति प्रदर्शन, और एक खेत दिवस का आयोजन किया गया। दो सफलता गाथाओं का प्रकाशन किया गया और 14 नवोन्मेषों को लोकप्रिय बनाया गया।

टीएसपी एवं एस सी एस पी से संबंधित परियोजनाओं के अंतर्गत रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. के वैज्ञानिकों द्वारा प्राप्त उपलब्धियां सराहनीय हैं। इन परियोजनाओं के तहत एक किसान आवासीय प्रशिक्षण गृह स्थापित किया गया। नई शुरु की गई प्रीमियम धान किस्मों के खेतों और एफएफपी-अंगीकृत समुदायों में एक्सपोजर व ज्ञानवर्धन दौरे किए गए ताकि कटिंग एज अर्थात आला कृषि विधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सके। सफलता गाथाओं का प्रकाशन किए जाने से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सैकड़ों किसान लाभान्वित हुए। 285 किसानों के हित में, एनईएच ने वन्य शहद के उत्पादन, वैज्ञानिक तरीके से मछली पालन, सब्जियों की खेती, मुर्गीपालन, जैविक खेती, और आलू फसल के लिए पादप संरक्षण विधियों पर एक पांच दिवसीय पाठ्यक्रम आयोजित किया गया।

(पी. के. घोष)
संस्थापक निदेशक एवं
कुलपति, भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं., रायपुर

EXECUTIVE SUMMARY

A total of 25 institute funded projects and six externally funded projects sponsored by ICAR-AICRP on Nematodes, ICAR-FFP, DBT and DST were carried out by four schools of ICAR-NIBSM during 2022. The findings and leads obtained from various research projects are summarized hereunder.

School of Crop Health Management Research (SCHMR)

- A flagship programme was initiated to assess the real-time crop losses in rice and wheat due to biotic stress using satellite remote sensing data and machine learning technique. Few basic information including satellite remote sensing (SRS) data from Earth Explorer platform (Sentinel-2; Resolution-10 m; Date of Pass-22.10.2021 & 27.10.2021) were retrieved and pre-processed with base map to extract geometrically corrected image of the study area (Raipur district). Extensive field survey in two different transects was made to collect ground control points in prevailing rice crop during *kharif* 2022. Although several patches of rice crop which were affected due to yellow stem borer (YSB) and brown plant hopper (BPH) were observed but the severity of attack was very low (mostly between 5-10%).

- Plant volatiles induced by herbivores were collected, using suitable adsorbent in volatile trapping unit. Identification of suitable solvents to dissolve maximum number of volatile compounds can reflect on the results while detecting the samples through GC-MS. Out of two solvents used, 22 hydrocarbons, induced by rice yellow stem borer were detected when the absorbent was washed in dichloromethane (DCM) whereas only six hydrocarbons were detected in ethyl acetate (EA). DCM was found comparatively more efficient in collection of volatiles from adsorbent.

- A total of 37 volatile compounds were detected in rice plant, infested with yellow stem borer (YSB+) which included 25 hydrocarbons. Only 15 compounds were detected in rice plant, treated with jasmonic acid (JA+) 5mM, out of which 10 were hydrocarbons. Six compounds including Hexatriacontane, Octacosane, 2-methyl-; 2-Methyl pentacosane, Carbonic acid, decyl pentadecyl ester; Carbonic acid, decyl hexadecyl ester and Carbonic acid, decyl octadecyl ester present in JA induced profile have not appeared in YSB induced profile.

- Twenty selected synthetic form of volatiles induced by YSB+ and JA+ in rice plants were screened at two concentrations of 200 ppm and 500 ppm for their efficacy on parasitic activity of *Trichogramma japonicum*. More than 90% parasitization by *T. japonicum* on *Corcyra* eggs was recorded on 7th day after exposure at 200 and 500 ppm of octadecane, eicosane, 3-methylpentacosane, docosane and n-hexadecanoic acid which was comparable with untreated eggs (92.1% to 64.5%)

- Two rounds of exogenous application of jasmonic acid at 5 mM in chickpea at 10 days intervals on 30th and 40th DAS reduced the larval population by 29.76% and pod damage by 14.83%, besides increasing the yield by 14.83%. Wheat plants were protected from pink stem borer due to two rounds of foliar application of jasmonic acid 5 mM at 10 days intervals on 35th and 45th DAS reduced the dead heart by 34.01% and white ear by 31.17%, besides increasing the yield by 25.78%

- A purple pigment yielding bacterium, *Chromobacterium* sp., was isolated from water samples of fish ponds of Chhattisgarh. Characterization of pigment indicated the present a content, Violacein, which was found to possess wide spectrum anti-fibrotic, anti-inflammatory, anti-oxidant, anti-apoptotic and anti-tumour properties. Species was identified as *Chromobacterium pisceane* through whole

genome analysis of the bacterium. Genome assembly and annotation, antimicrobial resistance genes, and phylogenetic tree were studied. Molecular information generated would be useful to understand the global genomic diversity of *Chromobacterium* spp. A bio-project was opened at NCBI GenBank to deposit information related to whole genome sequencing of *Chromobacterium*.

- In order to elucidate the effect of climate change on one health components, 1145 bacteria isolated in cross-talk project were used as lead materials. The 16S rDNA sequence analysis of bacterial isolates indicated the presence of Gram Negative Bacilli (73%), Gram Positive Bacilli (18%), Gram Positive Cocci (6) and unclassified isolates (4%). Bacterial pathogens causing diseases in plant, animals and humans were identified which belonged to more 90 different genus and species. Taqman based RT-PCR molecular assays were standardized to identify various genes which were responsible for vector borne diseases.

School of Crop Health Biology Research (SCHBR)

- Bacteriophages are being employed as biocontrol agents to manage bacterial diseases of crops. Selected 19 phages found to be promising against rice bacterial leaf blight were identified to possess 8-15 structural proteins in SDS-PAGE assays. All phages possessed ds-DNA as nucleic acid. Genome size of the 16 phages ranged from 43.6 kbp to 203 kbp with number of genes ranging from 56 to 418. A bio-project was started in NCBI to deposit raw data of WGS of 16 phages. Complete genome sequence of bacteriophage vB_XooS_NR08 has been deposited in the NCBI database as SRA accession number SRR19757545.

- Antimicrobial peptides (AMPs), produced by a diverse group of bacteria are being used for biocontrol of phytopathogens. Among nine different plant growth promoting and antagonistic *Bacillus* isolated from rhizosphere soils of chickpea growing areas of Chhattisgarh, *B. carbrialesii* (IS-10) has shown ability to produce biosurfactant type molecules that inhibited growth (50-60%) of chickpea disease causing pathogens such as *F. oxysporum* f. sp. *ciceris* and *F. oxysporum* f. sp. *lycopersici*.

- To study the genomic variations related to stress adaptation in weed species from India twenty-three seed samples of five most important weed species from nine states in India were collected and multiplied at ICAR-NIBSM for genomic characterization.

- Conservation agriculture is an emerging agricultural production system which helps to protect the soil health and environment. In order to generate information on pest status, observations were made at periodical interval in various systems including Rice-wheat-greengram, Maize based, Cotton-wheat and Pigeonpea-wheat, being maintained at ICAR-IARI, New Delhi and ICAR-DWR, Jabalpur. Incidences of key insect pests were noticed in different systems, however the infestation level or population was less than ETL.

- To develop RTPCR based disease diagnostic kit for Phytophthora infection in citrus leaves, an 82 bp large subunit ribosomal RNA gene sequence was synthesized using the standard gene synthesis protocol. For this purpose, two synthetic long oligomers were designed from the consensus sequence of 1752 large subunit ribosomal RNA genes of different *Phytophthora* spp. available in the NCBI.

School of Crop Resistance System Research (SCRSR)

- Isoflavon is responsible to confer resistance

in soybean against yellow mosaic disease. Isoflavon contents were quantified in yellow mosaic disease resistant and susceptible lines of soybean, using HPLC. Various forms of isoflavons were detected in resistant line (CAT-1808) in the higher side while traces of them or no one of them was detected in the susceptible line (CAT-313-A).

- Soybean (cv. DS-9712) was transformed using *Agrobacterium* harbouring the Cas9 vector containing sgRNA (Target-1) to study the gene function for mitigation of crop biotic stress. In PCR diagnosis using *phosphinothricin acetyl transferase* (*PAT*) gene specific primers, the transformants showed only discolouration of chlorophyll while the phosphinothricin (herbicide) painted plants turned with typical burning symptom in seventh day after sowing. In order to confirm Cas9 activity, *IFS gene* was amplified from the T_1 plants and sequenced. Singe base editing (T to C) was observed in *IFS2*.

- To understand the activity of promoter of Isoflavone synthase gene in chickpea against collar rot disease, the upstream region of *Isoflavone Synthase 1* gene of chickpea was cloned and sub-cloned with vectors and finally GUS assay was done after transferring to *Agrobacterium tumefaciens* EHA105. GUS staining was found higher in the infected samples compared to control indicating the inducible nature of IFS1 upon infection of *Sclerotium rolfsii*

- To develop a super donor rice of possessing tolerance to multiple stresses, crosses were made between IRBB-66 and Pita. DNAs of F1 and F2 plants were isolated and tested for the presence of resistant genes for BLB, BPH and blast, using linked molecular markers. Based on literature surveys, gene specific primers were developed and reaction conditions were optimized for PCR based detection of broad spectrum resistance (BSR) genes in the rice germplasm.

- In order to identify potential bacterial endophyte against chickpea soil borne pathogens, 119 bacterial endophytes were isolated from five different tissues of chickpea. Out of them, NIBSM_CaL1 showed the highest inhibition of fungal growth. Bacterial isolates, NIBSM_CaL1, CaS25 and CaS37 significantly enhanced the root and shoot length. Bacterial isolates NIBSM_CaS25 showed the presence of Surfactin and Iturin A while isolate (NIBSM_CaL5) showed the presence of surfactin and Bacillomycin D genes.

- Tri-partite interaction (Chickpea-*Fusarium*-Endophyte) was studied to understand differential expression of genes in imparting endophyte mediated resistance against *Fusarium*. An increased expression of the genes namely NAC TF, Auxin binding protein ABP19a (AUX BP) (15 fold as compared to 2.5 fold), 14-3-3 like protein (14-3-3 P), Linoleate 9S-lipoxygenase (LOX) and Leucine-rich repeat protein (LRR) were found in the endophyte bio-primed and pathogen inoculated plants in early stage of pathogen infection as compared to the plants without endophyte bio-primed. Chickpea bacterial endophytes having antagonistic activity against *Fusarium* wilt can be used to understand the molecular mechanism of endophyte mediated resistance.

- Anatomical modifications in Si-induced rice yellow stem borer was studied of using scanning electron microscope. Highest Si-deposition (24.32%) was noticed when the rice plant was Silicon-treated and YSB-infested. Microtomy studies revealed the aberration in the lining of midgut epithelium, damage in peritrophic membrane and disintegration of epithelial cells of the larva fed on silicon-treated plants. Volcano plots representing the distribution of genes revealed that the maximum number of genes were expressed during 3, 4 and 5 days after the larval release.

- In order to identify novel genetic resource and genes against sucking pests in crops, 124 accessions of okra received from ICAR-IIHR, Bengaluru which included cultivars and wild relatives were screened against leafhopper. The jassid injury index was ≤ 1 for all the wild species and > 4 for all cultivars. Out of 50 accessions of okra received from ICAR-NBPGR, New Delhi, nine cultivars and 12 wild relatives were highly resistant to the yellow mosaic virus. Seven wild relatives of okra were found resistant to highly resistant to okra enation Leaf Curl Virus disease.

- Under AICRP-Nematodes project, among 50 rice germplasm lines screened, five (IIRRN-2,3,9,29,34) showed moderately resistant reaction, 12 lines were susceptible and remaining all were highly susceptible to *Meloidogyne graminicola.* Out of 50 germplasm lines of brinjal, one line (IC-090786) was resistant, 3 were susceptible and remaining all were moderately resistant to *M. incognita* with respect to number of galls and egg masses per 5 g of root samples

- Soil application (at sowing) of fluensulfone 2% GR @ 1 kg a.i/ha was found to cause the highest reduction in population of *M. graminicola* in low land rice, followed by soil application (at sowing) of carbosulfan 6 G @1kg a.i./ha. Rice nursery bed treatment with Biofor pf-2 @ 20 g/m^2 was found to be the most effective in reducing nematode population (87 per 200 cc soil and 12.36 per 5g root), seedling height (25.7 cm), no of galls per seedling (3.24), RKI (1.56), besides recording the highest yield (8.05 t/ha).

School of Crop Health Policy Support Research (SCHPR)

- Pest risk analysis (PRA) is one of the tools, being used to study the extent of economic losses caused by the potential insect pests in crops. Some of the potential insect pests *viz*., *Loreyi* leaf worm, wheat midge, hessian fly, grain dermestid beetle, glaberous cabinet beetle, and hairy fungus beetle and the crop diseases like maize lethal necrosis or corn lethal necrosis, banana *Xanthomonas* wilt, wheat blast, downy mildew of soybean, Phomopsis stem canker of sunflower, Ug99 races of *Puccinia graminis* f. sp. *tritici* (stem rust of wheat), bean pod mottle virus and peanut stunt are not present in India and have the potential to enter through various routes in the country.

Extension and adaptive research

- A total of 118 trainings and 125 demonstrations were conducted under FFP, DBT Biotech KISAN and DST SYST Foldscope projects, benefiting 3812 farmers. Around 113 ha and 137 ha were covered with improved crop varieties during *kharif* and *rabi* 2022, respectively. A total of 104 success stories, 28 foldscopic observations and one mobile app on *Kadaknath* were prepared for the benefit of stakeholders

Others

- Climate resilient Agro-forestry and livestock-based Integrated Farming Systems were established at ICAR-NIBSM under SCSP and TSP for demonstrating the models to farmers.

- Whole campus of the ICAR-NIBSM was provided with wi-fi connections. Recently NIBSM was awarded ISO 14001: 2015 certificate for Environmental Management System.

- Few important publications in emerging areas of biotic stress management including 'Microbial Biopesticides in India' and 'Indigenous technical knowledge for biotic stress management' were published.

विशिष्ट सारांश

वर्ष 2022 के दौरान, भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. ने सूत्रकृमियों पर भाकृअनुप-एआईसीआरपी, भाकृअनुप-एफएफपी, डीबीटी और डीएसटी द्वारा प्रायोजित छः बाह्य-सहायता प्राप्त परियोजनाएं तथा कुल 25 संस्थान वित्तपोषित परियोजनाएं चलाईं। इन विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं के माध्यम से प्राप्त की गई कई उपलब्धियों और निष्कर्षों का सारांश नीचे दिया गया है।

फसल स्वास्थ्य प्रबंधन विद्यापीठ
(एस सी एच एम आर)

- इसके अंतर्गत उपग्रह सुदूर संवेदन डेटा का प्रयोग करके तथा मशीन लर्निंग तकनीकों का प्रयोग करके, एक महत्वाकंक्षी यानी फ्लैगशिप कार्यक्रम चलाया गया ताकि जैविक दबाव के कारण धान और गेहूँ फसलों की खेती में तात्कालिक फसल हानियों का निर्धारण व आकलन किया जा सके। अर्थ एक्प्लोरर प्लेटफॉर्म (सेन्टिनल-2; रिजोलुशन-10 मी.; पास करने की तिथि - 22.10.2021 एवं 27.10.2021) से उपग्रह सुदूर संवेदन (एस आर एस) डेटा सहित कुछ प्राथमिक सूचना प्राप्त की गई जिसे अध्ययनगत क्षेत्र (रायपुर जिला) की ज्यामितीय दृष्टि से परिष्कृत तस्वीर व इमेज प्राप्त करने हेतु आधार मानचित्र के साथ पूर्व-प्रसंस्कृत किया गया। धान फसल खेतों में भू नियंत्रण बिंदुओं को संगृहीत करने हेतु खरीफ 2022 के दौरान भिन्न अनुप्रस्थ क्षेत्रों में व्यापक खेत सर्वेक्षण किया गया। हालांकि पीला तना बेधक नाशीजीव (वाई एस बी) एवं भूरा पादप माहू नाशीजीव (बी पी एच) के कारण धान फसल के कई खेतों को संक्रमित पाया गया, लेकिन इन नाशीजीवों के आक्रमण की तीव्रता बहुत कम थी (अधिकतर 5-10% के बीच)।
- हर्बिवोर्स नाशीजीवों द्वारा प्रेरित पादप वोलाटाइल संगृहीत किए गए जिसके लिए वोलाटाइल ट्रैपिंग यूनिट में उपयुक्त अधिशोषक व एडजॉर्बेन्ट का प्रयोग किया गया। वोलाटाइल कंपाउंडों को अधिकतम संख्या में विघटित करने हेतु उपयुक्त विलयनों व सॉल्वेंट की पहचान की गई जिसके कारण जीसी-एमएस के जरिए नमूनों की खोज करते हुए बेहतर परिणाम प्राप्त किए गए। प्रयोग किए गए दो विलयनों में से, 22 हाइड्रोकार्बनों (जिन्हें धान पीला तना बेधक नाशीजीव द्वारा प्रेरित किया गया था) की पहचान तब की गई जब अधिशोषक व एडजॉर्बेंट को डाइक्लोरोमिथेन (डी सी एम) में धोया गया, जबकि इथाइल ऐसिटेट (ई ए) में केवल छः हाइड्रोकार्बनों की पहचान की गई। अधिशोषक के द्वारा वोलाटाइलों के संग्रहण में डीसीएम को, तुलनात्मक रूप से, अधिक प्रभावकारी पाया गया।
- पीला तना बेधक नाशीजीव (वाईएसबी+) से संक्रमित धान पादपों में कुल 37 वोलाटाइल कंपाउंडों की खोज की गई जिनमें 25 हाइड्रोकार्बन थे। जेसमोनिक अम्ल (जेए+) 5 mM से उपचारित धान पादपों में केवल 15 कंपाउंडों की खोज की गई। इनमें से 10 हाइड्रोकार्बन थे। जेए प्रेरित प्रोफाइल में मौजूद छः कंपाउंडों, अर्थात हेक्साट्रायाकॉन्टेन, ऑक्टाकोसेन, 2-मिथाइल-; 2-मिथाइल पेंटाकोसेन, कार्बोनिक अम्ल, डेसिल पेंटाडेसिल एस्टर; कार्बोनिक अम्ल, डेसिल हेक्साडेसिल एस्टर एवं कार्बोनिक अम्ल, डेसिल ऑक्टाडेसिल एस्टर को वाईएसबी प्रेरित प्रोफाइल में नहीं पाया गया।
- धान पादपों में वाईएसबी+ एवं जेए+ अम्लों से प्रेरित वोलाटाइलों के बीस चयनित सिंथेटिक रूपों की 200 पीपीएम एवं 500 पीपीएम की दो मात्राओं के साथ जांच की गई ताकि ट्राइकोग्राम्मा जेपोनिकम की परजीवी गतिविधि पर उनकी प्रभावकारिता का पता लगाया जा सके। ऑक्टाडिकेन, आइकोसेन, 3-मिथाइलपेंटाकोसेन, डोकोसेन एवं एन-हेक्साडिकेनोइक अम्ल की 200 एवं 500 पीपीएम मात्राओं के एक्सपोजर के उपरांत टी. जेपोनिकम का कोरसाइरा के अंडों पर 7वें दिन 90% से अधिक परजीवीकरण पाया गया, जो अनुपचारित अंडों से तुलनीय था (92.1% से 64.5%)।

- काबुली चना फसल में 30 और 40 डीएएस पर जेसमोनिक अम्ल का 5 mM की मात्रा का बाह्य रूप में 10 दिनों के अंतराल पर दो बार प्रयोग किए जाने से लार्वा की समष्टि 29.76% तक कम हुई और फली का नुकसान 14.83% कम हुआ तथा उपज में 14.83% की बढ़ोत्तरी हुई। गुलाबी तना बेधक नाशीजीव के संक्रमण से गेहूँ पादपों को संरक्षित किया गया जिसके लिए 35 और 45 डीएएस पर काबुली चना फसल में जेसमोनिक अम्ल 5 mM की मात्रा का 10 दिनों के अंतराल पर दो बार पर्णिल छिड़काव किया गया, जिससे उपज में 25.78% वृद्धि होने के अलावा, डेड हार्ट में 34.01% और व्हाइट ईअर में 31.17% की कमी आई।
- छत्तीसगढ़ के मछली तालाबों के जल नमूनों से एक बैंगनी वर्णक वाले बैक्टीरियम, क्रोमोबैक्टीरियम प्रजा., को वियोजित किया गया। बैक्टीरियम के वर्णक के लक्षणवर्णन में एक वायोलेसीन तत्व पाया गया जिसमें बड़े पैमाने पर फाइब्रोटिक-रोधी, ऑक्सीडेंट-रोधी, एपोप्टोटिक-रोधी और ट्यूमर रोधी गुणधर्म पाए गए। प्रजातियों की पहचान बैक्टीरियम के पूर्ण जीनोम विश्लेषण के माध्यम से क्रोमोबैक्टीरियम पाइसिएना के रूप में की गई। जीनोम असेम्बली एवं एनोटेशन, सूक्ष्मजीव रोधी प्रतिरोधी जीनों, और जातीवृत्तीय आरेख का अध्ययन किया गया। अध्ययन से प्राप्त की गई आणविक सूचना क्रोमोबैक्टीरियम प्रजा. की वैश्विक जीनोमिक विविधता को समझने में उपयोगी होगी। क्रोमोबैक्टीरियम के पूर्ण जीनोम अनुक्रमण से संबंधित सूचना को संग्रहित करने हेतु, एनसीबीआई जीन बैंक में एक जैव-परियोजना स्थापित की गई।
- एकल स्वास्थ्य घटक पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव का वर्णन करने हेतु, क्रॉस-टॉक परियोजना में वियोजित 1145 बैक्टीरिया का प्रयोग अग्रणी सामग्रियों के रूप में किया गया। जीवाणविक वियुक्तों अर्थात आइसोलेट्स के 16S rDNA अनुक्रम विश्लेषण में ग्राम नेगेटिव बेसीली (73%), ग्राम पोजेटिव बेसली (18%), ग्राम पोजेटिव कोसी (6) और अवर्गीक्रत वियुक्त (4%) की मौजूदगी पाई गई। पादप, पशुओं और मानवों में रोग उत्पन्न करने वाले जीवाणविक रोगजनकों की पहचान की गई, जो 90 से अधिक भिन्न वंशों एवं प्रजातियों से संबंधित थे। कीट जनित रोग उत्पन्न करने वाले विभिन्न जीनों की पहचान करने हेतु, टैकमैन आधारित आरटी-पीसीआर आणविक विश्लेषण का मानकीकरण किया गया।

फसल स्वास्थ्य जीवविज्ञान अनुसंधान विद्यापीठ (एस सी एच बी आर)

- फसलों में जीवाणविक रोगों का प्रबंध करने हेतु जैवनियंत्रण अभिकारकों के रूप में, जीवाणुभोजियों अर्थात बैक्टीरियोफेजिज का प्रयोग किया जा रहा है। धान जीवाणविक पत्ती अंगमारी रोग के विरूद्ध चयनित 19 जीवाणुभोजियों को प्रभावकारी पाया गया। एसडीएस-पेज विश्लेषण में, इन जीवाणुभोजियों में 8-15 संरचनात्मक प्रोटीन पाए गए। सभी जीवाणुभोजियों में नाभिकीय अम्ल अर्थात न्यूक्लीक ऐसिड के रूप में डीएस-डीएनए था। 16 जीवाणुभोजियों का जीनोम आकार 43.6 kbp से 203 kbp के बीच था, जबकि जीनों की संख्या 56 से 418 के बीच थी। 16 जीवाणुभोजियों के डब्ल्यू जी एस के असंसाधित डेटा (रॉ डेटा) को जमा करने हेतु एनसीबीआई में एक जैव-परियोजना शुरु की गई। जीवाणुभोजी vB_XooS_NR08 के पूर्ण जीनोम अनुक्रम को एनसीबीआई डेटाबेस में एसआरए वंशावली सं. एस आर आर 19757545 के रूप में जमा किया गया।
- पादप रोगजनकों के जैवनियंत्रण के लिए बैक्टीरिया के विविध समूह द्वारा प्रदर्शित जीवाणुरोधी पेप्टाइडों (ए एम पी) का प्रयोग किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के काबुली चना उत्पादन क्षेत्रों की राइजोस्फीयर (मूल परिवेश) मृदाओं से वियोजित नौ भिन्न पादप विकासमूलक एवं शत्रू कीटों में से, बेसिलस (IS-10)

में बायोसर्फेक्टेंट टाइप मॉलीक्यूल प्रदर्शित करने की क्षमता देखी गई जिसने एफ. ऑक्सीस्पोरुम एफ. स्पी. साइसेरिस एवं एफ. ऑक्सीस्पोरुम एफ. स्पी. हाइकोपर्सिसी जैसे रोगजनकों द्वारा काबुली चना फसल में उत्पन्न रोगों के विकास का अवरोधन (50-60%) किया।

- भारत से खरपतवार प्रजातियों में दबाव अनुकूलन संबंधी जीनोमिक विचलनों का अध्ययन करने हेतु, भारत के नौ राज्यों से पांच अति महत्वपूर्ण खरपतवार प्रजातियों के तेईस बीज नमूनों को संगृहीत किया गया और जीनोमिक लक्षणवर्णन हेतु उन्हें भाकृअनुप-रा.जै. स्ट्रे.प्र.सं. में बहुगुणित किया गया।
- संरक्षण कृषि (सी ए) एक उभरती कृषि उत्पादन प्रणाली है, जो मृदा के स्वास्थ्य एवं पर्यावरण को संरक्षित करने में सहायता करती है। नाशीजीव की स्थिति के बारे में सूचना सृजित करने हेतु, भाकृअनुप-भाकृअसं, नई दिल्ली और भाकृअनुप-डी डब्ल्यू आर, जबलपुर में रोपित धान-गेहूँ-मूंग, मक्का आधारित, कपास-गेहूँ एवं अरहर-गेहूँ फसल प्रणालियों सहित विभिन्न प्रणालियों में आवधिक अंतराल पर प्रेक्षण किए गए। प्रमुख नाशीजीवों के आपतन व प्रकोप अलग-अलग फसल प्रणालियों में पाए गए, हालांकि संक्रमण स्तर या उनकी समष्टि ईटीएल से कम थी।
- सिट्रस अर्थात नीबूवर्गीय की पत्तियों में फाइटोप्थोरा के संक्रमण का पता लगाने के लिए आरटीपीसीआर आधारित रोग नैदानिक किट विकसित करने हेतु, मानक जीन सिंथेसिस प्रोटोकॉल का प्रयोग करके एक 82 बीपी लॉर्ज सबयूनिट राइबोसोमल आरएनए जीन अनुक्रम का संश्लेषण किया गया। इस प्रयोजन हेतु, एनसीबीआई में उपलब्ध भिन्न फाइटोप्थोरा प्रजातियों के 1752 लॉर्ज सबयूनिट राइबोसोमल आएनए जीनों के कन्सेन्सस अनुक्रम से दो सिंथेटिक लॉन्ग ओलिगोमर्स डिज़ाइन किए गए।

फसल प्रतिरोध प्रणाली अनुसंधान विद्यापीठ (एस सी आर एस आर)

- आइसोफ्लेवॉन, सोयाबीन फसल में पीला किर्मीर रोग अर्थात येलो मोजेक डिजीज के विरूद्ध प्रतिरोध उत्पन्न करता है। इसलिए, एचपीएलसी का प्रयोग करके, सोयाबीन के पीला किर्मीर रोग प्रतिरोधी एवं संवेदनशील वंशक्रमों में आइसोफ्लेवॉन तत्व का आकलन किया गया। प्रतिरोधी वंशक्रम (सीएटी-1808) में आइसोफ्लेवॉन के विभिन्न रूपों का बढ़ता स्तर पाया गया, जबकि संवेदनशील वंशक्रम (सीएटी-313-ए) में बिलकुल भी नहीं पाया गया या छुटपुट रूप में पाया गया।
- फसल में जैविक दबाव के न्यूनीकरण के लिए जीन की कार्यत्मकता का अध्ययन करने हेतु, sgRNA (टारगेट-1) सन्निहित Cas9 वेक्टर वाहक एग्रोबैक्टीरियम का प्रयोग करके, सोयाबीन (किस्म डीएस-9712) को परिवर्तित किया गया। फोस्फिनोथ्रिसिन एसिटाइल ट्रांसफरेस (पी ए टी) जीन विशिष्ट प्राइमरों का प्रयोग करके पीसीआर निदान में, ट्रांसफार्मेंट्स अर्थात परिवर्तकों ने केवल क्लोरोफिल की विरंजकता प्रदर्शित की, जबकि फोस्फिनोथ्रिसिन (शाकनाशी) रोपित पादपों में बुवाई के सात दिनों में झुलसन जैसे लक्षण पाए गए। Cas9 की गतिविधि की पुष्टि करने हेतु, आईएफएस जीन को टी$_1$ पादपों से प्रवर्धित (एम्प्लीफाइड) कर अनुक्रमित किया गया। आईएफएस 2 में सिंगल बेस एडिटिंग (टी से सी तक) प्रेक्षित की गई।
- ग्रीवा सड़न रोग अर्थात कॉलर रॉट डिजीज के विरूद्ध काबुली चना फसल में आइसोफ्लेवॉन सिंथेस *I* जीन के ऊपरी क्षेत्र को वेक्टर्स के साथ क्लोनीकृत एवं उप-क्लोनीकृत किया गया और अंततःएग्रोबैक्टीरियम टुमेफेसिएंस EHA105 में स्थानांतरित कर जीयूएस ऐस्से अध्ययन किया गया। जीयूएस स्टेनिंग उच्च मात्रा कंट्रोल की तुलना में संक्रमित नमूनों में पाई गई,

जो स्केलेरोशियम रोलफ्सी के संक्रमण के उपरांत आईएफएस 1 की सक्रिय प्रकृति का सूचक है।

- बहु दबावों से सहिष्णुता के लिए एक सुपर डोनर चावल/धान विकसित करने हेतु, आई आर बी बी-66 और पिटा के बीच संकर/क्रॉस विकसित किए गए। एफ 1 एवं एफ 2 पादपों के डीएनए को वियोजित करके बीएलबी, बीपीएच एवं प्रस्फुटन (ब्लास्ट) के लिए प्रतिरोधी जीनों की मौजूदगी की जांच की गई जिसके लिए संबद्ध आणविक मार्करों का प्रयोग किया गया। साहित्यक सर्वेक्षणों के आधार पर, धान जननद्रव्य में बड़े पैमाने के प्रतिरोधी (बी एस आर) जीनों की पीसीआर आधारित खोज करने के लिए, जीन विशिष्ट प्राइमर विकसित किए गए और अभिक्रिया करने वाली स्थितियों का इष्टतमीकरण किया गया।
- काबुली चना फसल में मृदा जनित रोगजनकों के विरूद्ध संभावित जीवाणविक अंतःपादप यानी एंडोफाइट की पहचान करने हेतु, 119 जीवाणविक अंतःपादपों को काबुली चना के पांच भिन्न ऊतकों से वियोजित किया गया। इनमें से, NIBSM_CaL1, CaS25 एवं CaS37 ने कवक विकास का सर्वाधिक अवरोधन किया। जीवाणविक वियुक्त, यानी NIBSM_Cas25 ने सर्फेक्टिन एवं इटुरिन ए की मौजूदगी दर्शाई, जबकि वियुक्त (NIBSM_CaL5) ने सर्फेक्टिन एवं बेसिलोमाइसिन डी जीनों में सर्फेक्टिन एवं इटुरिन ए की मौजूदगी दर्शाई।
- फ्यूसेरियम के विरूद्ध अंतःपादप समर्थित प्रतिरोध प्रदान करने के लिए जीनों की भिन्नात्मक अभिव्यंजकता (एक्सप्रैशन) को समझने हेतु ट्राइ-पारटइट इंटरेक्शन अर्थात त्रिगुणित अन्योन्यक्रिया (काबुली चना-फ्यूसेरियम-एंडोफाइट के बीच) का अध्ययन किया गया। यह पाया गया कि अंतःपादप के जैव-लेपन रहित पादपों के बजाय, अंतःपादप के जैव-लेपित एवं रोगजनक टीकाकृत पादपों में अनेक जीनों, यानी NAC TF, ऑक्सिन बाइंडिंग प्रोटीन ABP19a (AUX BP) (2.5 फोल्ड की तुलना में 15 फोल्ड), 14-3-3 सदृश प्रोटीन (14-3-3 P), लिनोलिएट 9S-लिपोक्सीजिनेस (LOX) और न्यूसाइन-समृद्ध रिपीट प्रोटीन (एल आर आर) की बढ़ती अभिव्यंजकता पाई गई। अंतःपादप समर्थित प्रतिरोध की आणविक कार्यपद्धति को समझने हेतु, फ्यूसेरियम मुरझान के विरूद्ध प्रतिरोधी गतिविधि वाले काबुली चना जीवाणविक अंतःपादपों का प्रयोग किया जा सकता है।
- स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप का प्रयोग करके, सिलिकॉन-प्रेरित धान पीला तना बेधक नाशीजीव के दैहिकी परिवर्तनों का अध्ययन किया गया। सिलिकॉन (Si) की सर्वाधिक मात्रा (24.32%) तब पाई गई जब धान पादप सिलिकॉन-उपचारित एवं वाईएसबी-संक्रमित था। माइक्रोटॉमी अध्ययनों में यह पाया गया कि सिलिकॉन उपचारित पादप खिलाए गए लार्वा के मध्य-उदर की एपिथिलियम की लाइनिंग में अनियमितता थी, उसका पेरिट्रोफिक मेम्ब्रेन क्षतिग्रस्त था तथा उसकी एपिथेलियल कोशिकाएं विघटित थीं। जीनो के वितरण का प्रतिनिधित्व करने वाले ज्वालामुखी वाले भूखंडों अर्थात वाल्केनो प्लॉट्स में यह पाया गया कि अधिकतम संख्या में जीन लार्वा छोड़े जाने के उपरांत 3, 4 और 5वें दिनों के दौरान अभिव्यंजित हुए।
- फसलों में चूषक नाशीजीवों अर्थात सकिंग पैस्ट्स के विरूद्ध नए आनुवंशिक संसाधनों एवं जीनों की पहचान करने हेतु, भाकृअनुप-आईआईएचआर, बैंगलूरु से प्राप्त भिंडी की 124 वंशावलियों (जिनमें उपकिस्में/कल्टीवर्स एवं वन्य प्रजातियां शामिल थीं) की लीफहोपर अर्थात पर्ण फुदका नाशीजीव के विरूद्ध जांच की गई। सभी वन्य प्रजातियों के लिए जैसिड क्षति सूचकांक ≤ 1 था, जबकि सभी उपकिस्मों के लिए यह > 4 से अधिक था। भाकृअनुप-एनबीपीजीआर, नई दिल्ली से प्राप्त भिंडी की 50 वंशावलियों में से, नौ

उपकिस्में और 12 वन्य प्रजातियां पीला किर्मीर विषाणु (येला मोजेक वायरस) से उच्च प्रतिरोधी थीं। भिंडी की सात वन्य प्रजातियों को भिंडी शिराविन्यास संक्रमित करने वाले पत्ती कुंचन विषाणु रोग अर्थात लीफ कर्ल वाइरस डिजीज से प्रतिरोधी से लेकर उच्च प्रतिरोधी पाया गया।

- एआईसीआरपी-सूत्रकृमि (निमाटोड) परियोजना के अंतर्गत, जांच किए गए 50 धान जननद्रव्य वंशक्रमों में से, पांच वंशक्रमों (IIRRN-2, 3, 9, 29, 34) ने मेलोइडोजाइन ग्रामिनिकोला से मध्यम प्रतिरोधी अभिक्रिया प्रदर्शित की, 12 वंशक्रम संवेदनशील थे और शेष वंशक्रम उच्च संवेदनशील थे। बैंगन के 50 जननद्रव्य वंशक्रमों में से, एक वंशक्रम (IC-090786) गाल्स की संख्या और 5 ग्रा. प्रति जड़ नमूना एग मास के आधार पर, एम. इनकॉग्निटा से प्रतिरोधी था, 3 संवेदनशील थे; जबकि शेष वंशक्रम मध्यम प्रतिरोधी थे।
- मृदा में (बुवाई के समय पर) फ्लुएनसल्फान 2% जीआर का 1 कि. ग्रा. प्रति हैक्टे. की दर से प्रयोग किए जाने से निचली भूमि धान फसल में एम. ग्रामिनिकोला की समष्टि में सर्वाधिक गिरावट आई, जिसके बाद कार्बोसल्फान 6 जी का 1 कि. ग्रा. प्रति हैक्टे. की दर से प्रयोग करने में पाई गई। 20 ग्रा. प्रति वर्ग मी. की दर से बायोफोर पीएफ-2 के साथ धान नर्सरी क्यारी के उपचार को सूत्रकृमि नाशीजीव (निमाटोड्स) की समष्टि को कम करने (87 प्रतिशत 200 सीसी मृदा एवं 12.36 प्रति 5 ग्रा. जड़), पौध की ऊंचाई को बढ़ाने, प्रति पौध गाल्स की संख्या (3.24), आरकेआई (1.56) को कम करने तथा सर्वाधिक उपज (8.05 टन प्रति हैक्टे.) दर्ज करने में सबसे अधिक प्रभावकारी पाया गया।

फसल स्वास्थ्य सहायता अनुसंधान विद्यापीठ (एस सी एच पी आर)

- नाशीजीव जोखिम विश्लेषण (पी आर ए) विभिन्न उपायों में से एक है, जिसका प्रयोग फसलों में महत्वपूर्ण नाशीकीटों द्वारा की गई आर्थिक हानियों के स्तर का अध्ययन करने के लिए किया जा रहा है। कुछ महत्वपूर्ण नाशीकीटों, यानी लोरेयी लीफ वॉर्म, व्हीट मिज, हेसियन फ्लाई, ग्रेन डरमेस्टिड बीटल, ग्लेबरअस कैबिनेट बीटल, और हेयरी फंगस बीटल तथा कुछ फसल रोगों, जैसे कि मक्का घातक ऊतकक्षय या कॉर्न घातक ऊतकक्षय रोग, केला जेंथोमोनस मुरझान रोग, गेहूँ प्रस्फुटन रोग, सोयाबीन चूर्णिल आसिता रोग, सूरजमुखी फोमोप्सिस स्टेन कांकेर रोग, पुसिनिया ग्रामिनिस एफ. स्पी. ट्राइट्राइसी (गेहूँ में तना रतुआ रोग), फली फसल में मॉटल वाइरस और मूंगफली स्तंभन रोग को भारत में नहीं पाया जाता है, हालांकि यह पूरी संभावना होती है कि ये देश में अनेक मार्गों से प्रवेश कर सकते हैं।

विस्तार एवं अनुकूलनीय अनुसंधान

- एफएफपी, डीबीटी बायोटेक किसान और डीएसटी एसवाईएसटी फोल्डस्कोप परियोजनाओं के अंतर्गत कुल 118 प्रशिक्षणों और 125 प्रदर्शनों का आयोजन किया गया, जिनसे 3812 किसान लाभान्वित हुए। उन्नत फसल किस्मों के साथ लगभग 113 हैक्टे. और 137 हैक्टे. क्षेत्रफल को क्रमशः खरीफ और रबी 2022 के दौरान कवर किया गया। हितधारकों के लाभ हेतु, कुल 104 सफलता गाथाओं का प्रकाशन किया गया, 28 फोल्डस्कोपिक प्रेक्षण किए गए और कड़कनाथ कुक्कुट नस्ल पर एक मोबाइल ऐप विकसित किया गया।

परिचय

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (भाकृअनुप), नई दिल्ली ने जैविक स्ट्रेस एवं अजैविक स्ट्रेस पर अनुसंधान करने के लिए छत्तीसगढ़ के रायपुर में तथा महाराष्ट्र के पुणे के अंतर्गत बारामती में क्रमशः दो राष्ट्रीय संस्थानों की स्थापना करने के अलावा, झारखंड के रांची में भारतीय कृषि जैवप्रौद्योगिकी अनुसंधान की स्थापना की। भाकृअनुप-राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान की स्थापना 'फार्म समृद्धता को बढ़ाने के लिए जैविक स्ट्रेस के प्रभावी न्यूनीकरण' विज़न के साथ की गई। इस विज़न के तद्नुसार, भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. के अधिदेश को संशोधित किया गया जिसमें (1) फसलों में जैविक दबावों पर मौलिक, कार्यनीतिक एवं अनुकूलनीय अनुसंधान करना, (2) शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए गुणत्तात्मक मानव संसाधन विकसित करना, प्रौद्योगिकी प्रबंधन के लिए तथा नीति सहायता अनुसंधान के लिए विभिन्न हितधारकों के साथ सहलग्नता व संपर्क-सूत्र स्थापित करना जैसे विषयों को शामिल किया गया है।

स्कूल संकल्पना पर आने से पहले, यह वर्णन करना जरूरी है कि भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. ने चार अनुसंधान कार्यक्रमों, अर्थात (1) नाशीजीव एवं रोगजनक आनुवंशिक संसाधन (पी पी जी आर) और उनका प्रबंधन, (2) जैविक स्ट्रेस अभिक्रिया का आणविक जीवविज्ञान, (3) स्ट्रेस सहिष्णुता के लिए आनुवंशिक एवं आणविक संसाधन, और (4) जैविक स्ट्रेस सहिष्णुता में कार्यनीतिक एवं अनुकूलनीय अनुसंधान सहित सेक्शन कन्सेप्ट पर कार्य किया और इस दौरान कुल 802.76 लाख रुपये की 18 संस्थान-वित्तपोषित परियोजनाओं तथा छः बाह्य सहायता प्राप्त वित्तपोषित परियोजनाओं को संचालित किया। अप्रैल 2021 से, रा.जै. स्ट्रे.प्र.सं. ने चार स्कूल : फसल स्वास्थ्य जीवविज्ञान अनुसंधान स्कूल (सी एच बी आर), फसल स्वास्थ्य प्रबंधन अनुसंधान स्कूल (सी एच एम आर), फसल प्रतिरोध प्रणाली अनुसंधान स्कूल (सी आर एस आर) और (4) फसल स्वास्थ्य नीति सहायता अनुसंधान स्कूल (सी एच पी आर) के साथ एक स्कूल-आधारित मॉडल के तहत कार्य किया। संस्थान के भीतर बहुविषयक टीमों के रूप में, निदेशक और संयुक्त निदेशकों सहित कुल बीस वैज्ञानिक कार्य कर रहे हैं।

ईएफसी 2021-26 को तैयार करने करने से पहले 5वीं और 6वीं आरएसी, क्यूआरटी (2017-22) की सिफारिशों के आधार पर और कृषि में स्थायी विकास के लक्ष्यों तथा विज़न दस्तावेजों के आधार पर कुछ अनुसंधानिक अंतरालों को चिन्हित किया गया, जो इस प्रकार थे - (1) जैविक स्ट्रेस के कारण फसल हानियों का तात्कालिक आकलन, (2) जैविक स्ट्रेस के न्यूनीकरण के लिए नए जीन एवं उनकी कार्यपद्धति, (3) आक्रामक एवं सीमा-पार नाशीजीवों की सुव्यवस्थित रूप से निगरानी एवं मैपिंग, (4) नाशीजीव-रोगजनक की अन्योन्यक्रियाओं पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव तथा एकल स्वास्थ्य मानदंड, (5) फसलों में संयोजित अजैविक एवं जैविक स्ट्रेस के लिए मानदंड एवं कार्यपद्धति, और (6) उभरती उत्पादन प्रणालियों के तहत नाशीजीव की गतिकियां एवं जानपदिकता का पारिस्थितिकीय आधार। ईएफसी 2021-26 के अनुसार, प्रत्येक स्कूल को एक विशिष्ट लक्ष्य, ध्यानाकर्षी क्षेत्रों (थ्रस्ट एरियाज), महात्वाकांक्षी कार्यक्रमों, और मुख्य एवं उप-कार्यक्रमों (जो आपस में एक दूसरे से आच्छादित न हों) के साथ स्थापित किया गया। विभिन्न कार्यक्रमों के तहत, तीन महत्वाकांक्षी परियोजनाओं सहित ग्यारह नए संस्थान-वित्तपोषित क्रियाकलाप निर्धारित किए गए।

उपरोक्त तीन महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के अंतर्गत तीन कार्यक्रम - पूर्व-चेतावनी एवं कृषि हानियों का आकलन, नाशीजीव प्रतिरोध के लिए नवीनतम जीनों की खोज एवं वैधीकरण, और एक राष्ट्रीय सामरिक फसल स्वास्थ्य निगरानी नेटवर्क (एन एस सी एच एम एन) चलाए गए। भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. में अंतर-संस्थानिक सहयोग के तहत कुछ कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिनमें (1) भाकृअनुप - खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर के साथ खरपतवार जीनोमिक्स, (2) भाकृअनुप - खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर एवं भाकृअसं, नई दिल्ली के साथ संरक्षण कृषि में नाशीजीव की गतिकियों और

राइजोस्फीरिक माइक्रोबायोम की विविधता की खोज करना, और (3) भाकृअनुप - खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर के साथ खरपतवार जीनोमिक्स प्रयोगशाला, (4) भाकृअनुप-आईआईएबी, रांची एवं जीएडीवीएएसयू, लुधियाना के साथ मानव स्वास्थ्य पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव, और (5) भाकृअनुप-आईआईएचआर, बैंगलूरु के साथ जैविक स्ट्रेस के लिए नवीनतम जीनों की खोज करना शामिल है। भाकृअनुप के संस्थानों तथा राज्य कृषि विश्वविद्यालयों (एस ए यू) के साथ सहयोग स्थापित करने के लिए सात अनुसंधान क्षेत्रों पर चर्चाएं विभिन्न स्तरों पर जारी हैं। ये सात अनुसंधान क्षेत्र इस प्रकार हैं - धान फसल के लिए आईपीएम मॉड्यूल, तात्कालिक फसल हानि का आकलन करना, फसल की वन्य प्रजातियों का उपयोग करना, नैदानिकियां और जीवाणुओं एवं रोगजनकों की प्रजातियों की बारकोडिंग करना, चूषक नाशीकीटों के आनुवंशिक समूहों की खोज करना, कीट फेरोमोन का नैनो-निरुपण, और राष्ट्रीय सामरिक फसल स्वास्थ्य निगरानी नेटवर्क।

अनुसंधान, शिक्षा, संस्थान के भवन, और प्रशासन से संबंधित अनेक कार्यसूचियों पर 7वीं अनुसंधान सलाहकार समिति, क्यूआरटी (2017-22), और 9वीं संस्थान प्रबंधन समिति की बैठकों में चर्चाएं एवं विचार-विमर्श किया गया। रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. में आयोजित किए गए 25 राष्ट्रीय जागरुकता अभियानों में से, गरीब कल्याण सम्मेलन और संसदीय राजभाषा समिति का आयोजन दो महत्वपूर्ण राष्ट्रीय स्तरीय जागरुकता क्रियाकलाप हैं। संस्थान में अनेक बुनियादी ढांचा संबंधी परियोजनाएं चल रही हैं, यानी रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. फार्म का आधुनिकीकरण, एक शीशागृह का निर्माण, संस्थान के परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार, एक सुरक्षाकर्मी चौकी, संकाय-सदस्यों के लिए आवासन एवं आवासों, एक बिजली उप-केंद्र, आवासों के लिए एक ओवरहेड जल भंडारण टैंक, एक ट्यूब वेल, वाहन पार्किंग के लिए एक शेड या गैरेज, एक संपर्क सड़क, और एक शॉपिंग सेंटर का निर्माण। इन बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए 19 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है।

रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. के शिक्षा कार्यक्रम, जिसे भाकृअनुप-भाकृअसं की भागीदारी में वर्ष 2020-21 के दौरान शुरु किया गया था, के अंतर्गत छः पाठ्यक्रमों - कृषि कीट विज्ञान, पादप विकृति विज्ञान, कृषि सूक्ष्मजीव विज्ञान, आणविक जीवविज्ञान एवं जैवप्रौद्योगिकी, आनुवंशिक एवं पादप प्रजनन और सस्य विज्ञान में नौ एम. एससी. (कृषि) छात्रों को दाखिला दिया गया। इन छात्रों में से, पहले समूह के आठ छात्रों ने अपने-अपने शोधप्रबंध पूर्ण कर लिए हैं। दूसरा समूह (2021-2022) जिसके अंतर्गत छः भिन्न विषयों से 16 एम. एससी. छात्र शामिल हैं, के छात्र अपने शोध कार्य से संबंधित समस्याओं का समाधान करने पर कार्य कर रहे हैं।

वर्ष 2021-22 के दौरान संस्थान का बजट 2105. 43 लाख रुपये था, जिसमें से 2065.32 लाख रुपये अनुसंधान, प्रशासन एवं संस्थान के भवन के निर्माण से संबंधित विभिन्न गतिविधियों पर खर्च किए गए। वर्ष 2022-2023 के लिए आवंटित किए गए 1688 लाख रुपयों में से, दिनांक 15 दिसंबर, 2022 तक 1108.55 लाख रुपये खर्च किए जा चुके हैं।

अनुसंधान उपलब्धियाँ

फसल स्वास्थ्य प्रबंधन अनुसंधान स्कूल

(एस सी एच एम आर)

कृषि में जैविक दबाव के न्यूनीकरण के लिए क्रोमोबैक्टीरियम प्रजातियों के अनुषंगी मेटाबोलाइटों का वियोजन एवं मूल्यांकन

क्रोमोबैक्टीरियम प्रजा. के कच्चे अर्क का लक्षणवर्णन

इलेक्ट्रोस्प्रे.ऑर्बीट्रैप मास स्पैक्ट्रोमैट्री के साथ क्रोमोबैक्टीरियम प्रजा. के इथेनोलिक कच्चे अर्क की तरल क्रोमाटोग्राफी

(बिनोद के. चौधरी, ममता चौधरी, जे. श्रीधर, एस. के. शर्मा)

तरल क्रोमाटोग्राफी इलेक्ट्रोस्प्रे आयोनाइजेशन ऑयन-ट्रैप मास स्पेक्ट्रोमैटी (एलसी-एमएस/एमएस) सीआईएफई एवं आईआईटी मुंबई में संचालित की गई, जिसने वायोलेसीन की मौजूदगी की पुष्टि परिष्कृत बैंगनी वर्णक में की। विस्तृत विश्लेषण के लिए, नमूनों को कुमारनेनिन, विटेक्सइन, मस्कोन, टैक्सीफोलिन, रोटेनोन, सिरोलिमस, नाइजेरिसीन, और एल-ट्रायरोसाइन सहित विभिन्न मेटाबोलाइटों में विभाजित किया गया। इनमें से, मस्कोन में बड़े पैमाने पर फाइब्रोटिक-रोधी, उत्तेजन-रोधी, ऑक्सीडेंट-रोधी, एपोप्टोटिक-रोधी एवं ट्यूमर-रोधी गुणधर्म पाए गए, इसलिए इसका उपयोग अस्थिभंग यानी फ्रैक्चर, मोच, दिल का दौरा, गण्डमाला पेक्टोरिस, मायोकार्डियल इनफर्कशन एवं कैंसर के उपचार के लिए व्यापक रूप से किया जाता है। इसी तरह, यह रिपोर्ट किया जा रहा है कि विटेक्सिन (एपिजेनिन-8-सी-ग्लूकोसाइड) में व्यापक फार्माकोलॉजीकल प्रभाव हैं। टेक्सिफोलिन के बारे में यह माना जाता है कि इसमें कैंसर युक्त कोशिकाओं में वसा अम्ल संश्लेषण का निरोध करने में तथा कैंसर रोग के फैलाव को रोकने के गुण हैं।

पूर्ण जीनोम अनुक्रमण के माध्यम से क्रोमोबैक्टीरियम का जीनोमिक वर्णन

जीनोम असेम्बली एवं एनोटेशन

क्रोमोबैक्टीरियम-एनआईबीएसएम के पूर्ण जीनोम पर किए गए विश्लेषण में एक जीनोम असेम्बली प्राप्त हुई जिसकी कुल लंबाई एक कॉन्टिग के साथ 2,717, 327 बीपी थी और इस जीनोम में जी + सी तत्व लगभग 64.29% था (तालिका 2)। जीनोम की व्याख्या (एनोटेशन) की गई जिसके लिए रास्ट (RAST) टूल किट (RASTtk) का प्रयोग किया गया। व्याख्या से 535.62 का एक उत्कृष्ट जीनोम आइडेंटीफायर उपलब्ध हुआ। इस जीनोम की व्याख्या करने हेतु आनुवंशिक संहिता 11 का प्रयोग किया गया, जो सुपर किंगडम बैक्टीरिया से संबंधित है। इस जीनोम में 3,873 प्रोटीन-कोडिंग अनुक्रम (सी डी एस), 30 रिपीट रीजन एवं 95 ट्रांस्फर आरएनए (tRNA) जीन तथा 25 राइबोसोमल आरएनए (rRNA) जीन हैं। क्रोमोबैक्टीरियम-एनआईबीएएम की वर्गिकी इस प्रकार है : सेलुलर ऑर्गेनिज्म > बैक्टीरिया > प्रोटियोबैक्टीरिया > बीटाप्रोटियोबैक्टीरिया > नीसेएल्स > क्रोमोबैक्टीरियासिया > क्रोमोबैक्टीरियम ग्रुप > क्रोमोबैक्टीरियम पिससिएन।

क्रोमोबैक्टीरियम-एनआईबीएसएम की जीनोमिक व्याख्या में कार्यात्मक असाइन्मेंट्स के साथ 3,319 प्रोटीन तथा 554 हाइपोथिटिकल प्रोटीन थे। जीन ऑन्टोलॉजी (जी ओ) असाइन्मेंट्स में 984 प्रोटीन थे। कार्यात्मक व्याख्या के अनुसार, प्रोटीनों में 1177 एंजाइम कमिशन (ई सी) संख्या, और जीन ऑन्टोलॉजी (जी ओ) के साथ 984 थी। कुल 851 प्रोटीनों को केईजीजी पाथवेज में मैप किया गया, जिनका प्रयोग कोशिकाओं एवं ऑर्गेनिज्म्स के उच्च स्तरीय प्रकार्यों के साथ केईजीजी ऑर्थोलॉजी नोड्स का एक नेटवर्क विकसित करने के लिए किया गया। पैटरिक (PATRIC) द्वारा दी गई व्याख्या के अनुसार, नेटवर्क में दो प्रकार के प्रोटीन परिवार थे और इस जीनोम में 3610 प्रोटीन हैं, जो क्रॉस-जीनस प्रोटीन परिवार से संबंधित हैं, और 3598 प्रोटीन जीनस-विशिष्ट प्रोटीन परिवारों से संबंधित हैं।

जीनोम एनोटेशन के वितरण में पाया गया कि कॉन्टिग बाह्य से अंदरूनी रिंग्ज में था, सीडीएस फॉरवर्ड स्ट्रांड एवं रिवर्स स्ट्रांड पर था, जीनोम में आरएनए जीन थे, ज्ञात सूक्ष्मजीव रोधी प्रतिरोधी जीनों से समजातीय सीडीएस था, ज्ञात विरुलेंस कारकों से सजातीयता के साथ सीडीएस था, जीसी तत्व एवं जीसी विषम था। फॉरवर्ड एवं रिवर्स स्ट्रांड पर सीडीएस के रंग के आधार पर, यह जीन विभिन्न उप-प्रणालियों से संबंधित हो सकता है। इसमें कॉन्टिग बाह्य से अंदरूनी रिंग्ज में था, सीडीएस फॉरवर्ड स्ट्रांड एवं रिवर्स स्ट्रांड पर था, जीन में आरएनए जीन थे, ज्ञात जीवाणु

रोधी प्रतिरोधी जीनों से समजातीय सीडीएस था, ज्ञात विरुलेंस कारकों से सजातीयता के साथ सीडीएस था, जीसी तत्व एवं जीसी विषम था। फॉरवर्ड एवं रिवर्स स्ट्रांड पर सीडीएस के रंग यह इंगित करता है कि ये जीन भिन्न उप-प्रणालियों से संबंधित थे।

जीवाणुरोधी प्रतिरोधी जीन

एएमआर जीन अनुक्रम परिवर्तों की पहचान k-mer-आधारित विधि (पैट्रिक की जीनोम एनोटेशन सर्विस) का प्रयोग कर की गई। इस जीनोम में व्याख्या किए गए एएमआर जीनों और उनकी पूरक कार्यपद्धतियों का एक संक्षिप्त विहंगावलोकन उद्धृत किया गया है।

जातिवृत्तीय विश्लेषण

उच्च गुणवत्ता और महत्वपूर्ण संदर्भ वाले एवं प्रतिनिधि जीनोमों को एनसीबीआई द्वारा साधारण तौर पर चयनित एवं वर्गीकृत किया जाता है। जातिवृत्तीय विश्लेषण, जो परिपूर्ण जीनोम विश्लेषण्ण रिपोर्ट का भाग है, पैट्रिक द्वारा उपलब्ध कराए गए संदर्भ एवं प्रतिनिधि जीनोमों पर आधारित है। एक मैश/मिनहैश विश्लेषण में निकटतम एवं प्रतिनिधि जीनोमों की पहचान की गई। इन जीनोमों का जातिवृत्तीय प्लेसमेंट, पैट्रिक वैश्विक प्रोटीन परिवारों (पीजी फैम्स) के चयन पर आधारित था। मस्कल (एडगर, 2004) ने प्रोटीन अनुक्रमों को इन परिवारों से संरेखित किया और न्यूक्लियोटाइडों को प्रत्येक प्रोटीन संरेखण के लिए मैप किया। अमिनो अम्ल एवं न्यूक्लियोटाइड संरेखणों द्वारा स्थापित डेटा मैट्रिक्स का विश्लेषण करने हेतु RaxML का प्रयोग किया गया और उसके उपरांत एक आरेख में उपयुक्त मानों को सृजित करने हेतु फास्ट बूटस्ट्रैपिंग का प्रयोग किया गया।

यह अध्ययन आणविक सूचना उपलब्ध कराता है, जो क्रोमोबैक्टीरियम-संबद्ध वियुक्तों के साथ तुलनात्मक जीनोमिक्स एवं कार्यात्मक अध्ययनों के लिए एक मार्ग प्रशस्त कर सकता है और क्रोमोबैक्टीरियम प्रजातियों की वैश्विक जीनोमिक विविधता के बारे में हमारी समझ को बढ़ा सकती है। एनसीबीआई जीन बैंक एक्सेशन में एक जैव-परियोजना खोली गई है ताकि इन एसआरए (सिक्वेंस रीड आर्काइव्स) का वर्णन किया जा सके। एनसीबीआई में जैव परियोजना डेटा : PRJNA803347 उपलब्ध है, जो अस्थायी प्रस्तुतीकरण आईडीः SUB11014007 के तहत है। पूर्ण जीनोम अनुक्रम के लिए एनसीबीआई वंशावली सं. CP092474 है।

नाशीजीव प्रबंधन के लिए पादप उड़नशील जैविक योगिकों (वी ओ सी) की भंडारगृह का विकास

(आर. के. मुरली बास्करन, योगेश येले,
के. सी. शर्मा)

धान पीला तना बेधक नाशीजीव द्वारा प्रेरित पादप उड़नशील को पकड़ने के लिए जैविक योगिकों का मानकीकरण

उड़नशील ट्रैपिंग यूनिट के द्वारा एडजॉर्बेंट में पकड़े गए पादप उड़नशील को साफ करने एवं विघटित करने में जैविक उड़नशील की प्रभावकारिता में भिन्नता हो सकती है। कीटों द्वारा प्रेरित पादप उड़नशील को अधिकतम संख्या में पकड़ने के लिए तथा अन्य उपचारों के लिए एक उपयुक्त विलयन का पता लगाने हेतु, धान पीला तना बेधक के साथ एक परीक्षण किया गया। गमले में उगाए गए 25 दिन अवस्था के पादपों (किस्म स्वर्णा) को एक द्वितीय इनस्टार/पादप की दर से पीला तना बेधक से संक्रमित किया गया। गमलों में उगाए गए पादपों को 12-15 घंटों तक अबाधित स्थिति में अनुरक्षित किया गया और एल्यूमीनियम फॉयल शीट के साथ मृदा आवरण को पांच घंटों तक कवर करने के उपरांत उन्हें गतिशील पादप उड़नशील ट्रैपिंग यूनिट के अध्यधीन रखा गया। पांच घंटों के उपरांत, उड़नशील के साथ एडजॉर्बेंट को संगृहीत किया गया और उन्हें इथायल एसिटेट एवं डाइक्लोरोमिथेन में अलग से साफ करने के पश्चात जीसी-एमएस के माध्यम से विश्लेषण किया गया। उड़नशील के साथ एडजॉर्बेंट को जीसी-एमएस के थर्मल डिशॉर्प्शन में प्रत्यक्ष रूप से एक्सपोज किया गया। खोज की गई उड़नशील प्रोफाइलों की तुलना उत्कृष्ट विधि की पहचान करने के लिए की गई ताकि अधिकतम संख्या में योगिकों को पकड़ा जा सके।

जीसी-एमएस का प्रयोग करके जब कंपाउंडों को केवल एडजॉर्बेंट में, इथाइल एसिटेट (ईए) में और डाइक्लोरोमिथेन (डीसीएम) में धोया गया तब क्रमशः कुल सात, 39 और 40 कंपाउंडों की खोज की गई। डीसीएम में बाईस हाइड्रोकार्बनों की खोज की गई, जबकि ईए में केवल छः कंपाउंडों की खोज की गई। इसी प्रकार से, डीसीएम में 11 अम्लों, एल्कोहल एवं इस्टर्स तथा सात अन्य कंपाउंडों की खोज की गई, जबकि ईए में 17 अम्लों, एल्कोहल एवं इस्टर्स तथा 16 अन्य कंपाउंडों की खोज की गई। पाए गए हाइड्रोकार्बनों की संख्या को ध्यान में रखते हुए, यह निष्कर्ष

निकाला गया कि एडजॉर्बेंट से उड़नशील को संगृहीत करने तथा उन्हें धोने व साफ करने में डीसीएम अधिक प्रभावकारी है।

धान फसल में पीला तना बेधक एवं कैमिकल एलिसिटर द्वारा प्रेरित उड़नशील की प्रोफाइलें

गमलों में उगाए गए 25 दिनों की अवस्था वाले पादपों को पीला तना बेधक और जेसमोनिक अम्ल 5 mM से संक्रमित/उपचारित किया गया था। वोलाटाइलों को गतिशील उड़नशील ट्रैपिंग यूनिट से पकड़ा गया गया, जैसा कि उपरोक्त में वर्णन कियाा गया है। पांच घंटों के पश्चात, उड़नशील के साथ एडजॉर्बेंट को अलग-अलग संगृहीत करने के उपरांत डाइक्लोरोमिथेन में साफ किया किया और व्हटमैन सं. 1 फिल्टर कागज से फिल्टर किया गया। जीसी-एमएस के माध्यम से तीन नमूनों की खोज की गई जिनमें मृदा से उत्पन्न उड़नशील तथा पीला तना बेधक एवं जेए उपचार से प्रेरित उड़नशील थे।

धान पीला तना बेधक द्वारा प्रेरित कुल 37 योगिकों की खोज की गई जिनमें 25 हाइड्रोकार्बन थे, जो अल्केन्स एवं अल्केन्स (टेट्राकॉन्टेन; हेक्साकॉन्टेन; डोट्रियाकॉन्टेन; पेन्टाट्रायाकॉन्टेन; टेट्रापेन्टाकॉन्टेन, डोडेकेन; हेक्साडेकेन; हेप्टाडेकेन; ऑक्टारडेकेन; साइक्लोडोडेकेन; डोडेकेन, 2, 6, 11-ट्राइमिथायल-; डेकेन, 1-आयोडो-; 2, 6, 10 ट्राइमिथाइलट्राइडेकेन; नोनाडेकेन, 2, 6, 10, 14, 18-टेट्रामिथाइल, नोनोडेकेन, 2, 6, 10, 14, 18-पेन्टामिथाइल-; ऑक्टाडेकेन, 2, 6, 10, 14, 18-टेट्रामिथाइल-; नोनेन, 5-मिथायल-5-प्रोपाइल (हेनीकोसेन; दईकोसेन; टेट्राकोसेन; जेड-5-नोनाडेकेन; 1-अनडिकेनोल, 1-डेकानोल, 1-हेक्साडेकानोल, 1-टेट्राडेकानोल 25) से संबंधित थे, जबकि 12 अम्ल इस्टर्स, एल्कोहल (कार्बोनिक अम्ल, डेसाइल हेप्टाडेसाइल इस्टर; डोकोसाइल नॉनीयल इथर; नॉनीयल टेट्राकोसिल इथर; नॉनीयल ऑक्टोकोसिल इथर; 1-अंडेकानोल; 1-डेकोनोल; फॉर्मिक अम्ल, डेसिल इस्टर; बुटेनिडियोइक अम्ल (जेड), मॉनोडोडिसिल इस्टर (3); 1-हेक्साडेकानोल; 1-टेट्राडेकानोल; बेंजेंनइप्रोपेनोइक अम्ल) से संबंधित थे।

जेसमोनिक अम्ल 5 mM प्रेरित प्रोफाइल में केवल 15 योगिकों की खोज की गई, जिनमें से 10 हाइड्रोकार्बन और 5 अम्ल, इस्टर तथा एल्कोहल थे। हेक्साट्रायाकॉन्टेन, ऑक्टाकोसेन, 2-मिथाइल-; 2-मिथाइल पेन्टाकोसेन, कार्बोनिक अम्ल, डेसिल पेन्टाडेसिल इस्टर; कार्बोनिक अम्ल, डेसिल हेक्साडेसिल इस्टर एवं कार्बोनिक अम्ल, डेसिल ऑक्टाडेसिल इस्टर सहित छः योगिकों जेए प्रेरित प्रोफाइल में मौजूद थे, परंतु वाईएसबी प्रेरित प्रोफाइल में मौजूद नहीं थे। जीसी-एमएस का प्रयोग करके खोज किए गए नौ योगिकों यानी टेट्रोकॉन्टेन; हेक्सामॉन्टेन; डोट्रायकॉन्टेन; पेन्टाट्रायाकॉन्टेन; टेट्रापेन्टाकॉन्टेन, हेनीकोसेन; टेट्राकॉन्सेन, कार्बोनिक अम्ल, डेसिल हेप्टाडेसल इस्टर एवं डोकोसिल नॉनीयल इथर वाईएसबी और केवल जेए द्वारा प्रेरित (दोनों) प्रोफाइलों में मौजूद नहीं थे।

धान पीला तना बेधक द्वारा प्रेरित उड़नशील के प्रमुख सिंथेटिक रूप की जांच और चॉइस टेस्ट के द्वारा टी. जेपोनिकम की अनुक्रिया से जेस्मोनिक अम्ल की जांच

जीसी-एमएस के द्वारा खोज किए गए बीस चयनित सिंथेटिक रासायनिकों की जांच 200 (2 मि. ग्रा. प्रति मि. ली.) और 500 पीपीएम (5 मि. ग्रा. प्रति 10 मि. ली.) की दो मात्राओं (जिनमें डिस्टिल्ड एचपीएलसी ग्रेड हेक्सेन की उपयुक्त मात्रा को मिलाया गया था) पर की गई ताकि टी. जेपोनिकम की परजीवी गतिविधि पर उनकी प्रभावकारिता का पता लगाया जा सके। कोरसाइरा एग कार्ड, जिसका माप 7 x 2 से. मी. था और उसकी धारणीयता लगभग 80-100 अंडा थी, का अध्ययन चॉइस टेस्ट के द्वारा उपचार कर किया गया। हेक्सेन से साफ किए गए अंडों सहित एग कार्ड को सिंथेटिक रासायनिकों की दो अलग-अलग मात्राओं से उपचारित किया गया और छाया में सुखाया गया। कोरसाइरा के अनुपचारित अंडों और हेक्सेन से साफ किए गए अंडों को क्रमशः नेगेटिव एवं पोजेटिव कंट्रोलों के रूप में विचारा गया। एग कार्डों को एक प्लास्टिक के डिब्बे (8.5 से. मी. डायमीटर; 5 से. मी. की ऊंचाई) में 22 एग कार्ड प्रति डिब्बे की दर से रखा गया और परजीव्याभों को 1:6 अनुपात (परजीव्याभः उपचारित अंडे) की दर से सेंटर में छोड़ा गया। उपचार के 7 दिनों के बाद प्रतिशत परजीवीकरण प्रेक्षित किया गया। प्रत्येक उपचार को दो बार दोहरायाा गया।

आक्टाडेकेन, इकोसेन, 3-मिथालपेन्टाकोसेन, डोकोसेन एवं एन-हेक्साडकेनोइक अम्ल के 200 एवं 500 पीपीपीएम पर एक्सपोजर के 7 दिनों के बाद टी. जेपोनिकम द्वारा 90% से अधिक परजीवीकरण दर्ज किया गया, जो अनुपचारित अंडों (92.1%) से तुलनीय था तथा हेक्सेन उपचारित अंडों में केवल 26.8% से 28.1% का परजीवीकरण दर्ज किया गया। टेट्रोडेकेन, हेनीकोसेन, हेक्साकोसेन, साइक्लोहेक्सेन, डोकोसिल, 2-मिथाइलट्रायाकॉन्टेन, हेक्साकॉन्टेन एवं ट्राइडेकेनाइक अम्ल से उपचारित अंडो पर लगभग 60 से 70% परजीवीकरण दर्ज किया गया। पेन्टाडेकेन, हेक्साडेकेन और नोनाडेकेन ने वैस्प को कम सपोर्ट किया जिसके कारण केवल 30% से 40% का परजीवीकरण हुआ।

काबुली चना फली बेधक के प्रबंधन पर रासायनिक एलिसिटरों का प्रभाव

रबी 2021-22 के दौरान, काबुली चना फसल (किस्म आरवीजी 202) पर एक खेत परीक्षण किया गया ताकि फली बेधक नाशीजीव के विरूद्ध सहिष्णुता प्रदान करने हेतु दो मात्राओं पर चार रासायनिक एलिसिटर्स के साथ प्राइमिंग की प्रभावकारिता का पता लगाया जा सके। काबुली चना के बीजों को अनुसंधान फार्म के खेत सं. 71 में 30 x 10 से. मी. के अंतराल में दिनांक 16.12.2021 को रोपित किया गया (चित्र 6)। खेत परीक्षण में दस उपचारों का मूल्यांकन किया गया - T_1 : सैलिसिलिक अम्ल (2.5 mM); T_2 : सैलिसिलिक अम्ल (5 mM); T_3 : मिथाइल सेलिसाइलेट (2.5 mM); T_4 : मिथाइल सेलिसाइलेट (5 mM); T_5 : जेसमोनिक अम्ल (2.5 mM); T_6 : जेसमोनिक अम्ल (5 mM); T_7 : चिटोसन (2.5 mM); T_8 : चिटोसन (5 mM); T_9 : केवल कैरियर स्प्रे; T_{10} : कंटोल।

प्रत्येक उपचार को तीन बार दोहराया गया। प्रत्येक पुनरावर्तन 3 x 3 मी. माप का था। दो उपचारों के बीच 1 मी. और दो पुनरावर्तनों के बीच 3 मी. की दूरी रखी गई ताकि एलिसिटर के प्रयोग से प्रेरित पादप वोलाटाइलों की गतिकी को बाधित किया जा सके। 2.5 और 5 mM की दो मात्राओं पर चार एलिसिटरों का छिड़काव किया गया, जिसके लिए काबुली चना बीजों की बुवाई के 30 तथा 40 दिनों के पश्चात एक लीटर के हस्तचालित स्प्रेयर का प्रयोग किया गया। अनुपचारित चेक (कंट्रोल) के रूप में, एलिसिटर्स के प्रयोग के बिना एक उपचार क्षेत्र को विचार में रखा गया। परीक्षण की पूरी अवधि के दौरान कोई भी कीटनाशक का प्रयोग नहीं किया गया। बुवाई के 37, 44, 51, 58 और 65 दिनों के पश्चात प्रति 10 पादप लार्वा की संख्या का प्रेक्षण दर्ज किए गए। प्रतिशत फली नुकसान बुवाई के 79, 86 और 93 दिनों के पश्चात दर्ज किया गया। दाना उपज फसल कटाई (कि. ग्रा. प्रति हैक्टे.) के समय पर दर्ज की गई।

काबुली चना की बुवाई के 30 और 40 दिनों के बाद रासायनिक एलिसिटरों का 2.5 एवं 5 mM की मात्रा के साथ दो बार प्रयोग किया गया जिसके कारण फली बेधक नाशीजीव की लार्वा समष्टि और फली नुकसान कम हुआ। लार्वा समष्टि में सबसे अधिक गिरावट (29.76%; 25.8 लार्वा प्रति 10 पादप) जेसमोनिक अम्ल (जेए) 5 mM के उपचार में दर्ज की गई, जिसके बाद जेए 2.5 mM (27.23%; 26.73 लार्वा प्रति 10 पादप) में दर्ज की गई। काबुली चना में फली बेधक नाशीजीव की समष्टि पर सैलिसिलिक अम्ल (एस ए) और मिथाइल सैलिसाइलेट (MeSA) के प्रभाव एक दूसरे के बराबर थे, और इनके प्रयोग से लार्वा की समष्टि में 17.51% से 20.50% की गिरावट आई (29.20 से 30.30 लार्वा प्रति 10 पादप), जबकि कंट्रोल में यह 36.73 लार्वा प्रति 10 पादप थी। जेए 5 mM में फली नुकसान की गिरावट (29.88%; 8.59% फली नुकसान) जेए 2.5 mM (23.76%; 9.34% फली नुकसान) की तुलना में काफी भिन्न थी। 5 mM पर SA और MeSA ने फली नुकसान को बराबर कम किया जो कंट्रोल (9.72% से 9.88% फली नुकसान) की तुलना में 19.35% से 20.65% की रेंज में था। चिटोसन की दो मात्राओं (2.5 & 5.0 mM) पर लार्वा की समष्टि और फली नुकसान क्रमशः 10.54% से 13.45% और 7.92% से 9.71% के बीच था। सबसे अधिक दाना उपज जेए 5 mM के उपचार में दर्ज की गई (2622.22 कि. ग्रा. प्रति हैक्टे.) जो कि कंट्रोल (2233.33 कि. ग्रा. प्रति हैक्टे.) की तुलना में 14.83% अधिक था, जबकि शेष उपचारों में, उपज में वृद्धि कंट्रोल की तुलना में 4.74% से 14.10% के बीच थी।

गेहूँ गुलाबी तना बेधक नाशीजीव के प्रबंधन पर रासायनिक एलिसिटर्स का प्रभाव

रबी 2021-22 के दौरान, गेहूँ फसल (किस्म HI1544) पर एक खेत परीक्षण किया गया ताकि गुलाबी तना बेधक नाशीजीव के विरूद्ध सहिष्णुता प्रदान करने हेतु रासायनिक एलिसिटरों की दो मात्राओं के साथ प्राइमिंग की प्रभावकारिता का पता लगाया जा सके। गेहूँ के बीजों को अनुसंधान फार्म के खेत सं. 71 में 30 x 10 से. मी. के अंतराल में दिनांक 16.12.2021 को रोपित किया गया (चित्र 9)। खेत परीक्षण में दस उपचारों का मूल्यांकन किया गया, अर्थात T_1 : सैलिसिलिक अम्ल (8 mM); T_2 : सैलिसिलिक अम्ल (16 mM); T_3 : मिथाइल सैलिसिलेट (8 mM); T_4 : मिथाइल सैलिसिलेट (16 mM); T_5 : जेसमोनिक अम्ल (2.5 mM); T_6 : जेसमोनिक अम्ल (5 mM); T_7 : चिटोसन (2.5 mM); T_8 : चिटोसन (5 mM); T_9 : केवल कैरियर स्प्रे; T_{10} : कंटोल।

गेहूँ के बीजों की बुवाई के 35 और 45 दिनों के पश्चात चार एलिसिटरों का दो मात्राओं पर छिड़काव किया गया। अनुपचारित चेक (कंट्रोल) के रूप में, एलिसिटर्स के प्रयोग के बिना एक उपचार क्षेत्र को विचार में रखा गया। परीक्षण की पूरी अवधि के दौरान कोई भी कीटनाशक का प्रयोग नहीं किया गया। बुवाई के 42, 49, 56 और 63 दिनों के पश्चात प्रतिशत डेड हार्ट पर प्रेक्षण दर्ज किए गए। प्रतिशत व्हाइट ईअर की समष्टि 73, 83 और 93 दिनों के पश्चात दर्ज की गई। दाना उपज फसल कटाई (कि. ग्रा. प्रति हैक्टे.) के समय पर दर्ज की गई।

जेए 5 mM का दो बार पर्णिल छिड़काव किए जाने से डेड हार्ट लक्षण 34.01% (3.74% डेट हार्ट) तक कम हो गए, जिसके बाद जेए 2.5 mM, SA 16 mM और SA 8 mM का प्रयोग किए जाने से डेड हार्ट लक्षण क्रमशः 29.63% (3.99% डेट हार्ट), 24.16% (4.30% डेट हार्ट) एवं 22.90% (4.37% डेट हार्ट) कम हो गए, जो कि एक दूसरे के बराबर थे। चिटोसन की 2.5 और 5 mM मात्रा ने डेड हार्ट को क्रमशः 12.35% और 11.99% कम किया, जो कि एक दूसरे के बराबर थे। व्हाइट ईअर प्रतिशत समष्टि उन भूखंडों में न्यूनतम थी जिन्हें जेए 5mM (कंट्रोल की तुलना में 31.17% गिरावट) से तथा उसके बाद जेए 2.5 mM एवं SA 16 mM से उपचारित किया गया था, जबकि चिटोसन 2.5 mM से 5 mM मात्रा के साथ व्हाईट ईअर समष्टि में गिरावट 12.86% से 18.44% के बीच थी। गेहूँ दाना उपज में तब 28.78% (4655.56 कि. ग्रा. प्रति हैक्टे.) की वृद्धि हुई जब फसल को जेए 5 mM से उपचारित किया गया था, और दाना उपज अनुपचारित की तुलना में 3455.56 कि. ग्रा. प्रति हैक्टे. थी।

फाल आर्मीवॉर्म नाशीजीव, स्पोडोप्टेरा फ्रुर्गिपर्डा की फिटनेस एवं उदर की जीवाणविक विविधता पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव

(योगेश येल, आर. के. मुरली बास्करन, ममता चौधरी, बिनोद के. चौधरी)

फाल आर्मीवार्म (एफ ए डब्ल्यू) नाशीजीव का जीवविज्ञान एवं चरण-वार मर्त्यता

फाल आर्मीवॉर्म के संक्रमण के स्तर की निगरानी पछेती रबी और अगेती खरीफ में मक्का फसल की बुवाई के दौरान भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. में साप्ताहिक अंतराल पर की गई। पछेती रबी में, एफएडब्ल्यू का पहला संक्रमण बुवाई के 20 दिनों के पश्चात देखा गया, जो मार्च 2022 के तीसरे सप्ताह के दौरान 11% के चरम पर था। पछेती रबी के दौरान औसत संक्रमण 7.3 था। अगेती खरीफ के दौरान बुवाई की गई मक्का फसल में एफएडब्ल्यू का पहला संक्रमण दिनांक 20 अप्रैल 2022 को दर्ज किया गया। एफएडब्ल्यू का सर्वाधिक संक्रमण मई 2022 के पहले सप्ताह में 32% था और औसत संक्रमण 15.6 % था।

एफएडब्ल्यू के न्यूक्लिअस कल्चर को रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. के फार्म में उगाई गई मक्का फसल से संगृहीत किया गया। एफएडब्ल्यू को कृत्रिम आहार के साथ पाला गया ताकि उसके जीवविज्ञान और चरण-वार मर्त्यता का अध्ययन किया जा सके। अंडजनन के पश्चात नवजात लार्वा को एक पारदर्शी प्लास्टिक डिब्बे में अलग से रखा गया और कृत्रिम आहार दिया गया। अध्ययन में 40 एफएडब्ल्यू लार्वा को शामिल किया गया जिनके लिए आहार को आवश्यकतानुसार बदला गया। लार्वा की केंचुली उतरने के बाद उसके शारीरिक विकास और चरण-वार मर्त्यता पर दैनिक रूप से प्रेक्षण दर्ज किए गए। वयस्क अवस्था प्राप्त करने के बाद, लार्वा के नर एवं मादाओं की पहचान की गई और एक जोड़े को मेटिंग जार में अलग से रखा गया। वयस्क एफएडब्ल्यू की जीविता को नर एवं मादाओं के संबंध में अलग से दर्ज किया गया। कृत्रिम आहार पर लार्वा के शारीरिक विकास की

वयस्क अवस्था प्राप्त करने तक की अवधि 35.47 ± 0.58 दिन थी, जबकि सभी अन्य लार्वा विकास चरणों में 6वें इनस्टार की अवधि सबसे अधिक 7.77 ± 0.26 दिन थी। लार्वा से प्यूपल अवस्था तक कुल मर्त्यता 52.5% (21/40) पाई गई, जबकि अन्य चरणों में 6वें इनस्टार (प्रिप्यूपल चरण) की मर्त्यता (40.54%; 15/37) सबसे अधिक थी।

विशेष एवं मशीन लर्निंग तकनीकों का प्रयोग करके धान/गेहूँ फसलों की निगरानी, पूर्वचेतावनी और जैविक दबाव के कारण आर्थिक हानियों का आकलन

(एस. के. अम्बस्त, मल्किाअर्जुन, जे., एस. के. जैन, के. सी. शर्मा, आर. के. मुरली बास्करन)

फसल संरक्षण के लिए जैविक स्ट्रेस का समय पर पता लगाना, पूर्वचेतावनी जारी करना और आर्थिक विश्लेषण के द्वारा फसल की हानि का आकलन करना महत्वपूर्ण है। डेटा विश्लेषण तकनीकों (मशीन लर्निंग/पैटर्न की पहचान करना) के साथ उच्च रिजोलुशन ऑप्टीकल सेंसरों (वायु/अंतरिक्ष जनित आर एस) से जैविक स्ट्रेस का सटीकता से पता लगाने तथा पूर्वचेतावनी जारी करने में सहायता मिलती है। उपग्रह सुदूर संवेदन डेटा और मशीन लर्निंग तकनीक का प्रयोग करके जैविक स्ट्रेस के कारण धान और गेहूं फसलों में तात्कालिक फसल हानियों का निर्धारण व आकलन करने हेतु विशिष्ट उद्देश्यों - (क) उपग्रह सुदूर संवेदन डेटा का प्रयोग करके तात्कालिक निगरानी, रोग की खोज और पूर्वचेतावनी प्रणाली के लिए कार्यपद्धति विकसित की जा सके, और (ख) जैविक दबावों के कारण आर्थिक हानियों के आकलन के लिए एकीकृत पूर्वानुमेयता मॉडल विकसित किया जा सके - के लिए एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम चलाया गया। अर्थ एक्सप्लोरर प्लेटफॉर्म (सेन्टिनल-2; रिजोलुशन-10 मी.; पास करने की तिथि - 22.10.2021 एवं 27.10.2021) सहित कुछ प्राथमिक सूचना प्राप्त की गई जिसे रिट्रीव करके अध्ययन क्षेत्र (रायपुर जिला) की ज्यामितीय दृष्टि से परिष्कृत तस्वीर प्राप्त करने हेतु आधार मानचित्र के साथ पूर्व-प्रसंस्कृत किया गया।

भू नियंत्रण बिंदुओं को संगृहीत करने हेतु दो भिन्न अनुप्रस्थों में खरीफ 2022 के दौरान संबद्ध धान फसल में व्यापक खेत सर्वेक्षण किया गया। भौगोलिक कोआर्डिनेट्स ने एक हैंड हेल्ड ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम के माध्यम से निगरानी की। हालांकि पीला तना बेधक नाशीजीव (वाई एस बी) एवं भूरा पादप माहू नाशीजीव (बी पी एच) के कारण धान फसल के कई खेतों को संक्रमित पाया गया, लेकिन उनके आक्रमण की तीव्रता बहुत कम थी (अधिकतर 5-10% के बीच)। भू नियंत्रण बिंदुओं के साथ रिफलेक्टेंस अभिलक्षणों के बीच संबध स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, हाइब्रिड पूर्वानुमान मॉडल के एकीकरण और फसल की निगरानी के लिए एक फ्रेमवर्क विकसित किया गया।

भारत के विभिन्न कृषि जलवायु क्षेत्रों में एकल स्वास्थ्य संघटकों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव का वर्णन

(बिनोद के. चौधरी, ममता चौधरी, लता जैन, सौम्या दाश, योगेश येल)

एकल स्वास्थ्य से अभिप्राय यह है कि मानव, पशु और जिस पर्यावरण में हम रहते हैं, ये सभी एक दूसरे से आपस में गहनता से संबद्ध हैं। इसका दूसरा अभिप्राय स्थानीय, राष्ट्रीय और वैश्विक स्तरों पर लोगों, पशुओं तथा पर्यावरण के लिए इष्टतम स्वास्थ्य प्राप्त करने हेतु बहुविषयक प्रयास करने से है। एकल स्वास्थ्य मुख्य रूप से उभरते रोगों, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा, पर्यावरणीय स्थिरता और जीवाणविक रोधी प्रतिरोध पर केंद्रित रहता है।

पूर्व में संपन्न की गई एग्रोइकोलॉजी क्रॉस टाक परियोजना से लीड लेकर, छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र से कुल 252 नमूनों को जीवाणुओं के वियोजन के लिए उपयोग किया गया। 16S rDNA अनुक्रम विश्लेषण के द्वारा कुल 1145 जीवाणविक वियुक्तों (आइसोलेट्स) की पहचान की गई। टारगेट एग्रोइकोसिस्टम से रिकवर किए गए वियुक्तों के प्रतिशत को ग्राम नेगेटिव बेसीली (73%), ग्राम पोजेटिव बेसली (18%), ग्राम पोजेटिव कोसी (6) और अवर्गीकृत वियुक्त (4%) के रूप में रिपोर्ट किया गया। पादप, पशुओं और मानवों में रोग उत्पन्न करने वाले जीवाणविक रोगजनकों की पहचान की गई, जो 90 से अधिक भिन्न वंशों एवं प्रजातियों से संबंधित थे। कीट जनित रोग (माइकोबैक्टीरियम बोविस, क्यू-फीवर, लेप्टोस्पिरोसिस एवं स्क्रब टाइफस) उत्पन्न करने वाले लक्षित जीनों की पहचान करने हेतु, टैकमैन आधारित आरटी-पीसीआर आणविक विश्लेषण के मानकीकरण का कार्य पोजेटिव नमूनों के साथ

जारी है। प्राथमिक आरटी-पीसीआर डेटा ने cT मानों के साथ पोजेटिव परिणाम दर्शाए।

छत्तीसगढ़ में स्तन सूजन (मैस्टाइटिस) से संबद्ध खाद्य जनित रोगजनकों की जानपदिकता

(सौम्या दाश, ममता चौधरी)

गोजातीय पशुओं के थनों व दुग्धदानी में सूजन व थनैला को स्तन सूजन रोग (मैस्टाइटिस) के रूप में जाना जाता है जो डेयरी पशुओं के लिए खतरा पैदा करता है और भारी आर्थिक हानि पहुंचाता है। स्तन सूजन रोग से संदूषित दूध पर्यावरण में जीवाणुरोधी प्रतिरोधी बैक्टीरिया के फैलाव के स्रोत के रूप में कार्य करता है। रायपुर में स्थित एक डेयरी फार्म में होल्स्टीन फ्रीशियन गोपशु से संगृहीत दूध नमूनों को केलिफोर्निया मैस्टाइटिस टेस्ट (सी एम टी) के द्वारा टेस्ट किया गया ताकि क्लिनिकल या सबक्लिनिकल मैस्टाइटिस का पता लगाया जा सके। बैक्टीरियोलॉजीकल कल्चर के लिए, दूध के एक लूपफुल को लिया गया और बीएचआई एवं एमएलए मीडियम में उस पर धारियां खींची गईं। प्लेटों की जांच की गई ताकि इनक्यूबेशन के 24 और 48 घंटों पर जीवाणविक विकास का पता लगाया जा सके। जीवाणुओं की बस्ती की आकारिकीय के आधार पर, 21 जीवाणविक वियुक्तों को एकत्र कर उनका लक्षणवर्णन किया गया और उनकी आकारिकी का पता लगाने के लिए जैवरासायनिक अभिक्रियाओं तथा गाम स्टेनिंग का प्रयोग किया गया। प्रारंभ में, इन वियुक्तों की पहचान ग्राम-पोजेटिव बेसीली के रूप में की गई। एंटीबायोटिकों से प्रतिरोधी एवं संवेदनशील रोगजनकों का पता लगाने के लिए एंटीबायोटिक संवेदनशीलता टेस्टों का भी प्रयोग किया गया। परिणामों में यह पाया गया कि दो वियुक्तों में सभी एंटीबायोटिकों से 95% से अधिक का प्रतिरोध था और एम्पीसिलीन एवं सेफिक्सिम से पूर्ण प्रतिरोध था। किंतु, उन्हें जेंटामाइसीन से अधिक संवेदनशील पाया गया और एमॉक्सीक्लेव एवं एमीकासीन एंटीबायोटिकों के लिए मध्यम संवेदनशील पाया गया। रूटीन एंटीमाइक्रोबायल संवेदनशीलता टेस्ट, स्तन सूजन रोग के विरूद्ध प्रभावकारी उपचार के लिए कार्यनीतियां बनाने में सहायक हो सकते हैं।

फसल स्वास्थ्य जीवविज्ञान अनुसंधान विद्यापीठ (एस सी एच बी आर)

धान जीवाणविक पत्ती अंगमारी रोगजनक जेंथोमोनस ओरिजा पीवी. ओरिजा के विरूद्ध जीवाणुभोजियों की पहचान एवं लक्षणवर्णन

(लता जैन, विनय कुमार, एस. के. जैन)

जीवाणुभोजियों के प्रोटीन की प्रोफाइलिंग

पीईजी सकेंद्रित 19 जीवाणुभोजियों को प्रोटीनों के अवक्षेपण के लिए एसिटोन के साथ उपचारित किया गया और उनके संरचनात्मक प्रोटीनों का विश्लेषण एसडीएस-पेज (SDS-PAGE) के द्वारा किया गया। एसडीएस पेज पर, जेल फेजिज में 8-15 संरचनात्मक प्रोटीन पाए गए, जिनमें 3-5 प्रोटीनों का आणविक वजन 10 से 175 kDa के बीच था।

जीवाणुभोजियों (बैक्टीरियोफेजिज) का पूर्ण जीनोम अनुक्रमण

सभी 19 जीवाणुभोजियों से निष्कर्षित नाभिकीय अम्लों को DNase, RNase और S-1 न्यूकलीस से उपचारित किया गया ताकि नाभिकीय अम्ल की प्रकृति का अध्ययन किया जा सके। इन सभी जीवाणुभोजियों को आनुवंशिक सामग्री के रूप में ds-DNA के रूप में पाया गया। इनमें से 16 जीवाणुभोजियों को पूर्ण जीनोम अनुक्रमण के लिए प्रसंस्कृत किया गया जिसके लिए इलुमिना आधारित अनुक्रमण अभिगम/एप्रोच का प्रयोग किया गया। इस अभिगम के अंतर्गत जीनोमिक लाइब्रेरी तैयार करना, जीनोमिक लाइब्रेरियों का अनुक्रमण, असंसाधित रीड्स/न्यूक्लियोटाइड डेटा का सृजन, डेटा गुणवत्ता की जांच और न्यून गुणवत्ता वाले रीड्स का फिल्ट्रेशन, असंसाधित एवं फिल्टर किए गए रीड्स का विश्लेषण, उच्च गुणवत्ता के फिल्टरयुक्त रीड्स से डिनोवो जीनोम असेम्बली, प्रजाति की पहचान एवं उसका फैलाव, कार्यात्मक एनोटेशन एवं जीन ऑन्टोलॉजी पर कार्य किए गए जिसमें भिन्न सॉफ्टवेयर और जैवसूचना विज्ञान अभिगमों का प्रयोग किया गया। जैवसूचना विज्ञान विश्लेषण में, सभी 16 जीवाणुभोजियों के जीनोम को प्रजाति वितरण के लिए ब्लास्ट हिट पर जीवाणुभोजी जीनोम अनुक्रम से सदृश पाया गया। जीनोम का आकार 43.6 kbp से 203 kbp के बीच था और जीनो की अनुमानित संख्या 56 से 418 के बीच थी।

कार्यात्मक एनोटेशन और जीन ऑन्टोलॉजी विश्लेषण में यह पाया गया कि इन जीवाणुभोजियों के जीनोम अनुक्रम में वायरल ट्रांसक्रिप्शन, वायरल कैप्सिड स्थापन के लिए जीन थे, बैक्टीरियम से संबंधित प्रतिरक्षी जीन थे, वायरल टर्मिनेशन आदि से संबंधित जीन थे।

जेंथोमोनस ओरिजा पीवी. ओरिजा के 16 जीवाणुभोजियों के डब्ल्यूजीएस के रॉ डेटा को एनसीबीआई में जैव-परियोजनाः PRJNA844261 के तहत शीर्षक 'लाइटिक बैक्टीरियोफेजिज ऑफ जेंथोमोनस ओरिजा पीवी. ओरिजा ऑफ इंडियन ओरिजन' के साथ जमा किया गया। सभी 16 अनुक्रम रीड आर्काइव (एस आर ए) को एसआरए वंशावली संख्या: SRR19757542 से SRR19757556; और SRR19760374 के साथ जमा किया गया। NR08 फेज जीनोम का विश्लेषण विस्तृत रूप से किया गया और उसकी कार्यत्मकता की व्याख्या की गई। बैक्टीरियोफेज vB_XooS_NR08 के पूर्ण जीनोम अनुक्रम को एसआरए वंशावली संख्या SRR19757545 के साथ एनसीबीआई डेटाबेस में जमा किया गया। NR08 का जीनोम रैखिक डबल-स्ट्रांडेड डीएनए था जिसका आकार 98812 bp था तथा G+C तत्व 52.9% और कॉन्टिग 39 थे। इसके जीनोम में 142 ओपन रीडिंग फ्रेमों (ORFs) सहित tRNA के लिए एक ओआरएफ, नामतः trna1-GlnTTG था। पूर्व में रिपोर्ट किए गए 10 Xoo फेजिज के साथ NR08 फेज के तुलनात्मक जीनोम विश्लेषण में यह पाया गया कि रिपोर्ट किए गए 10 फेजिज की तुलना में इसके जीनोम का आकार दोगुना है और इनके अनुक्रम की सदृश्यता भी बहुत कम है।

काबुली चना में रोग उत्पन्न करने वाले पादप रोगजनकों के नियंत्रण के लिए जीवाणविक रोधी बायोसर्फैक्टेंट उत्पादक जीवाणविक संसाधनों का विकास

(सुशील के. शर्मा, लता जैन)

जीवाणविक रोधी पेप्टाइड (एम एम पी) ओलिगोपेप्टाइड होते हैं जिनके अमीनो अम्लों की संख्या में भिन्नता (5 से < 100) होती है। जीवाणुओं द्वारा बैक्टीरियोसिन्स, लिपोपेप्टाइडों, ग्लाइकोलिपिडों, फोस्फोलिपिडों, पॉलीसैकाराइड-प्रोटीन कॉम्पलेक्सों, न्यूट्रल लिपिडों एवं वसा अम्लों सहित एएमपी के विविध समूह को उत्पादित करते हैं। इन एएमपी का उपयोग फार्मास्यूटीकल क्षेत्र में, खाद्य, कॉस्मेटिक, हाइड्रोकार्बन निष्कासन और विशेष रूप से रोगजनकों तथा नाशीजीवों के जैविक नियंत्रण के लिए कृषि में बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। इन एएमपी में से, एक पेप्टाइड और एक लिपिड मोइटी सहित जीवाणविक रोधी साइक्लिक लिपोपेप्टाइड अनुषंगी मेटाबोलाइट हैं जिन्हें विविध बैक्टीरिया के समूह द्वारा उत्पादित किया जाता है। जीवाणविकरोधी पेप्टाइड के साथ भिन्न बैक्टीरिया की खोज करके अणु उत्पादित किए जा सकते हैं जिनका उपयोग पादप रोगजनकों के नियंत्रण के लिए किया जा सकता है, क्योंकि ये रासायनिक कीटनाशकों का बेहतर विकल्प हैं।

फ्यूसेरियम ऑक्सीस्पोरुम एफ. प्रजा. साइसेरिस एवं स्कलेरोशियम रोल्फसी के विरूद्ध चयनित बेसीली की प्रतिरोधी (एंटागोनिस्टिक) संभावना

छत्तीसगढ़ के कुछ काबुली चना उत्पादक क्षेत्रों की राइजोस्फीयर मृदाओं से 100 से अधिक प्यूटेटिव बेसीली रिकवर किए गए। 16S rRNA जीन अनुक्रमों तथा पारंपरिक अभिलाक्षणिकताओं के आधार पर कुछ पादप विकासमूलक एवं प्रतिरोधी बेसिलस वियुक्तों की पहचान ब्रेविबेसिलस फोर्मोसस, बेसिलस इनविक्टम, बी. टेक्विलेंसिस, बी. सबटिलिस, बी. कारब्रायालेसी, बी. पैरामाइकोइडेस, बी. वेलजेंसिस, बी. सियामेंसिस और बी. लाइचेनीफोर्मिस के रूप में की गई। इन प्रतिरोधी बैक्टीरिया में से, बी. कारब्रियालेसी (IS-10) ने बायोसर्फैक्टेंट टाइप मॉलीक्यूल उत्पादित करने की क्षमता प्रदर्शित की जिन्होंने डिस्क इमप्रेग्नेशन विधि का प्रयोग करके एफ. ऑक्सीस्पोरुम एफ. प्रजा. साइसेरिस (FOC) और एफ. ऑक्सीस्पोरुम एफ. प्रजा. लाइकोपर्सिसी (FOL) जैसे पादप रोगजनकों के विकास को अवरोधित किया।

बी. कारब्रियालेसी (IS-10) के कच्चे अर्क के बायोसर्फैक्टेंट गुणधर्म की पुष्टि इमल्सीफिकेशन, हेमोलाइसिस टेस्ट, लिपासे टेस्ट और ऑयल स्प्रैड ऐस्से के द्वारा की गई जिसके लिए विभिन्न तेल स्रोतों और पैराफिल्म एम टेस्ट का प्रयोग किया गया। इसके अतिरिक्त, बी. कारब्रियालेसी (IS-10) से निष्कर्षित बायोसर्फैक्टेंट की प्रक्रति का वर्णन टीएलसी के द्वारा किया गया जिसमें साइक्लिक लिपोपेप्टाइड प्रकृति की मौजूदगी पाई गई। एफ. ऑक्सीस्पोरुम एफ. प्रजा. साइसेरिस (एफ ओ सी) और स्कलेरोशियम रोल्फसी के विरूद्ध प्रतिरोधी गतिविधि की खोज करने हेतु, सर्वप्रथम बैक्टीरिया के बड़े पूल का प्रयोग किया गया और संभावित प्रतिरोधिता अर्थात एंटागोनिस्टक

के रूप में 10 से अधिक बेसीली का चयन किया गया। इनमें से, बी. कारब्रियलेसी (IS-10) ने लिपोपेप्टाइड टाइप बायोसर्फैक्टेंट उत्पादित किया जिसने एफओसी के विरूद्ध प्रतिरोध यानी एंटागोनिज्म प्रदर्शित किया।

भारत से वन्य प्रजातियों में दबाव अनुकूलन से संबंधित जीनोमिक विचलनों का अध्ययन

(ललित एल. खरबिकर, अनिल दीक्षित)

खरपतवार जीवविज्ञान और समष्टि गतिकियों से संबंधित अधिकतर प्रकाशन व्याख्यात्मक के बजाय विवरणात्मक होते हैं। अतः, खरपतवार की अभिलाक्षणिकताओं को बेहतर समझने के लिए यह जरूरी है कि अध्ययनों में इस बात का स्पष्ट रूप से उल्लेख होना चाहिए कि ''खरपतवारें उस तरह का संव्यवहार क्यों करती है, जैसा कि वे करती हैं?'' पूर्ण जीनोम अनुक्रम 225 वेसकुलर पादप प्रजातियों के लिए उपलब्ध हैं। इनमें से 58% फसल प्रजातियां, 18% फसल वन्य प्रजातियां, और 22% मॉडल प्रजातियां तथा उनकी वन्य प्रजातियां हैं। तथापि, जो खरपतवारें फसलों से प्रतिस्पर्धा करती हैं और जिनकी कई फसलों में औसत वार्षिक उपज हानि 30% होती है, उनका वर्तमान में जीनोमिक अध्ययनों में प्रतिनिधित्व कम है, क्योंकि अभी तक केवल चार खरपतवार जीनोम प्रकाशित किए गए हैं। भारत से खरपतवार प्रजातियों में दबाव अनुकूलन से संबंधित जीनोमिक विचलनों का अध्ययन करने हेतु, भारत के नौ राज्यों से पांच अति महत्वपूर्ण खरपतवार प्रजातियों के तेईस बीज नमूनों को संगृहीत किया गया जिनका बहुगुणन जीनोमिक लक्षणर्णन के लिए भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. में किया जा रहा है।

संरक्षण कृषि उत्पादन प्रणाली के तहत नाशीजीव की गतिकियां और उनका प्रबंधन

(श्रीधर, जे., ललित एल. खरबिकर, अनिल दीक्षित, वी. के. चौधरी, टी. के. दास)

दो स्थानों में धान-गेहूँ-मूंग फसल प्रणालियों में नाशीजीव की गतिकियां

धान-गेहूँ आधारित फसल प्रणाली को परीक्षण स्थलों में अंगीकृत किया गया। भाकृअनुप-डी डब्ल्यू आर जबलपुर और भाकृअनुप-भाकृअसं, नई दिल्ली में फसल के विभिन्न चरणों के दौरान नाशीकीटों की गतिकियों तथा संक्रमण पर प्रेक्षण रिकॉर्ड किए गए। नाशीकीटों का संक्रमण व पीड़न जबलपुर के बजाय, भाकृअसं के धान खेत में ईटीएल से कम था। लेकिन, संरक्षण जुताई (सी टी) और शून्य जुताई (जेड टी) के परस्पर कोई खास भिन्नता नहीं थी। फसल नुकसान सीटी और जेडटी दोनों में 10% से कम था। इन दोनों स्थलों में धान फसल में कई नाशीजीवों, जैसे कि पत्ती मोड़क (सेफालोक्रोसिस मेडिनेलिस), धान ईअरहेड बग (लेप्टोकोरिसा एक्यूटा), ग्रीन स्टिंक बग (चिनाविया हेलेरिस), ग्रीन हॉर्न्ड कैटरपिलर (मेलेनिटिस लेडा इस्मिनी), ग्रासहोपर (हायरोग्लायफस बेनियन), शॉर्ट हॉर्न्ड ग्रासहोपर (ऑक्स्या निटिडुला) द्वारा किया गया नुकसान भी पाया गया। धान फसल की कटाई के उपरांत, धान भूसी एवं मृदा में दीमक और रूट ऐफिड जैसे नाशीजीव पाए गए।

उपरोक्त दोनों स्थानों में मक्का आधारित फसल प्रणालियों में नाशीजीव की गतिकियां

मक्का अधारित फसल प्रणाली को डी डब्ल्यू आर, जबलपुर और भाकृअसं, नई दिल्ली, जिन्हें संरक्षण कृषि के लिए नामित किया गया है, के दीर्घकालिक परीक्षण भूखंडों के मुख्य खेत में अंगीकृत किया गया। दोनों स्थलों के परीक्षण भूखंडों में मक्का फाल आर्मीवॉर्म (स्पोडोप्टेरा फ्रुगिपर्डा) और मीलीबग की मौजूदगी पाई गई। भाकृअसं केंद्र में फाल आर्मीवॉर्म (एफ ए डब्ल्यू) का गहन संक्रमण पाया गया।

भाकृअसं, नई दिल्ली में कपास-गेहूँ आधारित फसल प्रणाली में नाशीजीव की गतिकियां

कपास-अधारित फसल प्रणाली को भाकृअसं, नई दिल्ली, जिसे संरक्षण कृषि के लिए नामित किया गया है, में दीर्घकालिक परीक्षण भूक्षंडों में अंगीकृत किया गया। परीक्षण भूखंडों में सफेद मक्खी, पर्ण फुदका यानी लीफहोपर्स, पेन्टाटोमिड बग और ऐश वीविल जैसे नाशीजीव ईटीएल स्तर से कम पाए गए, जबकि शून्य जुताई (जेड टी) में ऐश वीविल का संक्रमण मध्यम स्तर का था। सफेद मक्खियों और पर्ण फुदका के संक्रमण के कारण शर्करायुक्त तरल पदार्थ के साथ कपास पादपों का पूरी तरह क्षय पाया गया तथा पादपों में फुदका द्वारा झुलसा रोग लक्षण पाए गए। ऐश वीविल (माइलोइसेरअस अनडेसिम्पुसटुलेटस), रेड कॉटन बग (डिसडेरकस सिंगुलेटुसी), गुलाबी सूँडी (पेक्टिनोफोरा

गोसीपीला) कुछ ऐसे नाशीजीव थे जिन्हें ईटीसी स्तर से कम पाया गया।

भाकृअसं, नई दिल्ली में अरहर-गेहूँ आधारित फसल प्रणाली

अरहर-अधारित फसल प्रणाली को भाकृअसं, नई दिल्ली, जिसे संरक्षण कृषि के लिए नामित किया गया है, में दीर्घकालिक परीक्षण भूक्षंडों में अंगीकृत किया गया। अरहर फसल में इरियोफाइड माइट द्वारा उत्पन्न स्टेरिलिटी मोजेक वायरस दर्ज किया गया जिसने पादपों और उनकी शाखाओं के विकास को अवरूद्ध किया जिसके कारण पादप झाड़ीदार से दिख रहे थे। धारीदार फली बेधक (मारुका विटराटा) नाशीजीव और ग्राम पॉड बोरर (हेलिकोवर्पा आर्मिगेरा) पाए गए जिनके द्वारा किया गया नुकसान आर्थिक देहीली स्तर से कम था।

उत्तर पूर्व भारत की नीबूवर्गीय फसल में सीटीवी, एचएलबी एवं फाइटोप्थोरा सड़न रोगों की त्वरित खोज के लिए नैदानिक किटों का विकास

(ललित एल. खरबिकर,
अनिल दीक्षित)

खेत में बाह्य दृश्य लक्षणों को प्रेक्षित करके पादप रोगों की पहचान करना बहुत ही मुश्किल है। इन मुश्किलों से निपटने के लिए तथा फाइटोप्थोरा से संक्रमित किसी भी पादप से फाइटोप्थोरा प्रजा. के नाशीजीव की खोज करने के लिए एक रेडी टू यूज आरटीपीसीआर किट विकसित की गई। इस किट का लाभ यह है कि यह पादपों से किसी भी फाइटोप्थोरा प्रजा. की पहचान करने में सहायता करती है, क्योंकि यह केवल दो-स्तर आरटी-पीसीआर कार्यक्रम में किसी भी फाइटोप्थोरा डीएनए के प्रवर्धन हेतु सिंग्ल प्रोब मिक्सचर का उपयोग करती है। मानक जीन संश्लेषण नयाचार का प्रयोग करके, एक 82 बीपी के लॉर्ज सबयूनिट राइबोसोमल आरएनए जीन अनुक्रम का संश्लेषण किया गया। इस प्रयोजन हेतु, दो सिंथेटिक लॉन्ग ओलिगोमर्स को एनसीबीआई में उपलब्ध भिन्न फाइटोप्थोरा प्रजा. के 1752 लॉर्ज सबयूनिट राइबोसोमल आएएनए जीनों के कन्सेन्सस अनुक्रम से दो सिंथेटिक लॉन्ग ओलिगामर्स डिजाइन किए गए। कच्चे जीन संश्लेषण उत्पाद को 2% एगारोस जेल पर विद्युतकणमय (इलेक्ट्रोफोर्स्ड) बनाकर निष्कर्षित किया गया और उसे परिष्कृत किया गया। परिष्कृत जीन-संश्लेषण उत्पाद को pGEM-T वेक्टर में क्लोनीकृत करके ई. कॉली Mach1 सेल्स में परिवर्तित किया गया। ट्रांसफार्मेन्ट्स को LB-Amp प्लेटों पर चयनित किया गया। इन्जर्ट की मौजूदगी के लिए कॉलोनी की जांच उचित दिशा में की गई जिसके लिए टी 7-फॉरवर्ड एवं Sp6- रिवर्स प्राइमर का प्रयोग किया गया। पोजेटिव क्लोनों को प्लासमिड के वियोजन एवं अनुक्रमण के लिए चयनित किया गया और नेगेटिव क्लोनों के साथ 5 चयनित क्लोनों का कॉलोनी पीसीआर विश्लेषण किया गया जिसके लिए टी 7-फॉरवर्ड एवं Sp6- रिवर्स प्राइमरों का प्रयोग किया गया (चित्र 2)। पोजेटिव क्लोनों के कॉलोनी पीसीआर उत्पादों को निष्कर्षित, परिष्कृत, अनुक्रमित करके एनसीबीआई में ब्लास्ट (BLAST) आधारित विश्लेषण किया गया। सभी अनुक्रमों ने फाइटोप्थोरा क्लेमीडोस्पोरा वियुक्त LSUWURR121 लॉर्ज सबयूनिट राइबोसोमल आएनए जीन से 100% सदृश्यता प्रदर्शित की और न्यूनतम प्रत्याशित मान 1e-32 एवं 0% gaps था।

TaqMan-आधारित प्लासमिड सेंसिटिविटी ऐस्से के लिए, 108 से 10 की रेंज में कॉपी नंबरों में क्रमिक रूप से तनुकृत सिंथेटिक फाइटोप्थोरा विशिष्ट जीन (सिंथेटिक जीन सहित 10 µl प्लासमिड) को सिट्रस gDNA में डोपित किया गया। तत्पश्चात मिश्रण को आरटी-पीसीआर के एफएएम चैनल में उपरोक्त प्रोब मिक्सचर का प्रयोग करके प्रवर्धित किया गया।

फाइटोप्थोरा संक्रमित सिट्रस पत्ती नमूनों में फाइटोप्थोरा विशिष्ट जीन और सिंथेटिक फाइटोप्थोरा जीन सहित प्लासमिड के परस्पर आरटी-पीसीआर प्रवर्धनों की तुलना भी की गई।

फसल प्रतिरोध प्रणाली अनुसंधान विद्यापीठ
(एस सी आर एस आर)

प्रतिरोध स्रोत पादपों से जैविक दबाव प्रेरित प्रोमोटरों की पहचान करना

(पी. एन. सिवालिंगम, आशीष मराठे, विनय कुमार, ललित एल. खरबिकर, एस. के. जैन)

ग्रीवा सड़न रोग (कॉलर रॉट डिजीज) के विरूद्ध काबुली चना में आइसोफ्लेवोन सिंथेज जीन के प्रोमोटर की गतिविधि काबुली चचना (किस्म वैभव) के आईएफएस 1 जीन के

उर्ध्वप्रवाह क्षेत्र (~2kb) का प्रवर्धन पीसीआर के द्वारा विशिष्ट प्राइमरों का प्रयोग कर किया गया और pGEM-T ऐस्से वेक्टर में क्लोनीकृत किया गया तथा अनुक्रमण के द्वारा उसकी पुष्टि की गई। डीएनए क्षेत्र को जीयूएस जीन अंतर्विष्ट pORE-R2 वेक्टर में उप-क्लोनीकृत किया गया। इस पुनर्योगज अर्थात रिकम्बिनेन्ट वेक्टर को एग्रोबैक्टीरियम ट्यूमफेसिएंस EHA105 में परिवर्तित किया गया। चौदह दिन की अवस्था के काबुली चना पादपों को स्कलेरोशियम रोलफ्सी से संक्रमित किया गया। संक्रमित पादपों को आईएफएस 1 जीन के प्रोमोटर क्षेत्र के साथ pORE-R2 सन्निहित एग्रोबैक्टीरियम कल्चर से अंतःस्पंदित (इनफिल्र्ड) किया गया। अंतःस्पंदन के 24 घंटों के बाद पत्ती के नमूने लिए गए और जीयूएस ऐस्से के साथ उनका विश्लेषण किया गया। कंट्रोल की तुलना में, संक्रमित नमूनों में जीयूएस स्टेनिंग अधिक थी, जो स्कलेरोशियम रोलफ्सी के संक्रमण के उपरांत आईएफएस 1 की सक्रिय गतिविधि का सूचक है।

बहु स्ट्रेस (जीवाणविक अंगमारी, प्रस्फुटन एवं भूरा पादप फुदका) से सहिष्णुता प्रदान करने के लिए धान फसल में सुपर डोनरों का विकास)

(विनय कुमार, पी. एन. सिवालिंगम,
मल्लिकाअर्जुन, जे., एस. के. जैन)

बहु दवावों के लिए जीनों वाले धान फसल में सुपर डोनर वंशक्रम विकसित करने हेतु, बीएलबी एवं प्रस्फुटन और बीएलबी एवं बीपीएच प्रतिरोधी जीनों को उस लाइन व वंशक्रम में अंतर्गामित करने हेतु संकर विकसित किए गए जिनमें क्रमशः बीपीएच तथा प्रस्फुटन प्रतिरोधी जीनों के लिए पांच जीन थे। धान जीनों का अंर्तगामन भिन्न संयोजनों में किया गया; बीएलबी प्रतिरोध के लिए पांच जीनों वाले वीकेआर-7 को प्रस्फुटन रोग प्रतिरोध के लिए पिटा सन्निहित जीनों के साथ संकरीकृत किया गया। विभिन्न धान वंशक्रमों में, एफ 1 एवं एफ 2 पीढ़ियों में बीएलबी एवं प्रस्फुटन प्रतिरोधी जीनों के अंतर्गामन के पश्चात उत्पादित बीजों की आकारिकीय दिखावट को चित्र में दर्शाया गया है। भिन्न संकर संयोजनों के बीजों की फसल-कटाई करके उन्हें पेट्री-प्लेटों में उगाया गया, और उसके उपरांत उन्हें गमलों में प्रतिरोपित किया गया। इन पादपों से डीएनए को वियोजित किया गया और उसका उपयोग बीएलबी, प्रस्फुटन एवं बीपीएच प्रतिरोधी जीनों के लिए भिन्न संयोजन की मौजूदगी की आणविक मार्कर आधारित खोज करने के लिए किया गया।

अंतर्गामित धान वंशक्रमों में बीएलबी, बीपीएच और प्रस्फुटन प्रतिरोधी जीनों की मौजूदगी की आणविक मार्कर आधारित पुष्टि

भिन्न संकर संयोजनों से बीज उत्पादित किए गए। जीनोमिक डीएनए को वियोजित किया गया और बीएलबी, प्रस्फुटन एवं बीपीएच के लिए प्रतिरोधी जीनों के भिन्न संयोजनों की मौजूदगी का पता लगाने हेतु एकल पादप-वार नमूनों का उपयोग किया गया। भिन्न संकर संयोजनों के एफ 1 बीजों, और द्विमार्गीय संकरों को प्रतिरोधी जीन संयोजन की मौजूदगी के लिए जांचा गया, जिसके लिए आणविक मार्कर्रों तथा Xa21-pTA248 एवं xa13-Xa13-prom प्राइमरों के सेट का प्रयोग किया गया ताकि क्रमशः Xa21 एवं xa13 जीनों की मौजूदगी का पता लगाया जा सके। इसी तरह से, भिन्न संकर संयोजनों में प्रस्फुटन प्रतिरोधी जीनों की मौजूदगी की खोज Pi MAS मार्कर्रों से की गई, जबकि Pi54 प्रस्फुटन प्रतिरोधी जीन की खोज आणविक मार्कर्रों से की गई। साहित्यक सर्वेक्षण के आधार पर, धान जीनोम में मास्टर रेग्यूलेटर जीनों को अधिसूचित किया गया और उनके जीन विशिष्ट प्राइमरों को विकसित किया गया तथा धान जननद्रव्य में ब्रॉड स्पैक्ट्रम प्रतिरोध (बी एस आर) जीनों की पीसीआर आधारित खोज के लिए रिएक्शन स्थितियों का इष्टतमीकरण किया गया।

पाइरिकुलेरिया ओरिजा रोगजनक द्वारा उत्पन्न प्रस्फुटन रोग के विरूद्ध धान जननद्रव्य की जांच

प्रस्फुटन रोग उत्पन्न करने वाले रोगजनक को खेत से वियोजित किया गया और पाइरिकुलेरिया ओरिजा के विरूद्ध धान वंशक्रमों की जांच करने हेतु संवीक्षा तकनीकों अर्थात स्क्रीनिंग टैक्नीक्स का इष्टतमीकरण किया गया। एक सौ धान जननद्रव्य वंशक्रमों को ट्रे (10 वंशक्रम प्रति ट्रे) में प्रतिरोपित किया गया तथा रोगजनक को 1×10^5 बीजाणु प्रति मि. ली. मात्रा से टीकाकृत किया गया। रोग अभिक्रिया के आकलन व निर्धारण के लिए संक्रमण डेटा को रिकॉर्ड किया गया।

ओरिजा की वन्य प्रजातियों सहित धान जननद्रव्य का बहुगुणन एवं लक्षणवर्णन

आई आर आर आई, फिलिपींस, भाकृअनुप-एन आर आर आई, कटक एवं आई आई आर आर, हैदराबाद से खरीदे गए कुल 250 धान वंशक्रमों, स्थानिक प्रजातियों, खेती करने योग्य किस्मों तथा बीएलबी, प्रस्फुटन एवं बीपीएच के लिए जीन अंतर्गामित वंशक्रमों को खेत तथा गमलों में बहुगुणित किया गया और विभिन्न विशेषकों व गुणों का पता लगाने के लिए उनका लक्षणवर्णन किया गया। इन वंशक्रमों की जांच प्रस्फुटन एवं बीएलबी रोगों के लिए भिन्न प्रतिरोधी जीनों की मौजूदगी के लिए भी की गई ताकि जीनों का प्रजनन कार्यक्रमों में उपयोग किया जा सके। प्रतिरोधी जीन वाली धान वन्य प्रजातियों, अर्थात ओरिजा निवारा, ओ. मिनुटा, ओ. ग्लुमाइपाटुला, ओ. ग्रांडिग्लुमिस, ओ. रुफिपोगॉन एवं ओ. लॉन्गिस्टेमिनाटा का बहुगुणन किया गया ताकि प्रतिरोधी जीनों की पहचान की जा सके। ओरिजा प्रजातियों के बीजों को पेट्री प्लेटों में उगाया गया। अंकुरण के पश्चात पौधों को गमलों में प्रतिरोपित किया गया ताकि उनका बहुगुणन किया जा सके और रोग की अभिक्रियाओं का पता लगाया जा सके।

सोयाबीन फसल में पीला मोजेक रोग से भिन्नात्मक अभिक्रिया में आइसोफ्लेवोन्स की भूमिका का वर्णन

(आशीष मराठे, पी. एन. सिवालिंगम, ललित एल. खरबिकर)

सोयाबीन फसल की प्रतिरोधी एवं संवेदनशील जननद्रव्य वंशावलियों में आइसोफ्लेवोन्स का एचपीएलसी विश्लेषण

सोयाबीन की चयनित प्रतिरोधी एवं संवेदनशील जननद्रव्य वंशावलियों में सोया-आइसोफ्लेवोन्स, जैसे कि डेडजेन, जीनस्टीन एवं ग्लासिटीन का आकलन एचपीएलसी के माध्यम से किया गया जिसके लिए डेडजेन, जीनस्टीन एवं ग्लासिटीन के बाह्य मानकों का प्रयोग किया गया। प्रोफाइलिंग अध्ययनों से, यह पाया गया कि आइसोफ्लेवोन तत्व में विपर्यस वंशावलियों में काफी अधिक अंतर था। यद्यपि प्रतिरोधी वंशक्रम (CAT-1808) में डेडजेन, जीन्सटीन एवं ग्लासिटीन का क्रमशः 0.42601 µg, 0.308 µg और 159.4 µg/100 मि. ग्रा. शुष्क पत्ती वजन था, किंतु संवेदनशील जननद्रव्य (CAT-313-A) में डेडजेन प्रति 100 मि. ग्रा. शुष्क पत्ती वजन केवल 0.02 µg था (जीन्स्टीन एवं ग्लासिटीन की खोज नहीं की गई)।

पादपों में जैविक दबावों से प्रतिरोध प्रदान करने से संबद्ध आणविक कार्यपद्धति एवं मेटाबोलिक नेटवर्क का वर्णन

(विनय कुमार, पी. एन. सिवालिंगम,
मल्लिकाअर्जुन जे., आशीष मराठे)

काबुली चना से जीवाणविक अंतःपादपों की पहचान एवं लक्षणवर्णन

प्रमुख मृदा जनित रोगजनकों, अर्थात स्कलेरोशियम रोलफ्सी एवं फ्यूसेरियम के विरूद्ध प्रतिरोधी गतिविधि वाले काबुली चना के महत्वपूर्ण जीवाणविक अंतःपादपों की पहचान करने हेतु, कुल 119 जीवाणविक अंतःपादपों को काबुली चना के विभिन्न पादप ऊतकों से वियोजित किया गया। जड़, तना की पत्ती, पुष्प और ग्रंथि नमूनों से वियोजित जीवाणविक अंतःपादपों की संख्या क्रमशः 32, 41, 32, 8 और 4 थी। जीवाणविक अंतःपादपों की जांच इन विट्रो की गई ताकि स्कलेरोशियम एवं फ्यूसेरियम के विरूद्ध उनकी प्रतिरोध की गतिविधि का पता लगाया जा सके। इनमें से, 16 वियुक्तों ने ड्यूअल कल्चर में फ्यूसेरियम के विकास को अवरोधित किया और NIBSM_CaL1 ने कवक विकास का सर्वाधिक अवरोधन किया। इन अंतःपादपों की जांच पीजीपी विशेषकों अर्थात आईएए उत्पादन, फॉस्फेट घुलनशीलता, साइडेरोफोर उत्पादन एवं DNease गतिविधि का पता लगाने के लिए फिर से की गई। 16s rDNA जीन अनुक्रमों का प्रयोग करके, पीपीजी विशेषकों के संयोजन में या एकल रूप में संभावित प्रतिरोधी गतिविधियों वाले जीवाणविक अंतःपादपों की पहचान करने के साथ-साथ वियुक्तों की पहचान विभिन्न वंशों, बेसिलस, स्यूडोमोनस, पॉन्टिबेक्टर, माइक्रोबैक्टीरियम, प्रिसटिया एवं पेन्टोइया के प्रतिनिधि के रूप में की गई। 16s rDNA जीन अनुक्रमों की कुल 21 संख्या को एनसीबीआई में जमा किया गया और उनकी वंशावली संख्याएं (OP142754- OP142774) प्राप्त की गईं। फ्यूसेरियम के विरूद्ध संभावित प्रतिरोधी गतिविधियां परिलक्षित करने वाले जीवाणविक अंतःपादपों का उपयोग चयनित जीवाणविक वियुक्तों, यानी NIBSM_CaL1, CaS25 एवं CaS37 के इन प्लांटा वैधीकरण के लिए किया गया, जिसमें यह पाया गया कि कंट्रोल पादपों की तुलना में फ्यूसेरियम दबाव के तहत पादप का विकास अच्छा था तथा जड़ एवं प्ररोह की लंबाई और जीवित्ता में वृद्धि हुई।

इसी प्रकार से, पादप के हित में पीपीजी और जीवाणविक रोधी गतिविधि वाले सर्वश्रेष्ठ वियुक्त की पहचान

करने हेतु पीपीपी गतिविधियों के लिए रोगजनक के विरूद्ध प्रतिरोधी गतिविधियों वाले जीवाणविक अंतःपादपों की जांच की गई। यह पाया गया कि फास्फेट घुलनशीलता और साइडेरोफोर उत्पादन के लिए पोजेटिव वियुक्तों की संख्या क्रमशः 20 और 10 थी।

फ्यूसेरियम के विरूद्ध प्रतिरोधी गतिविधियों वाले जीवाणविक अंतःपादपों में लिपोपेप्टाइड जीनों की पीसीआर आधारित जांच

कवक रोगजनकों के विरूद्ध संभावित जीवाणुरोधी गतिविधियां प्रदर्शित करने वाले जीवाणविक अंतःपादपों की जांच की गई ताकि लिपोपेप्टाइड जीनों की मौजूदगी का पता लगाया जा सके क्योंकि यह जीवाणुरोधी गतिविधियों के लिए यह एक मुख्य कारक हो सकता है। जीवाणविक अंतःपादपों से वियोजित जीवाणविक जीनोमिक डीएनए का गुणत्तात्मक एवं मात्रात्मक रूप से विश्लेषण किया गया और उनका उपयोग जीन विशिष्ट प्राइमरों के साथ पीसीआर अभिक्रिया के लिए किया गया। पीसीआर प्रवर्धन ने सर्फेक्टिन, इटुरिन ए, बेसिलोमाइसीन डी एवं फेंजिसीन डी, जीवाणविक अंतःपादपों के जीनोम की मौजूदगी प्रदर्शित की। जीवाणविक वियुक्तों NIBSM_CaS25 ने सर्फेक्टिन एवं इटुरिन ए की मौजूदगी दर्शाई, जबकि वियुक्त (NIBSM_CaL5) ने सर्फेक्टिन एवं बेसिलोमाइसीन डी की मौजूदगी दर्शाई।

भिन्नात्मक जीन अभिव्यंजकता विश्लेषण

भिन्नात्मक जीन अभिव्यंजकता (एक्सप्रैशन) का अध्ययन करने हेतु, फाइटोहॉर्मोन्स पाथवे से संबंधित और प्रतिरोध से संबंधित तथा सिग्नलिंग पाथवे से संबंधित जीनों को चयनित किया गया। भिन्नात्मक जीन अभिव्यंजकता विश्लेषण की पहचान करने के लिए चयनित पीसीआर प्राइमरों को संश्लेषित किया गया तथा रियल टाइम पीसीआर में पीसीआर स्थितियों सहित उनके एनीलिंग तापमान का इष्टतमीकरण किया गया ताकि अंतःपादप समर्थित प्रतिरोध से संबद्ध जीनों की भिन्नात्मक अभिव्यंजकता की पहचान की जा सके। जीनों के सीटी मान वक्र और मेल्ट कर्व विश्लेषण, एनएसी ट्रांसक्रिप्शन फैक्टर (एनएसी टीएफ) एवं ऑक्सिन बाइंडिंग प्रोटीन ABP19a, (Aux BP) को आरटी पीसीआर के द्वारा सृजित किया गया। त्रिपक्षीय अन्योन्यक्रिया (काबुली चना-फ्यूसेरियम-एंडोफाइट के बीच) का अध्ययन किया गया ताकि फ्यूसेरियम के विरूद्ध अंतःपादप समर्थित प्रतिरोध प्रदान करने से संबद्ध संभावित जीनों की भिन्नात्मक अभिव्यंजकता को जाना-समझा जा सके। विभिन्न जीनों, अर्थात NAC TF, ऑक्सिन बाइंडिंग प्रोटीन ABP19a (AUX BP) (2.5 फोल्ड की तुलना में 15 फोल्ड), 14-3-3 लाइक प्रोटीन (14-3-3 P), लिनोलिएट 9S-लिपोक्सिजिनेस (LOX) और ल्यूसाइन-समृद्ध रिपीट प्रोटीन (एलआरआर) की बढ़ती अभिव्यंजकता रोगजनक के संक्रमण के प्रारंभिक चरण में उन पादपों में पाई गई जिन पर अंतःपादप का जैव-आवरण चढ़ाया गया था और जिन पादपों को रोगजनक के विरूद्ध टीकाकृत किया गया था, जबकि अंतःपादप का जैव-आवरण नहीं चढ़ाए गए पादपों में बढ़ती अभिव्यंजकता नहीं पाई गई। ये जीन पादप की रोगप्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं क्योंकि ये फाइटोहॉर्मोन पाथवेज, सिग्नलिंग, सहायक मेटाबोलाइटों के उत्पादन, रेग्यूलेटिंग जेसमोनिक ऐसिड पाथवे का न्यूनीकरण करते हैं। फ्यूसेरियम मुरझान के विरूद्ध प्रतिरोधी गतिविधि वाले काबुली चना जीवाणविक अंतःपादपों का उपयोग, अंतःपादप समर्थित प्रतिरोध की आणविक कार्यपद्धति को समझने के लिए किया जा सकता है।

धान फसल में पीला तना बेधक नाशीजीव के विरूद्ध सिलिकॉन समर्थित प्रतिरक्षा का वर्णन

(मल्लिकाअर्जुन, जे., विनय कुमार)

सिलिकॉन जमाव से संबंधित अध्ययनों के लिए स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी (एसईएम) और इलेक्ट्रॉन डिसपर्सिव एक्सरे स्पैक्ट्रोस्कोपी (ईडीएस)

विभिन्न उपचारों (Si+, Pest+; Si+, Pest-; Si-, Pest+; Si-, Pest-) के तना ऊतक नमूनों की जांच सिलिकॉन जमाव संबंधी अध्ययनों के आधार पर एसईएम के द्वारा की गई। सिलिकॉन जमाव अन्य उपचारों की तुलना में, Si+, Pest+ एवं Si+, Pest- में अधिक था, जैसा कि एसईएम तस्वीरों से स्पष्ट था। ईडीएस विश्लेषण में यह पाया गया कि सिलिकॉन जमाव Si+, Pest+ में 24.32 (% वजन) था (जो कि सभी उपचारों में सर्वाधिक था) जिसके बाद Si+, Pest- (19.02 % वजन) में था।

Si-उपचारित धान पादपों से रिकवर किए गए वाईएसबी लार्वा का ऊतक विकृति विज्ञान (हिस्टोपैथोलॉजीकल) आधारित अध्ययन

परीक्षण वाले धान पादपों से निष्कर्षित पीला तना बेधक सूंडी की जांच माइक्रोटॉमी अध्ययनों के आधार पर की गई ताकि सूंडी के मध्य उदर व मिडगट के एपिथिलियम पर सिलिकॉन के प्रभाव का पता लगाया जा सके। माइक्रोटॉमी अध्ययनों में यह पाया गया कि सिलिकॉन उपचारित पादपों का आहार खिलाए गए सूंडी के मध्य उदर के एपिथिलियम की लाइनिंग टेड़ी थी, उसका पेरिट्रोफिक मेम्ब्रेन क्षतिग्रस्त था तथा एपिथिलियल सेल्स विघटित थीं। सिलिकॉन के बिना धान पादपों का आहार खिलाए गए लार्वा के मध्य उदर एपिथिलियम में कोई परिवर्तन नहीं पाया गया।

इलुमिना अनुक्रमण अभिगम का प्रयोग करके वाईएसबी संक्रमित सिलिकॉन-उर्वरित धान का ट्रांसक्रिप्टोम अनुक्रमण

यह परीक्षण वाईएसबी के विरूद्ध सिलिकॉन समर्थित प्रतिरोध के आणविक प्रभाव का अध्ययन करने के लिए ट्रांसक्रिप्टोम विश्लेषण हेतु नमूने लेने के लिए किया गया। भिन्न अवधि पर उपरोक्त में वर्णित विभिन्न उपचारों से लिए गए धान पादप नमूनों की जांच ट्रांसक्रिप्टोम विश्लेषण के आधार पर की गई। तुलनात्मक ट्रांसक्रिप्टोम विश्लेषण में विभिन्न उपचार संयोजनों में भिन्नात्मक जीन अभिव्यंजकता इंगित हुई।

जीन ऑन्टोलॉजी (जीओ) इनरिचमेंट

जीओ इनरिचमेंट अध्ययनों में यह पाया गया कि सिलिकॉन का प्रयोग किए जाने से समस्त उपचारों में विभिन्न परिधीय प्रक्रमों (सेलुलर प्रोसेसिस) एवं पाथवेज से संबद्ध जीनों की अभिव्यंजकता बढ़ गई।

ज्वालामुखी भूखंड

जीनों के फैलाव का प्रतिनिधित्व करने वाले ज्वालामुखी भूखंडों में यह पाया गया कि सभी उपचार संयोजनों में अधिकतम संख्या के जीन लार्वा छोड़े जाने के बाद 0 और 1 दिन के बजाय 3, 4 एवं 5 दिनों के दौरान अभिव्यंजित हुए।

जैविक दबावों के विरूद्ध चयनित फसल-नाशीजीव तंत्र में नवीन आनुवंशिक संसाधन एवं जीनों की पहचान करना

(मल्लिकाअर्जुन, जे., पिचईमुथु, एम., पी. एन. सिवालिंगम, विनय कुमार, श्रीधर, जे., आशीष मराठे)

जननद्रव्य का क्रय

2 वन्य प्रजातियां (अबेलमोचस टेट्राफाइलस किस्म टेट्राफाइलस एवं ए. मोसचेटस) से संबंधित 2 वंशावलियों और उपकिस्मों की 50 वंशावलियों सहित एक संवेदनशील मानक किस्म (चेक) (AC 1685) के साथ भिंडी जननद्रव्य का क्रय भाकृअनुप-आईआईएचआर बैंगलूरु से किया गया। वन्य प्रजातियों से संबंधित 17 वंशावलियों और उपकिस्मों की 50 वंशावलियों के साथ भिंडी जननद्रव्य का क्रय भाकृअनुप-एन बी पी जी आर, क्षेत्रीय केंद्र, त्रिशूर से किया गया। बैंगन प्रजातियों की चार वंशावलियों का क्रय भाकृअनुप-एन बी पी जी आर, नई दिल्ली से किया गया।

पर्ण फुदका (लीफहोपर) के विरूद्ध भिंडी जननद्रव्य की खेत में जांच

वन्य प्रजातियों की वंशावलियों सहित भिंडी जननद्रव्य की कुल 124 वंशावलियों की जांच खेत स्थितियों के तहत पर्ण फुदका नाशीजीव के विरूद्ध उनकी अभिक्रिया के लिए ग्रीष्म 2022 के दौरान की गई। पर्ण फुदका का आपतन (पर्ण फुदका समष्टि की औसत संख्या) 4.2-233.3 प्रति पादप के दायरे में थी। खेती करने योग्य प्रजातियों की वंशावलियों में, वन्य प्रजातियों की तुलना में, सर्वाधिक समष्टि दर्ज की गई। सभी वन्य प्रजातियों के संबंध में जैसिड क्षति सूचकांक ≤ 1 से कम था और खेती करने योग्य प्रजातियों के लिए यह > 4 से अधिक था।

पीला शिरा किर्मीर विषाणु अर्थात येलो वेन मोजेक वायरस (वाई वी एम वी) रोग के विरूद्ध भिंडी जननद्रव्य की खेत में जांच

एनबीपीजीआर से क्रय की गई उपकिस्मों (कल्टीवर्स) की वंशावलियों में से, 20 वंशावलियां वाईएमवी के विरूद्ध अभिक्रिया की दृष्टि से उच्च संवेदनशील थीं, 10 संवदेनशील थीं, 10 प्रतिरोधी और 9 उच्च प्रतिरोधी थीं।

भिंडी शिराविन्यास पर्ण कुंचन विषाणु अर्थात ओकरा इनेशन लीफ कर्ल वायरस (ओ ई एल सी वी) रोग के विरूद्ध खेत में जांच

एनबीपीजीआर से क्रय की गई खेती करने योग्य प्रजातियों की वंशावलियों में से, सभी 49 वंशावलियां अभिक्रिया की दृष्टि से ओईएलसीवी रोग से या तो संवेदनशील थीं या उच्च संवेदनशील थीं। वन्य प्रजातियों की 12 वंशावलियों में से, 7 वंशावलियां ओईएलसीवी रोग से या तो प्रतिरोधी थीं या उच्च प्रतिरोधी थीं, और शेष संवेदनशील थीं।

चयनित फसल - जैविक स्ट्रेस में जैविक स्ट्रेस का न्यूनीकरण एवं जीन कार्यत्मकता का विश्लेषण

(आशीष मराठे, पी. एन. सिवालिंगम, विनय कुमार, मल्लिकाअर्जुन, जे.)

सोयाबीन में क्रिस्पर *Cas9*समर्थित जीन एडिटिंग

कोटीलेडोनरी नोड मैथड का अनुसरण करते हुए, सोयाबीन (किस्म DS-9712) को परिवर्तित किया गया जिसके लिए आइसोफ्लेवोन सिंथेस (आई एफ एस) जीन से विशिष्ट sgRNA (टारगेट-1) सन्निहित Cas9 वेक्टर वाले एग्रोबैक्टीरियम का प्रयोग किया गया। प्यूटेटिव टी$_1$ पादपों की जांच पीसीआर निदान हेतु की गई जिसके लिए फोस्फिनोथ्रिसिन एसिटाइल ट्रांसफरेस (पी ए टी) जीन विशिष्ट प्राइमरों का प्रयोग किया गया। जांच में पीएटी जीन का एकीकरण पााया गया। पत्तियों पर फोसफिनोथ्रिसिन (शाकनाशी) के 138 मि. ग्रा. प्रति ली. का रंग चढ़ाया गया। रंग चढ़ाने के सात दिनों के बाद पत्तियों की आकारिकी पर प्रेक्षणों को रिकॉर्ड किया गया। यद्यपि कंट्रोल पादपों ने झुलसन के लक्षण प्रदर्शित किए, मगर ट्रांसफॉर्मैंट्स ने केवल क्लोराफिल के रंग को फीका किया (चित्र 56)। Cas9 की गतिविधि की पुष्टि करने हेतु, आईएफएस जीन को टी$_1$ पादपों से प्रवर्धित करके अनुक्रमित किया गया। आईएफए 2 जीन में सिंगल बेस एडिटिंग (टी से सी) प्रेक्षित की गई।

फसल प्रणालियों में सूत्रकृमियों पर एआईसीआरपी

धान मूल-ग्रंथि सूत्रकृमि (मेलाइडोजाइन ग्रामिनिकोला) नाशीजीव के विरूद्ध प्रतिरोध के लिए धान जीनप्ररूपों की जांच, पुष्टिकरण एवं मूल्यांकन

भाकृअसं नई दिल्ली के पीसी प्रकोष्ठ, एआईसीआरपी (एन) से प्राप्त धान के कुल 50 जननद्रव्य वंशक्रमों को धान आरकेएन के विरूद्ध जांच करने के लिए 10 × 10 से. मी. के आकार के प्लास्टिक भूखंडों में खरीफ 2022 के दौरान अलग से उगाया गया। अंकुरण के एक सप्ताह के पश्चात, प्रति गमला केवल एक पौध को रखा गया और शेष पौधों की छंटाई की गई। पन्द्रह दिनों की अवस्था वाली पौधों को एम. ग्रामिनिकोला के 200 ताजे अंडाजनित सेकंड स्टेज जुवेनाइलों से टीकाकृत किया गया। बुवाई के पैंतालीस दिनों के बाद, पादपों को सावधानीपूर्वक उखाड़ा गया और उनकी जड़ों को चलते परनी से धोया गया तथा उन पर लेक्टोफिनोल-अम्ल फुचसिन का लेप लगाया गया। जांच किए गए 50 धान जननद्रव्य वंशक्रमों में से, पांच वंशक्रमों (IIRRN-2,3,9,29,34) ने एम. ग्रामिनिकोला से मध्यम प्रतिरोधी अभिक्रिया प्रदर्शित की, 12 वंशक्रमों ने संवेदनशील अभिक्रिया प्रदर्शित की तथा शेष ने उच्च संवदेनशील अभिक्रिया प्रदर्शित की।

प्रतिरोपित धान फसल में रासायनिकों के माध्यम से धान मूल ग्रंथि सूत्रकृमि नाशीजीव, मेलोइडोजाइन ग्रामिनिकोला का प्रबंधन

धान फसल में मूल ग्रंथि सूत्रकृमि (रूट रॉट निमाटोड) नाशीजीव के विरूद्ध विभिन्न रासायनिकों की जांच करने हेतु रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. के फार्म में खरीफ 2022 के दौरान एक खेत परीक्षण किया गया। बुवाई से पहले नर्सरी क्यारियों में निम्नलिखित सभी उपचार किए गए। छः पुनरावर्तनों के साथ आरसीबी डिजाइन को अंगीकृत किया गया। धान (किस्म स्वर्णा) की बुवाई संस्तुत कृषि विधियों के पैकेज के अनुसार 5*4 वर्ग मी. आकार के भूखंड में की गई। उपचार इस प्रकार थे : टी$_1$: 1 कि. ग्रा. प्रति हैक्टे. की दर से फ्लुएनसुल्फान 2% जीआर; टी$_2$: 1 कि. ग्रा. प्रति हैक्टे. की दर से कार्बोसुल्फान 5 जी का मृदा में प्रयोग (बुवाई के समय पर); टी$_3$: अनुपचारित चेक। प्रतिरोपण (औसतन 20 पौधें) से पहले प्रारंभिक सूत्रकृमि की समष्टि/200 सीसी मृदा पर प्रेक्षण दर्ज किए गए, पौध की ऊंचाई (से. मी.), प्रति जड़ तंत्र गाल्स की संख्या, फसल कटाई (औसतन रूप से 20 पौधें) के समय पर मूल ग्रंथि सूचकांक, मृदा में अंतिम सूत्रकृमि समष्टि (200 सीसी) और फसल कटाई के समय पर जड़ (5 ग्रा.) तथा प्रति हैक्टे उपज (कि. ग्रा.) दर्ज की गई। परिणामों में यह पाया गया कि 1 कि. ग्रा. प्रति हैक्टे. की दर से फ्लुएनसुल्फान 2% जीआर का मृदा में प्रयोग (बुवाई के समय पर) को सभी प्राचलों के संदर्भ में सर्वश्रेष्ठ उपचार के रूप में पाया गया, जिसके बाद 1 कि. ग्रा. प्रति हैक्टे. की दर से कार्बोसुल्फान 6 जी उपचार को पाया गया।

प्रतिरोपित धान फसल में मूल ग्रंथि सूत्रकृमि नाशीजीव, मेलाइडोजाइन ग्रामिनिकोला के प्रबंधन के लिए कुछ जीवाणविक कन्सोटिया का मूल्यांकन

धान फसल में मूल ग्रंथि सूत्रकृमि नाशीजीव के विरूद्ध विभिन्न जैव नियंत्रण अभिकारकों को टेस्ट करने हेतु रा.जै. स्ट्रे.प्र.सं. में खरीफ 2022 के दौरान एक खेत परीक्षण किया गया। बुवाई से पहले नर्सरी क्यारियों में निम्नलिखित सभी

उपचार किए गए। पांच पुनरावर्तनों के साथ आरसीबी डिजाइन को अंगीकृत किया गया। धान (किस्म स्वर्णा) की बुवाई संस्तुत कृषि विधियों के पैकेज के अनुसार 5*4 वर्ग मी. आकार के भूखंड में की गई। उपचार इस प्रकार थे : $टी_1$ = 20 ग्रा. प्रति वर्ग से. मी. की दर से बायोफोर pf-2 के साथ नर्सरी क्यारी उपचार; $टी_2$ = 20 ग्रा. प्रति वर्ग मी. की दर से बायोग्रीन के साथ नर्सरी क्यारी का उपचार; $टी_3$ = 20 ग्रा. प्रति वर्ग मी. की दर से बायोटाइम के साथ नर्सरी क्यारी का उचार; $टी_4$ = 20 ग्रा. प्रति वर्ग मी. की दर से स्यूडोमोनस फ्ल्यूरोसेंस के साथ नर्सरी क्यारी का उपचार (संस्तुत विधि); $टी_5$ = अनुपचारित चेक। निम्नलिखित प्रेक्षण रिकॉर्ड किए गए : 1. प्रारंभिक सूत्रकृमि समष्टि/200 सीसी मृदा; 2. पौध की ऊंचाई (से. मी.); 3. प्रतिरोपण (औसतन रूप से 20 पौधें) से पहले प्रति जड़ तंत्र गाल्स की संख्या; 4. फसल कटाई (औसतन रूप से 20 पौधें) के समय पर मूल ग्रंथि सूचकांक; 5. मृदा में अंतिम सूत्रकृमि समष्टि (200 सीसी) और फसल कटाई के समय पर जड़ (5 ग्रा.); 6. उपज (कि. ग्रा. प्रति भूखंड प्रति हैक्टे) दर्ज की गई।

परिणामों में यह पाया गया कि सूत्रकृमि नाशीजीव की समष्टि (मृदा एवं जड़ में) को कम करने में, पौध की ऊंचाई, प्रति पौध गाल्स की संख्या, आरकेआई के आधार पर सभी उपचार कमोबेश एक जैसे प्रभावकारी थे। उपचार टी1: बायोफोर pf-2 को सर्वाधिक उपज (8.05 टन प्रति हैक्टे.) दर्ज करने के अलावा, सूत्रकृमि नाशीजीव की समष्टि (87 प्रति 200 सी मृदा और 12.36 प्रति 5 ग्रा. जड़), को कम करने में, पौध की ऊंचाई, प्रति पौध गाल्स की संख्या, आरकेआई के आधार पर सबसे अधिक प्रभावकारी पाया गया।

मूल-ग्रंथि सूत्रकृमी नाशीजीव के विरूद्ध बैंगन के आशाजनक प्रतिरोधी जननद्रव्य की जांच, पुष्टिकरण और खेत में मूल्यांकन

भाकृअसं नई दिल्ली के पीसी प्रकोष्ठ, एआईसीआरपी (एन) से प्राप्त बैंगन के कुल 50 जननद्रव्य वंशक्रमों को स्टीम टीकाकृत मृदा से भरे हुए 10 × 10 से. मी. के आकार के प्लास्टिक भूखंडों में उगाया गया। पौध के जमाव के उपरांत, प्रति गमला केवल एक पौध को रखा गया और शेष पौधों की छंटाई की गईं। पन्द्रह दिनों की अवस्था वाली पौधों को एम. इनकॉग्निटा के 1000 ताजे अंडजनित सेकंड स्टेज जुवेनाइलों से टीकाकृत किया गया। बुवाई के पैंतीलीस दिनों के बाद, पादपों को सावधानीपूर्वक उखाड़ा गया और गाल इंडेक्स एवं प्रति 5 ग्रा. जड़ एग मास की संख्या को आकलित करके 1-5 स्केल के आधार पर वर्गीकृत किया गया।

बैंगन के 50 जननद्रव्य वंशक्रमों में से, 28 में अंकुरण नहीं हुआ, हालांकि इनकी 2 बार बुवाई की गई थी। अंकुरित हुए 22 बैंगन जननद्रव्य में से, एक वंशक्रम (IC-090786) गाल्स की संख्या और प्रति 5 ग्रा. जड़ नमूना एग मास के संदर्भ में प्रतिरोधी, 3 संवदेनशील और शेष मध्यम प्रतिरोधी थे (तालिका 19)।

फसल स्वास्थ्य नीति सहायता अनुसंधान विद्यापीठ (एस सी एच पी आर)

भारत में कृषि महत्वपूर्ण आक्रामक नाशीजीवों और रोगों का नाशीजीव जोखिम विश्लेषण (पी आर ए)

(के. सी. शर्मा, एस. के. जैन,
सौम्या दाश, पी. मूवेन्थन)

यह सर्वविदित है कि कृषि महत्वपूर्ण उत्पादों व सामग्रियों में रोगों और नाशीकीटों की मौजूदगी के खतरनाक प्रभाव होते हैं। नाशीजीव जोखिम विश्लेषण अनेक उपायों में से एक है, जिसे आयातों एवं निर्यातों से संबंधित नियामक निर्णय लेने के लिए विचार में रखा जाता है। पीआरए जांच करने से पहले, एक प्रयास किया गया कि उन सीमापर नाशीकीटों और रोगजनकों/रोगों को चिन्हित किया जाए जो हमारे देश में मौजूद नहीं हैं, हालांकि यह संभावना होती है कि वे अनेक मार्गों के माध्यम से देश में प्रवेश कर सकते हैं। कुछ महत्वपूर्ण नाशीकीट यानी लोरेयी लीफ वॉर्म, व्हीट मिज, सिटोडिप्लोसिस मोसेलेना, हेसियन फ्लाई, मेयटियोला डिस्ट्रक्टर, ग्रेन डर्मेस्टिड बीटल, ट्रोगोडर्मा वेरिएबाइल, ग्लेबरअस कैबिनेट बीटल, ट्रोगोडर्मा ग्लेब्रम और हेयरी फंगस बीटल, टाइफेईस्टर कोरिया तथा कुछ फसल रोग, जैसे कि मक्का घातक ऊतकक्षय या कॉर्न घातक ऊतकक्षय रोग, केला जेंथोमोनस मुरझान रोग, गेहूँ प्रस्फुटन रोग, सोयाबीन चूर्णिल आसिता रोग, सूरजमुखी फोमोप्सिस स्टेन कांकेर रोग, पुसिनिया ग्रामिनिस एफ. स्पी. ट्राइट्राइसी (गेहूँ में तना रतुआ रोग) के Ug99 प्रजातियां, फली फसल में मॉटल वाइरस और मूंगफली स्तंभन रोग को भारत में नहीं पाया जाता है, हालांकि यह पूरी संभावना होती है कि अनेक मार्गों से ये देश में प्रवेश कर सकते हैं।

जनवरी-दिसंबर 2022 के दौरान एफ एफ पी, डीबीटी बायोटेक-किसान हब एवं डीएसटी-एस सी एस टी परियोजनाओं के तहत उपलब्धियों का सारांश

क्र. सं.	कार्यक्रम	फार्मर फर्स्ट	डीबीटी बायोटेक किसान हब	डीएसटी एसवाईएसटी फोल्डस्कोप
1.	आयोजित किए गए प्रशिक्षण कार्यक्रम	46	63	09
2.	आयोजित किए गए प्रदर्शन	58	66	01
3.	विभिन्न क्षमता निर्माण कार्यक्रमों (सी बी पी) के तहत लाभान्वित हुए किसान	1845	1644	323
4.	सशक्तिकरण किए गए महिला किसान	570	458	128
5.	प्रशिक्षण दिए गए और कृषि से जोड़े गए युवा	765	849	286
6.	खरीफ में धान फसल के तहत कवर किया गया क्षेत्रफल (हैक्टे. में)	48	60	-
7.	रबी और खरीफ में सब्जियों के तहत कवर किया गया क्षेत्रफल (हैक्टे. में)	23	17	-
8.	रबी में धान परती भूमि में दलहनों के तहत कवर किया गया क्षेत्रफल (हैक्टे. में)	42	60	-
9.	लोकप्रिय की गई प्रौद्योगिकियां	16	26	01
10.	प्रलेखित सफलता गाथाएं	101 भाकृअनुप-अटारी, जबलपुर को प्रस्तुत	03 डीबीटी को प्रस्तुत	01
11.	आयोजित किए गए अग्रपंक्ति प्रदर्शन	03 (भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं., और कसडोल में एफएफपी गांवों में कीटनाशकों के छिड़काव के लिए ड्रोन के प्रयोग हेतु आयोजित प्रथम पंक्ति प्रदर्शन)		
12.	आयोजित/समन्वित किए गए अंतर संस्थानिक एचआरडी कार्यक्रम	03	04 केवीके महासमुंद एवं राजनंदागांव	08
13.	ई-विस्तार सेवाएं, मोबाइल एडवाइजरी प्रणाली और आईसीटी टूल्स के संबंध में चलाई गई गतिविधियां	13	-	28 माइक्रोकोस्मोस ऑनलाइन डेटाबेस में प्रकाशित फोल्डस्कोप प्रेक्षण
14.	आयोजित किए गए खेत दिवस	01	03	-
15.	विकसित किए गए मोबाइल अनुप्रयोग	01	कड़कनाथ इन्फो - एक एंड्रोइड आधारित मोबाइल ऐप	

राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान शिक्षा प्रकोष्ठ

भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. को सौंपे गए महत्वपूर्ण अधिदेशों में से एक है, जैविक स्ट्रेस के क्षेत्र में आधुनिक अनुसंधान के लिए क्षमता निर्माण करने हेतु स्नातकोत्तर, डॉक्टरेट एवं पश्च-डाक्टरेट उपाधियां प्रदान कर कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा को बढ़ावा देना। इस संबंध में, पूर्व में 2019 में, भाकृअनुप-भाकृअसं, नई दिल्ली के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. के संकाय सदस्यों को मान्यता

भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. के निम्नलिखित वैज्ञानिकों को, उनके शिक्षण प्रदान करने और/या शोधप्रबंधों में निर्देशन के अनुभव व योग्यता के अनुसार, एम. एससी. निर्देशन के लिए संकाय सदस्यों के रूप में नामित एवं मान्यता प्रदान की गई।

तालिका 1 : वर्ष 2022-23 के दौरान भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. के मान्यता प्राप्त संकाय सदस्य

क्र. सं.	नाम एवं पदनाम	विषय-शाखा	संकाय/शोध निर्देशक
1.	डॉ. पी. मूवेन्थन, वरिष्ठ वैज्ञानिक	कृषि विस्तार शिक्षा	एम एससी निर्देशन के लिए शोध निर्देशक
2.	डॉ. श्रीधर जे वरिष्ठ वैज्ञानिक	कीटविज्ञान	एम एससी निर्देशन के लिए शोध निर्देशक
3.	डॉ. मल्लिकाअर्जुन, वरिष्ठ वैज्ञानिक	कीटविज्ञान	एम एससी निर्देशन के लिए शोध निर्देशक

स्नातकोत्तर कार्यक्रम

शैक्षणिक वर्ष (2020-22) के दौरान, नौ एम. एससी. छात्रों को और शैक्षणिक वर्ष 2021-23 में एम. एससी. कार्यक्रम के विभिन्न विषय-शाखाओं में दाखिला दिया गया, जिसका विवरण निम्न प्रकार है :

तालिका 2 : भाकृअनुप.रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. में एम. एससी. छात्रों को आवंटित की गई सीटें

क्र. सं.	विषय-शाखा	शैक्षणिक सत्र 2020-22 में आवंटित की गई सीटें.	शैक्षणिक सत्र 2021-23 में आवंटित की गई सीटें.
1.	सस्य विज्ञान	2	2
2.	कृषि कीट विज्ञान	2	5
3.	कृषि सूक्ष्मजीव विज्ञान	1	2
4.	आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन	1	1
5.	आणविक जीवविज्ञान एवं जैवप्रौद्योगिकी	2	5
6.	पादप विकृति विज्ञान	1	1
	कुल	**9**	**16**

शैक्षणिक सत्र 2022-24 में, 05 एम. एससी. और 6 पीएच. डी. छात्रों को प्रस्तावित किया गया।

एम. एससी. पाठ्यक्रमों का शिक्षण

शैक्षणिक वर्ष 2020-21 दिनांक 28 दिसंबर, 2020 से शुरु हुआ। तथापि, कोविड-19 महामारी की स्थिति के कारण पाठ्यक्रमों को प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टरों के दौरान ऑनलाइन पढ़ाया गया। भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. के निम्नलिखित संकाय सदस्य शिक्षण प्रदान करने में भाकृअनुप-भाकृअसं संकाय सदस्यों में शुमार थे।

तालिका 3 : एसोसिएट के रूप में एम. एससी./पीएच. डी. पाठ्यक्रमों का शिक्षण प्रदान करने हेतु नामित संकाय सदस्य (प्रथम सेमेस्टर)

क्र.सं.	नाम	पाठ्यक्रम सं	पाठ्यक्रम का शीर्षक
1.	डॉ. ए. दीक्षित, प्रधान वैज्ञानिक एवं संयुक्त निदेशक, एससीएचबीआर (का.)	एजीआरओएन 503	खरपतवार प्रबंधन के सिद्धांत एवं प्रैक्टिस
2.	डॉ. आर. के. मुरली बास्करन, प्रधान वैज्ञानिक	ईएनटी 605	कीट संव्यवहार
3.	डॉ. एस. के. शर्मा, प्रधान वैज्ञानिक	एमआईसीआरओ 504	मृदा सूक्ष्मजीव विज्ञान
4.	डॉ. के. सी. शर्मा, प्रधान वैज्ञानिक	एजीआर 005	प्रमुख नाशीजीव एवं फसलें और उनका प्रबंधन
5.	डॉ. विनय कुमार	एमबीबी 502	आणविक जीव विज्ञान के मौलिक

तालिका 4 : एसोसिएट के रूप में एम. एससी. पाठ्यक्रमों का शिक्षण प्रदान करने हेतु नामित संकाय सदस्य (द्वितीय सेमेस्टर)

क्र.सं.	नाम	पदनाम	विषय-शाखा/पाठ्यक्रम का नाम
1	डॉ. आर. के. मुरली बास्करन, प्रधान वैज्ञानिक	ENT 519 ENT613/PATH 606/NEMA60	वाणिज्यिक कीटविज्ञान पादप जैव-सुरक्षा एवं जैव-संरक्षा
2	डॉ. एस. के. शर्मा, प्रधान वैज्ञानिक	MICRO 511	जैवउर्वरक प्रौद्योगिकी
3	डॉ. के. सी. शर्मा, प्रधान वैज्ञानिक	ENT 610	कृषि पक्षीविज्ञान
4	डॉ. मल्लिकाअर्जुन जे., वरिष्ठ वैज्ञानिक	ENT 519	वाणिज्यिक कीटविज्ञान
5.	डॉ. आशीष मराठे, वैज्ञानिक	BIO 502	इंटरमीडियरी मेटाबॉलिज्म

एम. एससी. छात्रों के शोध विषय

एम. एसीसी. कार्यक्रम (2020-22) के छात्रों के लिए अनुमोदित शोध शीर्षक निम्न प्रकार हैं।

तालिका 5 : एम. एससी. छात्रों के लिए अनुमोदित शोध शीर्षक (2020.22)

क्र. सं.	छात्र का नाम	विषय-शाखा	शोध शीर्षक
1	श्री रोशन दलाल	सस्य विज्ञान	इफैक्ट ऑफ टिलेज-हर्बिसाइड इंटरेक्शन ऑन वीड मैनेजमेंट ऐंड ईल्ड ऑफ व्हीट क्रॉप (अंतिम वाइवा-वोस यानी मौखिक परीक्षा अभी नहीं हुई है)
2	सुश्री पौलोमी देबनाथ	सस्यविज्ञान	इफैक्ट ऑफ न्यूट्रिएंट मैनेजमेंट ऐंड हर्बिसाइड इंटरेक्शन इन वीड मैनेजमेंट ऑफ व्हीट।
3	श्री प्रवीन पांडा	कृषि कीटविज्ञान	स्ट्रडीज ऑन मैनेजमेंट ऑफ राइस वीविल, सिटोफाइलस ओरिजा (एल.) (कोलियोप्टेराः कुरकुलियोनिडा) इनफैस्टिंग स्टोर्ड पैडी।
4	श्री प्रियांशु पवार	कृषि कीटविज्ञान	स्ट्डीज ऑन एफिकेसी ऑफ केयरोमोन-जेल फॉर्म्यूलेशन्स ऑन बायो-कंट्रोल पोटेंशियल ऑफ ट्राइकोग्राम्मा प्रजा., अगेंस्ट लेपिडोप्टेरा पैस्ट्स ऑफ व्हीट ऐंड चिकपी।
5	श्री एम. शशांक गौड	कृषि सूक्ष्म जीवविज्ञान	डिसिफरिंग ऑपरेशन ऑफ ट्रिप्टोफान - डिपेंडेंट ऐंड - इंडिपेंडेंट पाथवेज इन प्लांट एसोसिएटेड बैक्टीरिया फॉर इन्डोल-3-एसिटिक (आई ए ए) प्रोडक्शन।
6.	श्री अनिक बसाक	आणविक जीवविज्ञान एवं जैवप्रौद्योगिकी	चने में फ्यूजेरियम के विरुध संभावित रोगाणुरोधी सक्रियता वाले जीवाणु एंडोफिटस की पहचान और विषेशताएँ वर्णन
7.	सुश्री लेरिसा स्वीटी डी' सिल्वा	आणविक जीवविज्ञान एवं जैवप्रौद्योगिकी	करेक्ट्राइजेशन ऑफ प्रोमोटर ऑफ आइसोफ्लेवोन सिंथेस जीन इन ग्रेन लैग्यूम्स।
8.	सुश्री स्वागत ठाकुर	पादप विकृति विज्ञान	फिनोटाइपिक ऐंड मॉलीक्यूलर करेक्ट्राइजेशन ऑफ रेसिस्टेंस मैकेनिज्म इन फिंगर मिलेट-पाइरिकुलेरिया ग्रिसिया इंटरेक्शन।

बुनियादी ढ़ाचा सुविधाएं

कन्या छात्रावास का निर्माण कार्य पूरा होने के पश्चात उसमें कन्याएं आवासित हैं। इस छात्रावास में अटैच शौचालयों एवं अन्य सुविधाओं के साथ 112 कमरे रूम हैं।

संस्थान द्वारा आयोजित गतिविधियां

गणतंत्र दिवस (26 जनवरी, 2022)

रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ गणतंत्र दिवस का आयोजन दिनांक 26.01.2022 को किया गया जिसमें संस्थान के सभी वैज्ञानिकों, कर्मचारीगणों और श्रमिकों ने भाग लिया।

राष्ट्रीय कन्या दिवस (24 जनवरी, 2022)

कन्याओं द्वारा महसूस की जा रही असमानताओं के उद्देश्य से और कन्याओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण को बढ़ावा देने तथा कन्याओं के अधिकारों के बारे में जागरुकता फैलाने के लिए भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. में राष्ट्रीय कन्या दिवस मनाया गया। डॉ. पी. के. घोष, निदेशक ने इस बात को उजागर किया कि अगली पीढ़ी में समाज के लिए कन्याओं की महत्ता है, इसलिए उन्हें उचित रूप से देखभाल और पालन-पोषण किया जाना चाहिए। डॉ. सीमा श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य, वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सारागांव ने ''आगली पीढ़ी के लिए वैश्विक स्तर पर कन्याओं का सशक्तिकरण'' विषय पर तथा श्रीमती प्रीती चन्द्राहसानी ने ''भारत को सशक्त बनाने के लिए गांवों में कन्याओं में पोषण'' विषय पर वक्तव्य दिए। डॉ. लता एवं डॉ. सुशील के. शर्मा ने कार्यक्रम का समन्वय किया।

पूरक संस्थान अनुसंधान समिति (7-8 फरवरी, 2022)

संस्थान की पूरक अनुसंधान समिति की बैठक भाकृअनुप-रा. जै.स्ट्रे.प्र.सं., रायपुर के निदेशक डॉ. पी. के. घोष की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में उन पुरानी परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई जो पूर्ण होने के कगार पर थीं। समीक्षा के पश्चात उचित सिफारिशें की गईं। अध्यक्ष ने वैज्ञानिकों से बल देते हुए कहा कि वे प्रकाशनों, बाह्य वित्तपोषित परियोजनाओं के लिए आवेदन करने, समय प्रबंधन आदि को महत्ता दें।

विश्व दलहन दिवस (10 फरवरी, 2022)

स्थायी खाद्य उत्पादन के भाग के रूप में, विश्व दलहन दिवस का आयोजन किया गया ताकि दलहनों के पौषणिक एवं पर्यावरणीय लाभों के बारे में जनमानस के बीच जनजागृत्ति फैलाई जा सके। डॉ. पी. के. घोष, निदेशक, ने दलहनों पर जागरुकता फैलाए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. दीपक शर्मा, प्रभागाध्यक्ष, आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन प्रभाग, आईजीकेवी, रायपुर ने ''दलहनों में चुनौतियां एवं अवसर'' शीर्षक पर एक वार्ता की प्रस्तुति की। इसके अतिरिक्त, दलहनों की खेती के बारे में जागरुकता फैलाने के लिए एक किसान संवाद बैठक का भी आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस (28 फरवरी, 2022)

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन विज्ञान की महत्ता के बारे में जागरुकता फैलाने हेतु ''स्थायी भविष्य के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में एकीकृत अभिगम'' शीर्षक पर आयोजित किया गया। डॉ. सी. आर. हजारा, आईजीकेवी, रायपुर के पूर्व कुलपति, ने विज्ञान दिवस की महत्ता तथा कृषि विज्ञानों में उसकी यात्रा के बारे में बात की।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस (08 मार्च, 2022)

भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के दौरान नजदीकी गांवों, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और स्व-सहायता समूहों से 100 महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर, डॉ. सुशील के. शर्मा, नोडल अधिकारी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की महत्ता के बारे में बताया। इसके उपरांत डॉ. पी. कौशल, संयुक्त निदेशक (अनुसंधान) ने ''चारा उत्पादन एवं चारागाह का संरक्षण'' विषय पर; डॉ. एस. के. अम्बस्त, संयुक्त निदेशक (शिक्षा) ने 'कृषि में जल के संरक्षण में महिला किसानों की भूमिका' पर; और डॉ. अनिल दीक्षित, संयुक्त निदेशक (एससीएचबीआर) ने 'खरपतवार प्रबंधन में महिलाओं की भूमिका' पर वार्ता प्रस्तुत की। डॉ. लता जैन, वरिष्ठ वैज्ञानिक ने महिलाओं के सशक्तिकरण और समाज में उनकी भूमिका के बारे में महिला किसानों तथा कन्याओं से वार्ता की।

उन्नत प्रौद्योगिकियों से संबंधित उभरते आईपी मुद्दों एवं नवोन्मेष संबंधी परिवर्तनों पर कार्यशाला (15-16 मार्च, 2022)

राष्ट्रीय कृषि संरक्षण नवोन्मेष निधि (एन ए आई एफ) योजना के तहत उन्नत प्रौद्योगिकियों से संबंधित उभरते आईपी मुद्दों और नवोन्मेष संबंधी परिवर्तनों पर दो दिवसीय कार्यशाला

का आयोजन दिनांक 15-16 मार्च, 2022 के दौरान वर्चुअल मोड में किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि, डॉ. एन. के. कृष्णकुमार, पूर्व उप महानिदेशक (बागवानी) ने अपने वक्तव्य में इस बात पर जोर दिया कि कृषि-पारिस्थितिकी को ध्यान में रखते हुए हमारी सभी प्रौद्योगिकियों का प्रसार किया जाना चाहिए क्योंकि वे नवोन्मेषी हैं। डॉ. पी. के. घोष, निदेशक एवं कुलपति, भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं., रायपुर ने इस बात पर बल दिया कि आईपी मुद्दे प्रौद्योगिकी विकास, उनके वाणिज्यिकरण में महत्वपूर्ण हैं और वे नवोन्मेषों को भी लाभ पहुंचाते हैं। डॉ. एस. सी. दुबे, सहायक महानिदेशक (पीपी एवं बी), भाकृअनुप, नई दिल्ली ने नए नवोन्मेषों के लिए आईपी संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया, जो विकसित प्रौद्योगिकियों के वाणिज्यिकरण के लिए महत्वपूर्ण हैं। डॉ. पंकज कौशल, संयुक्त निदेशक (अनुसंधान), रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं., रायपुर ने अनुसंधान में बौद्धिक संपदाओं की महत्ता पर जोर दिया जो नए नवोन्मेषों को गति प्रदान कर सकते हैं। डॉ. के. श्रीनिवास, सहायक महानिदेशक (आईपी एवं टीएम); डॉ. संजीव सक्सेना, पूर्व सहा. महानिदेशक (आईपी एवं टीएम), भाकृअनुप, नई दिल्ली; डॉ. कल्पना शास्त्री, प्रबंधन निदेशक, एजी-हब फाउंडेशन, पीजेटीएसएयू, हैदराबाद; डॉ. सुधा मैसूर, सीईओ, एग्रीनोवेट इंडिया लिमिटेड, डॉ. प्राची अग्रवाल, बिराक (डीबीटी) और डॉ. शिव दत्त, प्रधान वैज्ञानिक आईपी एम टीएम एकक, भाकृअनुप ने अपने-अपने अनुभव व ज्ञान को साझा किया।

भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं., रायपुर; भाकृअनुप-आईआईएसएस, मउ; वीपीकेएएस, अल्मोड़ा; अमेटी यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़, रायपुर और आईजीकेवी से वैज्ञानिकों, शोधार्थियों, विज्ञान स्नातकों एवं छात्रों सहित 50 से अधिक लोगों ने कार्यशाला में भाग लिया। कार्यशाला में डॉ. एस. के. जैन, प्रधान वैज्ञानिक और डॉ. आशीष मराठे, वैज्ञानिक ने समन्वय किया।

अन्नदाता देवो भव : (23 अप्रैल, 2022)

आज़ादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में भाकृअनुप-रा. जै.स्ट्रे.प्र.सं. में अन्नदाता देवा भवो कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. लता जैन एवं डॉ. सुशील के. शर्मा ने समन्वय किया। डॉ. अनूप दास, प्रधान वैज्ञानिक, भाकृअनुप-उत्तर पूर्व पर्वतीय कृषि अनुसंधान परिसर, त्रिपुरा केंद्र, ने ''आजीविका सुरक्षा के लिए जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना'' पर एक वार्ता की प्रस्तुति की। डॉ. पी. के. घोष, निदेशक ने छत्तीसगढ़ राज्य में जैविक खेती प्रणाली के अंगीकरण पर जोर दिया। किसान-वैज्ञानिक वार्ता का आयोजन किया गया ताकि जैविक खेती के बारे में जागरुकता फैलाई जा सके।

किसान भागीदारी, प्राथमिकता हमारी अभियान (28 अप्रैल, 2022)

भारत सरकार की महत्वाकंक्षी योजनाओं के तहत विभिन्न उपलब्धियों को रेखांकित करने के लिए, भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे. प्र.सं. में किसान भागीदारी-प्राथमिकता हमारी अभियान का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. एस. सी. मुखर्जी, प्रोफेसर, कीटविज्ञान और पूर्व डीन ने 'पादप संरक्षण में फसल विविधीकरण की भूमिका' पर वक्तव्य दिया। इसके बाद डॉ. एस. के. वर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक और पीसी, केवीके, महासमुंद ने 'केवीके के माध्यम से फसल विविधीकरण का संवर्धन' पर तथा डॉ. अनिल दीक्षित, संयुक्त निदेशक (एस सी एच बी आर) ने 'छत्तीसगढ़ में फसल विविधीकरण एवं स्थायी फसल सघनता की संभावनाएं' पर वक्तव्य दिए। अंत में, डॉ. एस. के. अम्बस्त, संयुक्त निदेशक (शिक्षा) ने छत्तीसगढ़ राज्य में फसल विविधीकरण में जल के उपयोग की भूमिका पर जोर दिया। इस अभियान में 120 से अधिक किसान भाग लेकर लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में डॉ. लता जैन और डॉ. सुशील के. शर्मा ने समन्वय किया।

आतंकवाद-रोधी दिवस (21 मई, 2022)

आतंकवाद-रोधी दिवस का आयोजन वर्चुअल रूप में दिनांक 21 मई, 2022 को किया गया जिसमें डॉ. पी. कौशल ने देश में आतंकवाद-रोध की शपथ दिलाई। कसडोल केंद्र से वर्चुअल रूप में जुड़े कर्मचारीगणों के अलावा, कई कर्मचारीगणों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

किसानः गरीब कल्याण सम्मेलन (31 मई, 2022)

भारत के स्वतंत्रता दिवस के स्मरण में 'आज़ादी का अमृत

महोत्सव' अवसर पर, भारत के माननीय प्रधानमंत्री ने भारत सरकार के नौ मंत्रालयों/विभागों की लगभग सोलह स्कीमों/कार्यक्रमों के बारे में लाभर्थियों से बातचीत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री प्रहलाद सिंह पटेल, माननीय केंद्रीय राज्य खाद्य प्रसंस्करण एवं जलशक्ति ने की एवं श्री सुनील सोनी, संसद सदस्य, कई विधायक और अन्य महानुभाव उपस्थित थे। भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. द्वारा आयोजित किए गए कार्यक्रम को माननीय प्रधानमंत्री के 11 बजे के भाषण से जोड़ा गया। कार्यक्रम का डॉ. अनिल दीक्षित, डॉ. सुशील के. शर्मा तथा डॉ. पी. मूवेन्थन ने समन्वय किया।

विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून, 2022)

इस अवसर पर ''जैवप्रौद्योगिकी और पीजीपीआर रणनीतियों के माध्यम से जैविक दबावों के प्रबंध की संभावनाएं'' पर एक वेबिनार का आयोजन वर्चुअल रूप में किया गया जिसमें डॉ. रमेश के. शोन्टी, प्रोफेसर, जीवविज्ञान विभाग, भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, तिरुपति, आंध प्रदेश 517507, भारत और प्रोफेसर एम. एस. रेड्डी, फाउंडर एवं अध्यक्ष, एशियन पीजीपीआर सोसायटी, कन्सलटेंट एवं इंटरप्रिनियोर, ऑबर्न यूनिवर्सिटी, ऑबर्न, यूएसए ने वक्तव्य दिए। इस कार्यक्रम में, डॉ. एस. सी. दुबे, सहायक महानिदेशक (पीपी एवं बी) की गरिमामयी उपस्थिति थी जिन्होंने उपरोक्त दो महानुभावों के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया। डॉ. रेड्डी ने ''बढ़ती आबादी की पूर्ति के लिए स्थायी खाद्य उत्पादन हेतु जैविक स्ट्रेस प्रबंधन के लिए एकीकृत पीजीपीआर अभिगम'' पर वक्तव्य दिया, जबकि डॉ. शॉन्टी ने ''रोग प्रतिरोध प्रदान करने के लिए जैवप्रौद्योगिकीय टूल्स का प्रयोग'' पर वक्तव्य दिया।

7वीं अनुसंधान सलाहकार समिति की बैठक (8-9 जून, 2022)

भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं., रायपुर की 7वीं अनुसंधान सलाहकार समिति (आरएसी) की बैठक प्रोफसर ए. एन. मुखोपाध्याय, पूर्व कुलपति, असम कृषि विश्वविद्यालय, जोरहाट, असम की अध्यक्षता में हुई। डॉ. टी. आर. शर्मा, उप महानिदेशक (फसल विज्ञान), भाकृअनुप ने अपने प्रारंभिक संबोधन में प्रमुख अनुसंधान संबंधी मुद्दों का समाधान करने हेतु मजबूत सहयोग व संपर्क-सूत्र स्थापित करने के अलावा, अनुसंधान लीड्स विकसित करने तथा राष्ट्रीय हित के क्षेत्रों की पहचान करने में रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. के प्रयासों की प्रशंसा की। आरएसी के अध्यक्ष ने संस्थान के बुनियादी ढांचे के विकास में मुख्य बदलावों की प्रशंसा की और संस्थान के प्रकाशनों का विमोचन किया। डॉ. पी. कौशल, संयुक्त निदेशक (अनुसंघान) ने रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. की अनुसंधान प्रगति तथा शुरु किए गए नए कार्यक्रमों का विहंगावलोकन (ओवरव्यू) प्रस्तुत किया। भाकृअनुप-एनसीआईपीएम, भाकृअनुप-एनबीएआईआर, भाकृअनुप-एनबीएआईएम, और भाकृअनुप-डीडब्ल्यूआर सहित पादप संरक्षण संस्थानों के निदेशकों के बीच उचित विचार-विमर्श किया गया और सहयोगों के लिए संभावित अनुसंधान क्षेत्रों की पहचान की गई।

योग, उर्वरक एवं कृषिवानिकी (21 जून, 2022)

भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. में आज़ादी का अमृत महोत्सव के तहत ''योग, उर्वरक का संतुलित उपयोग एवं कृषिवानिकी'' के आयोजन के दौरान पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय, रायपुर के योग शिक्षक श्री कौशल किशोर गुप्ता ने 'बेहतर स्वास्थ्य के लिए योगाभ्यास' पर वक्तव्य दिया। डॉ. अनिल दीक्षित, संयुक्त निदेशक (एस सी एच बी आर) ने सामान्य रूप से भारत में और विशेष रूप से छत्तीसगढ़ में उर्वरकों के संतुलित उपयोग पर वार्ता प्रस्तुत की, जबकि डॉ. सुशील के. शर्मा ने 'जैवउर्वरक एवं उनके उपयोग' पर वार्ता की प्रस्तुति की। कुल 96 किसान इस कार्यक्रम में भाग लेकर लाभान्वित हुए। डॉ. लता जैन और डॉ. सुशील के. शर्मा के समन्वय में कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त, 2022)

डॉ. पी. के. घोष, निदेशक ने संस्थान में ''हर घर तिरंगा अभियान'' के तहत राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सभी कर्मचारीगणों ने दिनांक 13-15 अगस्त 2022 के दौरान अपने-अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

8वीं संस्थान अनुसंधान समिति फ्री बैठक (29-30 अगस्त, 2022)

भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. की 8वीं संस्थान अनुसंधान समिति की बैठक डॉ. पी. के. घोष, निदेशक, रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. की अध्यक्षता में दिनांक 29-30 अगस्त 2022 के दौरान आयोजित की गई। डॉ. पी. कौशल, संयुक्त निदेशक (अनुसंधान) ने बताया कि रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. की कई अनुसंधान परियोजनाओं को अन्य पादप संरक्षण संस्थानों के साथ आच्छादित हुए बिना अंतर-संस्थानिक मोड में डिजाइन किया गया है जिनमें भविष्य की दृष्टि से अनुसंधान करने, शोध प्रकाशनों में सुधार लाने, और रिपोजिटरियां (पीपीजीआर, जैविक सामग्रियां) विकसित करने पर ध्यान आकृष्ट किया गया है ताकि बाह्य वित्तपोषित परियोजनाओं हेतु आवेदन किए जा सकें। आरएसी के अध्यक्ष ने इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के साथ सहयोगों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए तथा परियोजनाओं को प्रतिस्पर्धी अनुसंधान अनुदान के लिए प्रस्तुत किया जाना चाहिए ताकि वित्तीय सहायता प्राप्त की जा सके और गुणत्तात्मक प्रकाशनों की संख्या को बढ़ाया जा सके। प्रधान अन्वेषकों (पी आई) ने 17 संस्थान वित्तपोषित परियोजनाओं तथा छः बाह्य सहायता प्राप्त वित्तपोषित परियोजनाओं की प्रगति का प्रस्तुतीकरण किया और समीक्षा टिप्पणियों का प्रलेखन किया गया। सभा ने एकल स्वास्थ्य परियोजना की उप-परियोजना के रूप में, एक नई परियोजना तथा पांच अंतर-संस्थानिक परियोजनाओं का अनुमोदन किया।

शिक्षक दिवस (5 सितंबर, 2022)

भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. में शिक्षक दिवस का आयोजन दिनांक 05.09.2022 को किया गया जिसमें डॉ. एस. के. अम्बस्त, संयुक्त निदेशक (शिक्षा) प्रभारी ने इस अवसर पर वक्तव्य दिया। सभी एम. एससी. छात्रों, युवा व्यावसायिकों तथा अन्य संविदा कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

9वीं संस्थान प्रबंधन समिति की बैठक (09 सितंबर, 2022)

भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं., रायपुर की 9वीं आईएमसी की बैठक डॉ. पी. के. घोष, निदेशक की अध्यक्षता में दिनांक 09.09.2022 को हाइब्रिड मोड में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत डॉ. पी. एन. सिवालिंगम, प्रभारी पीएमई द्वारा पिछले वर्ष की उपलब्धियों के प्रस्तुतीकरण के साथ हुई। श्री मलय विष्ट, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने 8वीं आईएमसी बैठक की सिफारिशों की रिपोर्ट पर ऐक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में नए कार्यसूची मदों का प्रस्तुतीकरण किया गया जिन पर विस्तार से चर्चा की गई। विस्तृत एवं महत्वपूर्ण चर्चा करने तथा संस्थान की प्रगति की दिशा में विचारों का आदान-प्रदान करने के पश्चात, विस्तृत कार्यवाहियां पूरी की गईं। श्री आसिफ मोहम्मद, वित्त एवं लेखाधिकारी ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस (23 सितंबर, 2022)

भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं., रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस का आयोजन दिनांक 23.9.2022 को किया गया। भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. के संयुक्त निदेशकों, वैज्ञानिकों, युवा व्यावसायिकों, कर्मचारीगणों एवं छात्रों सहित लगभग 50 प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। श्रोतागणों को अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषाओं को मनाए जाने की महत्ता के बारे में बताया गया। डॉ. बी. के. चौधरी, वरिष्ठ वैज्ञानिक ने एक वाद-विवाद प्रतियोगिता "क्या दिव्यांगता सफलता की राह में बाधा है" में प्रतिभागियों के लिए निर्णायक के रूप में कार्य किया। प्रतियोगिता पूरी होने के उपरांत, उन्होंने अपनी टिप्पणियां दीं। इस अवसर पर, डॉ. पंकज कौशल, संयुक्त निदेशक (अनुसंधान) और डॉ. एस. के. अम्बस्त, संयुक्त निदेशक (शिक्षा) प्रभारी ने सांकेतिक भाषाओं की महत्ता के बारे में बताया। वाद-विवाद के विजेताओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। डॉ. लता जैन, वरिष्ठ वैज्ञानिक ने कार्यक्रम का समन्वय किया।

रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. का 11वां स्थापना दिवस (10 अक्टूबर, 2022)

भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. ने अपना 11वां स्थापना दिवस दिनांक 10.10.2022 को मनाया। डॉ. अशोक दलवाई, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, राष्ट्रीय बारानी क्षेत्र प्राधिकरण, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, मुख्य अतिथि थे जिन्होंने जलवायु परिवर्तन परिदृश्य के कारण अजैविक स्थितियों के तहत जैविक दबावों की अन्योन्यक्रिया पर

अनुसंधान करने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. गिरीश चन्डेल, कुलपति, आईजीकेवी, रायपुर और डॉ. शिव कुमार अग्रवाल, समन्वयक, इकार्डा-दक्षिण एशिया एवं चीन क्षेत्रीय कार्यक्रम और प्रमुख, खाद्य फली अनुसंधान कार्यक्रम, अंतर्राष्ट्रीय शुष्कभूमि कृषि अनुसंधान केंद्र मुख्य अतिथि थे जिन्होंने कार्यक्रम के दौरान संस्थान को अपनी शुभकामनाएं दीं। डॉ. पउ फरमोसा-जॉर्डन, ग्रुप लीडर, पादप विकास जीवविज्ञान विभाग, मैक्स प्लांक इंस्टिटयूट ऑफ प्लांट ब्रीडिंग रिसर्च, जर्मनी ने पादप विकास को समझने हेतु मात्रात्मक अभिगमों पर स्थापना दिवस व्याख्यान दिया। डॉ. पी. के. घोष, निदेशक एवं कुलपति, भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं., रायपुर ने संस्थान द्वारा प्राप्त की गई महत्वपूर्ण उपलब्धियों का प्रस्तुतीकरण किया। समारोह के दौरान, डॉ. विनय कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक (कृषि जैवप्रौद्योगिकी) को अनुसंधान एवं संस्था निर्माण में दिए गए समग्र योगदान के लिए वर्ष 2021-22 का ''सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक'' पुरस्कार और डॉ. के. सी. शर्मा, प्रधान वैज्ञानिक (कृषि कीटविज्ञान) को संस्थान के समग्र विकास में योगदान देने के लिए ''सर्वश्रेष्ठ कामगार'' पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. एस. के. अम्बस्त, प्रधान वैज्ञानिक एवं संयुक्त निदेशक (शिक्षा) ने समन्वय किया। किसान-वैज्ञानिक वार्ता के दौरान जैविक स्ट्रेस प्रबंधन के लिए ड्रोन के प्रयोग पर प्रदर्शन किया गया और उसके बाद कृषि विधियों तथा पादप संरक्षण उपायों से संबंधित किसानों के मुद्दों का समाधान किया गया।

सतर्कता जागरुकता सप्ताह (31 अक्टूबर-6 नवंबर, 2022)

डॉ. सुशील के. शर्मा, नोडल अधिकारी ने सतर्कता जागरुकता सप्ताह मनाए जाने की महत्ता के बारे में बताया जिसे दिनांक 31 अक्टूबर से 6 नवंबर, 2022 के दौरान आयोजित किया गया। तत्पश्चात, सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर निदेशक, डॉ. पी. के. घोष ने सभी कर्मचारीगणों को ई-सत्यनिष्ठा एवं राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। उन्होंने अपने संबोधन में सभी कर्मचारीगणों को कार्यालय में भ्रष्टाचार की रोकथाम के बारे में जागरुक किया। श्री जी. पी. शर्मा, संयुक्त सचिव (प्रशा.) ने भ्रष्टाचार रोकथाम उपायों और सतर्कता पर दिनांक 03.11.2022 को एक व्याख्यान दिया। डॉ. एस. के. जैन, सतर्कता अधिकारी, भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं., रायपुर ने रायपुर के कुर्रा गांव में, सरपंच की मौजूदगी में एक जागरुकता ग्राम सभा का आयोजन किया।

संसदीय राजभाषा उप-समिति का दौरा (11 नवंबर, 2022)

संसदीय राजभाषा उप-समिति ने दिनांक 14.11.2022 को भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं., रायपुर का दौरा किया। डॉ. रीता बहुगुणा जोशी, संसद सदस्य, प्रागराज (Pragraj) द्वितीय समिति की संयोजक और श्रीमती संगीता यादव, संसद सदस्य, राजभाषा और सुनील सोनी, संसद सदस्य, रायपुर ने बैठक में भाग लिया। डॉ. एस. सी. दुबे, सहायक महानिदेशक – पादपसंरक्षक एवं जीव सुरक्षा ने भाकृअनुप मुख्यालय के प्रतिनिधि के रूप में तथा श्री आर. डी. शर्मा, राजभाषा अनुभाग, भाकृअनुप मुख्यालय, ने बैठक में भाग लिया।

विश्व मृदा दिवस (5 दिसंबर, 2022)

भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं., रायपुर ने शीर्षक ''मृदाएं : जहाँ खाद्यान्न की उत्पत्ति होती है'' पर दिनांक 05.11.2022 को हाइब्रिड मोड में विश्व मृदा दिवस आयोजित किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, माननीया श्रीमती अनिता योगेन्द्र शर्मा, विधायक, धारसीवा प्रखंड, रायपुर ने अपनी उपस्थिति से समारोह की गरिमा बढ़ाई। उन्होंने छत्तीसगढ़ में मृदा स्वास्थ्य स्थितियों के संबंध में, विशेष रूप से मृदा स्वास्थ्य में सुधार लाने हेतु कम्पोस्ट एवं वर्मीकम्पोस्ट तैयार करने के बारे में बात की। इस कार्यक्रम में, डॉ. आर. के. अवस्थी, वरिष्ठ तकनीकी परामर्शदाता, एनआरएए, नई दिल्ली ने मृदा एवं संतुलित पोषण और खाद्य सुरक्षा पर चर्चा की। डॉ. गौतम रॉय, प्रमुख, केवीके, रायपुर ने पशु संसाधनों की भूमिका सहित मृदा स्वास्थ्य के पुनरूद्धार में कार्यात्मक गतिविधियों के बारे में बात की। डॉ. पी. के. घोष, रा.जै.स्ट्रे.प्र. सं. ने स्थायी कृषि के लिए मृदा स्वास्थ्य में सुधार लाने हेतु कार्बन पृथक्करण और मृदा जैवविविधता पर जोर दिया। किसानों, कर्मचारीगणों, युवा व्यावसायिकों सहित 140 से अधिक लोगों ने इस कार्यक्रम में वर्चुअल तथा भौतिक रूप में भाग लिया। डॉ. सुशील के. शर्मा, प्रधान वैज्ञानिक और नोडल अधिकारी, कार्यक्रम का ने समन्वय किया।

पंचवर्षीय समीक्षा बैठक (13-14 दिसंबर, 2022)

भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. पंचवर्षीय समीक्षा बैठक डॉ. एस. एस. चहल, पूर्व कुलपति, एमपीयूएटी उदयपुर की अध्यक्षता

में दिनांक 13-14 दिसंबर 2022 को रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं., रायपुर में आयोजित की गई, जिसमें डॉ. बी. एल. जलाली, पूर्व डीआरएस एचएयू, हिसार एवं संस्थापक निदेशक, भाकृअनुप-एनसीआईपीएम नई दिल्ली; डॉ. एस. वी. सरोद, पूर्व अनुसंधान निदेशक, पीडीकेवी अकोला; डॉ. कुलदीप सिंह, पूर्व निदेशक, एनबीपीजीआर नई दिल्ली; और प्रमुख, जीन बैंक इक्रीसेट; डॉ. एम. कृष्णा रेड्डी, पूर्व प्रमुख, पादप संरक्षण, आईआईएचआर, बैंगलूरु; डॉ. जे. एस. मिश्रा, निदेशक, डीडब्ल्यूआर जबलपुर; और डॉ. अनिल दीक्षित, संयुक्त निदेशक, भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. सदस्य सचिव के रूप में उपस्थित थे। डॉ. पी. के. घोष, निदेशक ने बजट उपयोग, कर्मचारियों की पदस्थिति, और संस्थान की विडियो फिल्म के साथ रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. में ईएफसी के अनुसार की गई नई पहलों सहित संस्थान के क्रियाकलापों के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. अनिल दीक्षित, सदस्य सचिव ने भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं., रायपुर की पिछली क्यूआरटी पर एटीआर का प्रस्तुतीकरण किया। डॉ. पी. कौशल, संयुक्त निदेशक (अनुसंधान) ने भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. की अनुसंधान उपलब्धियों का प्रस्तुतीकरण किया गया, जबकि डॉ. एस. के. अम्बस्त, संयुक्त निदेशक (शिक्षा) ने शिक्षा संबंधी उपलब्धियों का प्रस्तुतीकरण किया।

डॉ. एस. एस. चहल, अध्यक्ष, ने अपनी प्रारंभिक टिप्पणियों में इस बात पर जोर दिया कि संस्थान को बेहतर संपर्क-सूत्र और आदान-प्रदान कार्यक्रम बढ़ाने चाहिए ताकि संस्थान के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। सदस्यों की राय यह थी कि संस्थान के पास अनुसंधान और शिक्षा के लिए विभिन्न विषय-शाखाओं में संकाय सदस्यों की पूर्ण जनशक्ति होनी चाहिए और तदनुसार उत्कृष्टता हासिल करने हेतु संस्थान के अधिदेश की संगतता में कार्यक्रम बनाया जाना चाहिए। क्यूआरटी ने दिनांक 14.12.2022 को अनुसंधान फार्म और प्रयोगशालाओं का दौरा किया जिसके बाद क्यूआरटी ने वैज्ञानिकों एवं छात्रों से उनके अनुसंधान कार्यक्रम के बारे में तथा संस्थान से उम्मीदों के बारे में बातचीत की। इसके अलावा, क्यूआरटी ने संस्थान से जुड़े चयनित किसानों की आजीविका के उत्थान के लिए उनसे तकनीकी इनपुट प्राप्त करने तथा संस्थान में चल रहे विभिन्न आउटरीच कार्यक्रम से अन्य लाभ प्राप्त करने के बारे में बातचीत की। क्यूआरटी की बैठक के अवसर पर, जैविक स्ट्रेस के संबंध में दो तकनीकी रिपोर्टें जारी की गईं।

एससीएसपी, टीएसपी एवं एनईएच गतिविधियां

कृषि किट वितरण (25 फरवरी, 2022)

(विनय कुमार, ललित एल. खरबिकर, एस. के. शर्मा, जे. श्रीधर, के. सी. शर्मा एवं अनिल दीक्षित)

टिल्दा के चार गांवों से संबंधित 10 खेतिहर परिवारों को कुल 50 मधुमक्खी पालन किटें वितरित की गईं और मधुमक्खी पालन में किटों का उपयोग करने के लिए उन्हें उचित प्रशिक्षण दिया गया।

सब्जी बीज किट और औषधीय पादप (08 मार्च, 2022)

एससीएसपी के अंतर्गत किसानों को सब्जी बीज किट और औषधीय पादपों का वितरण किया गया।

सोलर पंप वितरण (28 मार्च, 2022)

(एस. के. शर्मा)

टिल्दा और धारसिवा प्रखंडों के किसानों को दो सोलर पंप (3 एचपी के) वितरित किए गए।

जलवायु अनुकूल पशुधन आधारित आईएफएस एवं कृषिवानिकी आधारित आईएफएस (18 अप्रैल, 2022)

(अनिल दीक्षित, बिनोद के. चौधरी, लता जैन)

भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. में दिनांक 08.04.2022 को पशुधन आधारित एकीकृत कृषि प्रणाली (एल आई एफ एस) और कृषिवानिकी आधारित आईएफएस (ए आई एफ एस) का उद्घाटन किया गया।

धान बीज वितरण (10-20 जून, 2022)

भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. द्वारा आयोजित बीज वितरण कार्यक्रम के दौरान, रायपुर जिले के टिल्दा प्रखंड से संबंधित 134 खेतिहर परिवारों को टीएसपी परियोजना के अंतर्गत धान (किस्म स्वर्णा) के 140 क्विंटल प्रमाणित बीजों का वितरण किया गया। किसानों को खरीफ 2022 के दौरान स्वस्थ धान फसल उगाने के लिए उत्पादन से संबंधित प्रौद्योगिकियों के बारे में बताया गया। इसी प्रकार, टिल्दा प्रखंड के 370 खेतिहर परिवारों को एससीएसपी परियोजना के अंतर्गत धान बीज वितरित किए गए।

किसान आवासीय प्रशिक्षण किसानगृह (हॉस्टल) का उद्घाटन (10 अक्टूबर, 2022)

(विनय कुमार)

भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. किसान आवासीय प्रशिक्षण किसानगृह का उद्घाटन डॉ. अशोक दलवाई, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, राष्ट्रीय बारानी क्षेत्र प्राधिकरण, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने दिनांक 10.10.2022 को 11वें स्थापना दिवस कार्यक्रम के अवसर पर किया जब डॉ. शिव कुमार अग्रवाल, समन्वयक, इकार्डा-दक्षिण एशिया एवं चीन क्षेत्रीय कार्यक्रम एवं प्रमुख, खाद्य फली अनुसंधान कार्यक्रम, अंतर्राष्ट्रीय शुष्कभूमि कृषि अनुसंधान केंद्र उपस्थित थे। इस किसानगृह को एससीएसपी एवं टीएसपी योजनाओं के तहत लाभार्थी किसानों को अल्पावधिक आवासीय प्रशिक्षण देने के लिए विकसित किया गया है। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. विनय कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रशिक्षण समन्वयक ने किया।

एफएफपी स्थल, कसडोल में किसानों का ऑफ-कैम्पस एवं ज्ञानवर्धन दौरा

(विनय कुमार, श्रीधर जे.)

भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. ने फार्मर फर्स्ट कार्यक्रम (एफ एफ पी) स्थल, कसडोल में दिनांक 17.11.2022 को एक दिवसीय ऑफ-कैम्पस प्रशिक्षण एवं ज्ञानवर्धन (एक्सपोजर) दौरा आयोजित किया। एफएफपी के माध्यम से रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. द्वारा गोद लिए गए विभिन्न गांवों से कुल 80 किसानों ने अनेक स्थलों का दौरा किया जिनमें कड़कनाथ कुक्कुट पालन एवं हैचरी इकाई, खर्री; सब्जी खेत, खर्री; पॉलीहाउस एवं कुक्कुट शेड, खरहा; कृषि-प्रसंस्करण केंद्र (ए पी सी), बम्हनी; बकरी पालन इकाई एवं एफसीसी, बाक्ला शामिल हैं। दौरे के दौरान किसानों ने विभिन्न सामग्रियों की लागत, शुद्ध लाभ सहित अपेक्षित सामग्री एवं बुनियादी ढांचा के बारे में प्रगतिशील किसानों से बात की। इसके अतिरिक्त, किसान-वैज्ञानिक वार्ता बैठक का भी आयोजन किया गया जहाँ वैज्ञानिकों ने किसानों द्वारा उठाए गए प्रश्नों का समाधान किया और किसानों की आजीविका में सुधार लाने हेतु ज्ञानवर्धन दौरे की महत्ता तथा सरकारी योजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. विनय कुमार, एससीएसपी एवं टीएसपी प्रशिक्षण समन्वयक ने किया और डॉ. पी. मूवेन्थन, डॉ. जे. श्रीधर ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया।

टीएसपी के अंतर्गत गतिविधियां (2022-23)

(श्रीधर जे., सौम्या दास, ममता चौधरी)

टीएसपी योजना 2022-23 के अनुसार, हमने 10 भिन्न विकास कार्यों को संपन्न किया है जिनसे रायपुर के टिल्दा प्रखंड में 12 गांवों, यानी केवतारा, भारवाडिह, पाचरी, मधी, भिभोरी, तदवा, रायखेड़ा, गुमा, मुरा, गौरखेड़ा, भालेसुर, गुजरा से संबंधित 614 किसानों/एसएचजी महिलाएं लाभान्वित हुईं।

वर्ष 2022-23 के दौरान टीएसपी योजना के अंतर्गत चलाई गई गतिविधियां

क्र. सं.	मद	मात्रा (सं.)	लागत (रु.)	लाभार्थी (सं.)	कवर किए गए गांव
I. पूँजी					
1.	थ्रेसर	1	239900	10	केवतारा
2.	दाल मिल	04	197920	40	केवतारा, भरवाहडिह
3.	रीपर	2	275180	20	केवतारा, भरवाहडिह
II. सामान्य					
4.	धान बीज	140 क्विं.	365820	134	केवतारा, भरवाहडिह, मधी, पाचरी, भिभोरी, देवगांव कुन्द्रु, पारसवाणी
5.	कड़कनाथ चूजे	2000	112000	4	केवतारा, भरवाहडिह
6.	स्प्रेयर	115 सं.	286235	115	केवतारा, मधी, भरवाहडिह, भिभोरी, पाचरी
7.	टूल्स किटें	50 सं.	167200	50	केवतारा, भरवाहडिह, मधी, पाचरी, भिभोरी
8.	सिलाई मशीन	10 सं.	99900	10	केवतारा, भरवाहडिह
9.	रबी बीज (काबुली चना और गेहूँ, मसूर)	31 क्विं. 41 क्विं. 4.4 क्विं.	387575	111	केवतारा, मधी, भरवाहडिह, पाचरी, भिभोरी, मुरा, भलेसुर, गुजरा
10.	दाना भंडारण कोठी (बिन)	120 सं.	274800	120	केवतारा, मधी, भरवाहडिह, पाचरी, भिभोरी, मोहडी, देवगांव, पारसवाणी, तदवा, गौरखेड़ा, रायखेड़ा।

एनईएच योजना के तहत गतिविधियां

(पी. मूवेन्थन)

एनईएचयू, मेघालय की प्रगति

इन्क्यूबेशन केंद्र, उत्तर-पूर्व पर्वतीय कृषि विश्वविद्यालय (एन ई एच यू), तुरा परिसर, पश्चिमी गारो हिल्स, चासिनग्रे, मेघालय; जिला वाणिज्य और उद्योग केंद्र (डीसी आई सी), तुरा, मेघालय सरकार; और भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं., रायपुर, छत्तीसगढ़ ने गामबेग्रे सी एवं आरडी ब्लॉक, पश्चिमी गारो हिल्स जिले के अंतर्गत चिगिटचकग्रे गांव में दिनांक 10.14.2022 को ''जैविक वन्य शहद उत्पादन की वैज्ञानिक विधि'' पर एक पांच दिवसीय कौशल प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का संयुक्त रूप से आयोजन किया। मुख्य अतिथि, प्रो-वाइस चांसलर, एनईएचयू, तुरा परिसर, प्रोफेसर सुजाता गुरुदेव, इन्क्यूबेशन केंद्र के नोडल अधिकारी, डॉ. आर. ससिकुमार, डीसीआईसी के कार्यकारी प्रबंधक, और चिगिटचकग्रे गांव के नोक्मा ने इस कार्यशाला में भाग लिया। इससे कुल 150 किसान लाभान्वित हुए।

केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय इम्फाल की प्रगति

उत्तर पूर्व क्षेत्र (एन ई आर) में किसानों के सामाजिक-आर्थिक विकास और कल्याण के लिए सीएयू, इम्फाल तथा भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. ने निम्नलिखित क्षमता निर्माण कार्यक्रमों का संयुक्त रूप से आयोजन किया।

क्र. सं	प्रशिक्षण कार्यक्रम शीर्षक	अवधि एवं स्थान	लाभार्थियों की सं.
1.	वैज्ञानिक मछली पालन (21 - 23 नवंबर, 2022)	त्रिपुरा में 3 दिन	25
2.	उच्च उपयोगिता वाली सब्जी की खेती (30 नवंबर - 2 दिसंबर, 2022)	मिजोरम में 3 दिन	30
3.	वैज्ञानिक कुक्कुट पालन (19 - 23 नवंबर, 2022 से पांच दिवसीय प्रशिक्षण)	मणिपुर में 3 दिन	110
4.	बागवानी फसलों में नवीनतम जैविक उत्पादन प्रौद्योगिकी पर अभ्यासिक प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन	सिक्किम में 3 दिन	25
5.	आलू फसल में नाशीजीव एवं रोग प्रबंधन (28 - 30 नवंबर, 2022)	तुरा, मेघालय में 3 दिन	95

रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. द्वारा आयोजित वेबिनार/सेमिनार

क्र. सं.	सेमिनार का शीर्षक	तिथि	संस्थान के वैज्ञानिकों/अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिकों द्वारा प्रस्तुतीकरण
1.	आजीविका सुरक्षा के लिए जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना	23.4.22	डॉ. अनूप दास, प्रधान वैज्ञानिक, भाकृअनुप एनईएच अनुसंधान परिसर, त्रिपुरा केंद्र, अगरतला, त्रिपुरा।
2.	जैवप्रौद्योगिकीय एवं पीजीपीआर रणनीतियों के माध्यम से जैविक दबावों का प्रबंध करने की संभावनाएं	6.6.22	डॉ. एम. एस. रेड्डी, संस्थापक एवं अध्यक्ष, एशिएन पीजीपीआर सोसायटी फॉर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर, कन्सलटेंट एवं इंटरप्रिनियोर, ऑबर्न यूनिवर्सिटी, ऑबर्न, ए एल, यूएसए।
3.	रोग प्रतिरोध प्रदान करने में जैवप्रौद्योगिकीय टूल्स का प्रयोग	6.6.22	डॉ. वी. रमेश सोन्टी, भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान, तिरुपति, भारत
4.	फसल दबाव प्रबंधन के लिए प्रत्याशी जीनों की पहचान एवं लक्षणवर्णन	13.6.22	डॉ. मनोज प्रसाद, स्टाफ साइंटिस्ट VIII एवं जे. सी. बोस राष्ट्रीय अध्येता, राष्ट्रीय पादप जीनोम अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली।
5.	कृषि-रसायन विषाक्तता की पैथोफिजियोलॉजी	24.09.2022	डॉ. ममता चौधरी, प्रधान वैज्ञानिक, पशुचिकित्सा विकृति विज्ञान
6.	पादप विकास को समझने हेतु मात्रात्मक अभिगम	10.10.2022	डॉ. पउ फरमोसा-जॉर्डन, ग्रुप लीडर, पादप विकास जीवविज्ञान विभाग, मैक्स प्लांक पादप प्रजनन अनुसंधान संस्थान, जर्मनी।
7.	आक्रामक नाशीकीट : खाद्य और पोषण सुरक्षा को खतरा	31.10.2022	डॉ. के. सी. शर्मा, प्रधान वैज्ञानिक, कृषि कीटविज्ञान
8.	भारत में कसावा मीलीबग का उत्कृष्ट जैविक नियंत्रण	28.11.2022	डॉ. ए. एन. शायलेशा, प्रधान वैज्ञानिक (कीट विज्ञान), भाकृअनुप-राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बैंगलूरु।

वर्ष 2022 के दौरान हस्ताक्षरित एमओयू

भाकृअनुप-रा.जै.स्ट्रे.प्र.सं. ने छात्रों के प्रशिक्षण को बढ़ावा देने तथा कटिंग एज क्षेत्रों में गुणत्तात्मक स्नातकोत्तर अनुसंधान के लिए दीर्घकालिक सहयोग करने हेतु दिनांक 23.5.2022 को राजमाता विजयराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय (आर वी एस के डब्ल्यू), ग्वालियर (मध्य प्रदेश) के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

सहयोगात्मक अनुसंधान और स्नातकोत्तर छात्रों के प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के लिए आच्छादित अनुसंधान हितों तथा संबद्ध गतिविधियों के क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए, रा.जै.स्ट्रे. प्र.सं., रायपुर और पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय (पी आर एस यू), रायपुर के बीच दिनांक 01.06.2022 को एक अन्य एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

INTRODUCTION

The Indian Council of Agricultural Research, New Delhi has established two National institutes for carrying out research on biotic stress and abiotic stress at Raipur, Chhattisgarh and Baramati, Pune, Maharashtra, respectively, besides opening Indian Institute of Agricultural Biotechnology at Ranchi, Jharkand. ICAR-National Institute of Biotic Stress Management was started with the vision of 'Effective mitigation of biotic stresses for enhancement of farm prosperity'. The mandate of ICAR-NIBSM has been modified accordingly which include: 1) Basic, strategic and adaptive research on biotic stresses in crops and 2) Development of quality human resources for academic excellence, linkage with various stakeholders for technology management and policy support research.

Before switching to the School concept, ICAR-NIBSM worked on four research programmes in the Section concept, including 1) Pest and pathogen genetic resources (PPGR) and their management, 2) Molecular biology of biotic stress reaction, 3) Genetic and molecular resources for stress tolerance, and 4) Strategic and adaptive research in biotic stress tolerance, during which 18 institute-funded projects and six externally funded projects totalling Rs. 802.76 lakhs were conducted. Since April 2021, NIBSM has operated under a school-based model, with four schools: School of Crop Health Biology Research (CHBR), School of Crop Health Management Research (CHMR), School of Crop Resistance System Research (CRSR), and School of Crop Health Policy Support Research (CHPR). Twenty scientists in total, including the Director and Joint Directors, have been working to form multidisciplinary teams within the institution.

